सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
20.12.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | पौष, कृष्ण पक्ष, पंचमी संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 I वर्ष : 12 I अंक : 159

12 पूजा हेगड़े ने थलपति 69 का शेड्यूल शुरू किया

न्यूज डायरी

जमीन विवाद में सौतेले भाइयों ने ली भाई की जान

साहिबगंज। जमीनी विवाद में हुए खूनी जंग में सौतेले भाइयों ने अपने ही एक भाई को मार डाला। मारपीट में पांच लोग घायल हो गये। एक को गंभीर हालत में भागलपुर रेफर कर दिया गया है। ये हादसा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हाजीपुर दियारा पश्चिम का है।

मासूम स्कूली बच्चे से गंदी हरकत, वैन चालक धराया

रांची। चार साल के मासूम बच्चे के साथ गंदी हरकत के आरोप में पुलिस ने वैन चालक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार रांची के एक प्ले स्कूल में पढ़ने वाले 4 वर्षीय मासूम के साथ वैन चालक ने गंदी हरकत की। जानकारी होते ही परिजनों ने बीआईटी ओपी में शिकायत की दर्ज करायी। पुलिस ने 3 घंटे के अंदर उसे धर दबोचा।

तीसरी आंख

राहुल के खिलाफ धारा 109 में शिकायत दर्ज, कांग्रेस ने भी दर्ज कराया मामला

संसद परिसर में धक्का मुक्की, दो सांसद घायल

राहुल ने कहा- भाजपा सांसदों ने मुझे धमकाया, सियासत गरमायी

एजेंसी

नयी दिल्ली। संविधान पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सिर फुटव्वल होने की नौबत आ गयी। धक्का-मुक्की की घटना को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से दावे और बयानबाजी जारी है। इस घटना में ओड़िशा के बालासोर से भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और यूपी के फरुर्खाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी चोटिल हुए हैं। दोनों को अस्पताल में भरती कराना पड़ा। श्री सारंगी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गये। वहीं भाजपा की एक महिला सांसद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

भाजपा ने इस मामले में राहुल गांधी के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 109 में शिकायत दर्ज करायी। वहीं इस मामले में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जब वह संसद में जा रहे थे, तो कुछ भाजपा सांसदों ने मेन गेट पर उन्हें रोकने की कोशिश की और उन्हें धमकाया। इसके बाद धक्का-मुक्की हुई। कांग्रेस ने भी भाजपा सांसदों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। संसद परिसर में धक्का-मुक्की के आरोप के बीच देश की सियासत गरमा गयी है।

महिला सांसद का गंभीर आरोप : नगालैंड की भाजपा सदस्य फान्गनॉन कोन्याक ने राहुल गांधी पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया। इस संबंध में उन्होंने सभापति जगदीप धनखड़ को भी पत्र लिया।

(शेष पेज 11 पर)



घायल सांसदों से मिले मोदी

भाजपा सांसदों के साथ हुई धक्का-मुक्की और घायल होने की खबर प्रधानमंत्री को दी गयी। पीएम मोदी ने संसद परिसर में घायल भाजपा सांसदों प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत से फोन पर बात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा। उन्होंने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की। बाद में पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रहलाद जोशी ने अस्पताल पहुंचकर भाजपा सांसद प्रताप सारंगी से मुलाकात की।

नहीं चल सकी संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही

भाजपा ने हम पर हमला किया : खरगे-राहुल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि सत्ता पक्ष के सदस्यों ने संसद भवन परिसर में गृहमंत्री अमित शाह के बयान के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विपक्षी सदस्यों पर हमला किया। दोनों नेताओं ने कहा, यह सरकार का जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास है। बता दें कि संसद भवन परिसर में इंडिया ब्लॉक के नेता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब अंबडेकर के संदर्भ में की गयी टिप्पणी को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी नेता अमित शाह का इस्तीफा मांग रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन डॉ अंबडेकर की प्रतिमा से लेकर मकर द्वार तक किया जा रहा है।

घाटी में हिजबुल कमांडर समेत 5 आतंकवादी ढेर

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में गुरुवार को मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन के वरिष्ठ कमांडर समेत पांच आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों और पुलिस ने कुलगाम के कादर इलाके में आज सुबह संयुक्त अभियान छेड़ा। इसी दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलायी। दोनों पक्षों के बीच करीब दो घंटे तक चली मुठभेड़ में पांच आतंकवादी मारे गये। गोलीबारी में दो सैनिक घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारे गये आतंकवादियों में हिजबुल कमांडर फारूक अहमद भट उर्फ ??फारूक नाली शामिल है जो कुलगाम के देसचेन येमरिच का निवासी था। पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर सर्किल) ने नाली के मारे जाने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि 40 वर्षीय फारूक नाली 2015 से आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय था और कई हमलों में उसका हाथ था।

(शेष पेज 11 पर)

जवान भी घायल

चैंपियंस ट्रॉफी : भारत-पाक में सहमति, गतिरोध खत्म

दुबई। भारत और पाकिस्तान के बीच 2024 से 2027 तक चैंपियंस ट्रॉफी और आईसीसी स्पर्धाओं के लिए हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बन गयी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के गतिरोध को समाप्त हो गया है और भारत और पाकिस्तान ने हाइब्रिड मॉडल पर सहमति व्यक्त की है। दोनों पक्षों में हुए समझौते के तहत आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी स्पर्धा में भारत के मैच तटस्थ स्थल पर खेले जायेंगे। इसके बदले में भारत में आयोजित होने वाली आईसीसी स्पर्धाओं में भारत के साथ पाकिस्तान के मैच भी तटस्थ स्थल पर होंगे।

बारिश के बाद घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी

रांची। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश के बाद राज्य में घने कोहरे की चपेट में रहेगा। इसे लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। शनिवार की सुबह राजधानी रांची समेत गुमला, पलामू, चतरा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, गढ़वा, पलामू और रामगढ़ में कोहरा रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण शुक्रवार को राज्य के दक्षिणी भागों में आंशिक बादल छाये रहने और कहीं-कहीं पर हल्की बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां में बारिश हो सकती है।

केंद्र से मनरेगा का बकाया लिया जाएगा एवं अबुआ आवास योजना को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा : दीपिका पांडे

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने गुरुवार को विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक एफएफपी बिल्डिंग में की। समीक्षा बैठक के बाद दीपिका पांडे ने बताया की झारखंड की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं पर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। अब वह आवास योजना 2023-24 में स्वीकृत आवास जिनके ढलाई तक काम हो गया है उनका थर्ड इंस्टॉलमेंट जारी करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया ताकि समय पर घर का निर्माण किया जा सके। बैठक में यह बात भी सामने आई कि लोग अब पीएम आवास योजना में रुचि कम ले रहे है, क्योंकि अबुआ आवास योजना तीन कमरों का है, ऐसे में पीएम आवास से कैसे राज्य के ग्रामीण आवास ले इस पर भी चर्चा की गई।

बैठक में यह बात सामने आई है कि मनरेगा में बड़ी राशि केंद्र के पास बकाया है जो मजदूरों को मजदूरी के रूप में आवंटित करना है, कई दफा बकाया मजदूरी की मांग भारत सरकार से की गई है लेकिन अभी तक यह मिला नहीं है, ऐसे में या निर्णय लिया गया कि इस संबंध में जल्द ही भारत सरकार से बकाया मजदूरी का पैसा लेने के लिए आवाज को बुलंद किया जाएगा। ताकि गरीब मजदूरों को उनके काम के बदले पैसा समय पर मिल सके। मंत्री ने बताया कि जेएसएलपीएस से कैसे आजीविका संवर्धन को बढ़ाया जाए इस पर विस्तृत चर्चा की गई महिलाओं को रोजगार देने के माध्यमों को और बढ़ाया जाएगा।

समीक्षा बैठक में ग्रामीण विकास ग्रामीण कार्य और पंचायती राज विभाग के पदाधिकारी को भी कई निर्देश दिए गए। ग्रामीण सड़क निर्माण सहित अन्य योजनाओं का काम समय पर पूरा करने को कहा गया। अधिकारियों को 5 वर्ष की योजना बनाकर काम करने को कहा गया। समय पर और सुचारू रूप से काम करने का स्पष्ट निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि यदि कोई समय पर काम नहीं करता है तो उन पर तुरंत कार्रवाई होगी और अगर शिकायत मिलता है तो स्पष्टीकरण तुरंत पूछा जाएगा। संतुष्ट नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में पंचायती राज संस्थाओं को भी सशक्त करने पर चर्चा हुई। विभाग की समीक्षा बैठक में ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय बरनवाल सहित विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

राहुल ने अपने आचरण से लोकतंत्र को किया तार-तार : संजय सेठ

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरूवार को लोकतंत्र की गरिमा को तार तार कर दिया। उन्होंने संसद परिसर में जिस तरह भाजपा के वरिष्ठ सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत के साथ धक्का मुक्की कर उन्हें चोटिल किया गया। यह लोकतंत्र को तार-तार करने वाली घटना है। उन्होंने इस घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी निराशा और हताश में है। यह वही लोग हैं जो संविधान को नहीं मानते हैं। राहुल गांधी ने आज सभी मयार्दाओं का हनन किया है। भारतीय संसदीय में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। कांग्रेस और राहुल गांधी का चाल, चरित्र और चेहरा, देश के सामने आ चुका है।

सीयूजे और राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान मुंबई के बीच करार

रांची। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग की पहल पर सीयूजे और एनआईएसएम के बीच एलओयू पर हस्ताक्षर हुआ है। यह करार सीयूजे के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को प्रतिभूति बाजारों के बारे में बेहतर जानकारी विकसित करने में मदद करेगा। एलओयू का मुख्य फोकस प्रमाणन पाठ्यक्रम, एफडीपी, शैक्षणिक भ्रमण और विभिन्न शैक्षणिक एवं शोध गतिविधि पर केंद्रित हैं। सहमति पत्र पर सीयूजे के कुलसचिव के। कौशल राव और संजीव बजाज, महाप्रबंधक, एनआईएसएम ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सीयूजे के कुलपति प्रोफेसर क्षिति भूषण दास, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के डीन प्रोफेसर अरुण कुमार पाढ़ी तथा व्यवसाय प्रबंधन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ नितेश भाटिया भी उपस्थित थे।

झारखंड में कृषि विभाग करेगी 10 बीज ग्राम की स्थापना : शिल्पी नेहा

झारखंड में बीज उत्पादन के लिए 10 गांवों के साथ हुआ एमओयू

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में कृषि विभाग 10 बीज ग्राम की स्थापना करेगा। इसका मुख्य उद्देश्य उन्नत बीज उपलब्ध कराना और राज्य में बीज की कमी को दूर करना है। इसके लिए पश्चिम सिंहभूम, चतरा और लातेहार के 10 गांवों के साथ गुरुवार को टडव (समझौता पत्र) पर हस्ताक्षर किए गए। यह जानकारी कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची के हेसाग स्थित पशुपालन भवन में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान दी।

राज्य में हमेशा बीज की कमी रही है : मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में हमेशा अच्छे बीज की कमी रही है और डिमांड के अनुसार बीज उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग ने 10 अलग-अलग गांवों को बीज ग्राम के तौर पर विकसित करने का निर्णय लिया है। इन गांवों के किसानों द्वारा तैयार बीज को सरकार खरीदेगी और उसे राज्य के अन्य किसानों को तय सब्सिडी दर पर वितरित करेगी।

1400 किसानों के खातों में डीबीटी से भेजे गये पैसे : समीक्षा बैठक के दौरान, मडुवा उत्पादन करने वाले राज्य के 1400 किसानों के खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से 3,000 रुपये प्रति एकड़ की राशि भी भेजी गई। राज्य सरकार मडुवा की खेती करने वाले किसानों को यह राशि प्रदान करती है। विभाग ने पंचायत स्तर पर इसकी मैपिंग भी की है। मंत्री ने यह भी बताया कि विभाग कृषि उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को मजबूत करने के प्रयास में है। इसी कड़ी में लोहरदगा के एफपीओ को 15 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है। बैठक के दौरान केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर भी चर्चा की गई और योजनाओं को तेजी से लागू करने के लिए अधिकारियों को कई निर्देश दिये गये।

बाबा साहेब का अपमान लोकतंत्र के पीठ में खंजर घोंपने के समान : केशव

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में देशरत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर किए गए अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में विरोध मार्च निकालकर अल्बर्ट एक्का चौक पर अमित शाह का पुतला दहन किया गया।

मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि संविधान भारत के लोकतंत्र की आत्मा है, जिसके शिल्पकार बाबा साहब हैं। ऐसे महान विभूति को अपमानित करना लोकतंत्र के पीठ में खंजर घोंपने के समान है। भाजपा देश के नागरिकों के वर्तमान संविधान को समाप्त कर आरएसएस के विचारको द्वारा तैयार संविधान को लागू करना चाहती है। इसी कड़ी में बाबा साहब का अपमान कर उसकी भूमिका तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरएसएस के निदेर्शों पर चलने वाली भाजपा अपने जन्म काल से ही देश के संविधान और तिरंगे की घोर विरोधी रही है।

देशरत्न भीमराव अंबेडकर के अपमान के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस ने विरोध मार्च निकालकर अमित शाह का पुतला दहन किया

इस स्थिति में बीजेपी संविधान के जनक का सम्मान कैसे कर सकती है। अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान ही नहीं किया बल्कि समस्त दलित समुदाय सहित करोड़ों देशवासियों के आत्म सम्मान पर गहरी चोट की है। श्री कमलेश ने कहा कि दलित समुदाय का वोट प्राप्त करने के लिए सिर्फ चुनाव के समय दलितों के हितों की बात करने वाली भाजपा के दोहरे चरित्र का खुलासा हो गया है। अमित शाह को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस संविधान और दलित-पिछड़ों के साथ देश के हर वर्ग-समाज के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कृत संकल्प है।

कार्यक्रम में ये नेता थे शामिल

पुतला दहन एवं विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, राजीव रंजन प्रसाद, रविंद्र सिंह, लाल किशोर नाथ शाहदेव, आभा सिन्हा, अमूल्य नीरज खालको,आलोक कुमार दूबे, सोनाल शांति, केदार, कमल ठाकुर, रियाज अंसारी, राजूराम, डॉ राजेश गुप्ता, अभिलाष साहु, राजन वर्मा, वशिष्ठ लाल पासवान, केके गिरि, नेली नाथन, डॉ राकेश किरण महतो, डॉ कुमार राजा, हुसैन खान, योगेन्द्र सिंह बेनी, नीतू देवी, सत्यनारायण सिंह, मुन्नम संजय,अनुकूल मिश्रा, बबलू शुक्ला, कृष्णा सहाय, रश्मि चन्द्र पिंगुआ, संजीव महतो, हर्ष कालिंदी, आंनद, फिरोज रिज्वी, खुशबू नायक, मो सफार, राजीव चौधरी, संजय कुमार, अजय सिंह, आशुतोष पाठक, पुजा देवी, ममता साहु, छोटू सिंह, जगरन्नाथ साहु आदि सैकड़ो कांग्रेसजन शामिल थे।

बाबा साहेब की प्रतिमा के सामने माफी मांगे केंद्रीय गृह मंत्री : बन्ना

रांची। राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर पर की गई अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी आलोचना की हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि देश के संविधान को बदलने को आतुर भाजपा ने साबित कर दिया कि वो संविधान को नहीं मानती और संविधान बदलने के लिए किसी भी हद तक जा सकती हैं। पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सिर्फ बाबा साहब अंबेडकर जी का अपमान नहीं किया, बल्कि देश के संविधान निमार्ता और एक महान पुरुष का भी अपमान किया है। उन्होंने कहा कि अमित शाह के बयान से भाजपा कि दलित और पिछड़ा विरोधी नीति का सच सामने आ गया हैं। बाबा साहब अंबेडकर जी ने सिर्फ संविधान का निर्माण नहीं किया, बल्कि हर शोषित, वंचित और गरीबों के लिए भी देश में भूमिका और हिस्सेदारी तय की। उन्होंने हर जाति और धर्म को सम्मान दिलाया। लेकिन देश को बांटने वाली, गंगा जमुना मजहबी संस्कृति को खत्म करने को आतुर भाजपा ने बाबा साहब जी का अपमान कर पूरे देश की संवैधानिक व्यवस्था का अपमान करने का कार्य किया है।

न्यायालय श्रीमान् अनुमण्डल दण्डाधिकारी, बेरमो मु० तेनुघाट जिला- बोकारो (झारखण्ड)

शपथ पत्र

मैं करिना देवी KARINA DEVI, **पति- संतोष रजवार, उम्र लगभग 22 वर्ष, निवास ग्राम-उत्तात्तारा, पोस्ट- उत्तासारा, थाना-पेटरवार, जिला बोकारो, राज्य झारखण्ड शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि:-**

1. यह कि मेरी राष्ट्रीयता भारतीय है।

2. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या- 6270 7753 4909 में मेरा नाम करिना देवी KARINA DEVI **दर्ज है जो सही व वास्तविक हैं।**

3. यह कि बैंक ऑफ इंडिया शाखा केदला 15 नं: झारखण्ड कोलियरी, जिला- बोकारो में मेरा एक बचत खाता है जो शादी के पूर्व में खोलवाये थे जिसका खाता संख्या- 486518210000036 है, जिसमें मेरा नाम KARINA KUMAR दर्ज है।

4. यह कि करिना देवी KARINA DEVI, एवं KARINA KUMAR दोनो नाम एक ही महिला का है जो में स्वयं हूँ।

5. यह कि यह शपथ पत्र में अपने उक्त बचत खाता संख्या- 486518210000036 में अपने दर्ज गलत नाम- KARINA KUMAR के स्थान पर सहीं वो वास्तविक नाम करिना देवी KARINA DEVI दर्ज करने हेतु यह शपथ पत्र बना रही हूँ।

6. यह कि उपरोक्त बाते मेरे कहने पर लिखी गई है जो सहीं व सत्य है अगर गलत पाये जाने पर मेरे विरूद्ध सुंगत धाराओं में कार्यवाही किया जा सकती है।

करीना देवी

183

10/12/2024

हेमंत सरकार बकाये के नाम पर छुपाना चाहती है अपनी विफलता : बाबूलाल मरांडी

1.36 लाख करोड़ के दावे पर मरांडी ने मुख्यमंत्री से पूछे सवाल

दोषी को कठोर सजा दिलायें

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर फिर निशाना साधा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल पूछते हुये कहा कि जनता को बकाये से संबंधित सच्चाई जानने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि झारखंड के 1.36 लाख करोड़ कोयला रॉयल्टी के दावे पर जनता को सच्चाई जानने का हक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल पूछा कि सरकार बताये कि यह बकाया किस-किस साल का है और किस किस योजना-परियोजना का है। उन्होंने कहा कि 1.36 लाख करोड़ की राशि का आधार क्या है। उन्होंने कहा कि यूपीए शासनकाल और शिबू सोरेन जी के कोयला मंत्री रहते हुये कितनी राशि वसूली गई थी। उन्होंने कहा कि सही दस्तावेज और तथ्यों को पारदर्शिता के साथ सामने रखें तब बात करें। उन्होंने कहा कि झारखंड और झारखंडियों के हर अधिकार के लिये भाजपा खड़ी है। लेकिन, झूठे आंकड़े और फर्जी दावे बर्दाश्त नहीं होंगे। सच्चाई पर चलियेगा तो हम हर हमेशा सहयोग के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि बकाया का हौव्वा खड़ा कर कहीं राज्य सरकार जानबूझकर आगे मंईयां सम्मान योजना की राशि देने में विफलता के दोषारोपण की भूमिका तो तैयार नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि झूठी राजनीति छोड़कर झारखंड के असली मुद्दों पर ध्यान देना राज्य सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिये।

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चाईबासा में नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म और फिर ईलाज के दौरान उसकी मौत पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार बहन बेटियों की सुरक्षा करने में असफल है। यह सरकार महिला सम्मान का केवल दिखावा ढोंग करती है। उन्होंने कहा कि चाईबासा में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना और ईलाज के दौरान पीड़िता के निधन की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। उन्होंने कहा कि झारखंड में महिलाओं के खिलाफ हैवानियत की हदें पार हो चुकी है। ऐसे जघन्य कृत्य को रोकने की बजाय हेमंत सोरेन की सरकार अपनी नाकामी छुपाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उक्त मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजकर आरोपी को कठोरतम सजा दिलाने की पहल करें साथ ही, महिला मंत्री, पुलिस पदाधिकारी और कल्याण विभाग के निदेशक को पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी लेने और उचित सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित करें।

खबर एक नजर में

राहुल गांधी मामले में सुनवाई टली

रांची। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े मोदी सरनेम टिप्पणी मामले में शिकायतकर्ता को अदालत में सबूत प्रस्तुत करना है। आरोप तय होने के बाद शिकायतकर्ता को सबूत प्रस्तुत करने का निर्देश अदालत ने दे रखा है। मानहानि केस में गुरुवार को सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। लेकिन, सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 17 जनवरी निर्धारित की है। राहुल गांधी पर 6 जुलाई को आरोप तय किया गया था। मामले की सुनवाई रांची के एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में हो रही है। मालूम हो कि हाईकोर्ट से राहुल गांधी को इस मामले में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्राप्त है। मोदी सरनेम पर टिप्पणी को लेकर लालपुर थाना क्षेत्र निवासी अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने सिविल कोर्ट रांची में 23 अप्रैल 2019 में शिकायतवाद;केस संख्या 1993/19 दर्ज कराया था। शिकायतकर्ता ने याचिका में कहा है कि राहुल गांधी की इस टिप्पणी से पूरे मोदी समाज का अपमान है। इस टिप्पणी से मोदी समाज आहत है। इसलिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाये। संबोधन में राहुल गांधी ने कहा था मोदी नाम वाले सभी चोर होते हैं।

बाबा साहेब अंबेडकर पर गृहमंत्री की टिप्पणी निंदनीय: सीपीएम

रांची। सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा है कि राज्यसभा में संविधान के 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित चर्चा के दौरान देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर की गई अपमानजनक टिप्पणी की सीपीएम भर्त्सना करता है। गृहमंत्री द्वारा की गयी इस टिप्पणी से पूरे देश के लोग आक्रोशित हैं। क्योंकि संसद में जिस संविधान पर चर्चा हो रही थी डॉ अंबेडकर उसके निमार्ता थे। यह टिप्पणी अमित शाह के मनुवादी सोच को बेनकाब करता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अमित शाह के बचाव में यह कहना कि यह उनके द्वारा अचेतन में कहा गया है कोई मायने नहीं रखता है। इसलिए उन्हें कोई अधिकार नहीं है कि वे गृह मंत्री के पद पर बैठे रहें।

सिर्फ 12 हजार के विवाद में हुई थी मोती नायक की हत्या

रांची। सिर्फ 12 हजार रुपए के विवाद को लेकर मोती नायक नामक युवक को मौत के घाट उतारने के आरोप में ट्रायल फेस कर रहा छह अभियुक्तों को अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को दोषी करार दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 21 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। अदालत ने दो साल पुराने हत्या मामले में छतीश्वर लोहरा उर्फ मटलू, मानक करमाली, बीरबल लोहरा, रवि लोहरा, शिवलाल लोहरा एवं बसंत लोहरा को दोषी पाया है। घटना को लेकर मृतक के पिता खुदील नायक ने 19 सितंबर 2022 को ठाकुरगांव थाना में अपहरण को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बाद में उसकी लाश मिली थी। त्रिपुरा के ईट भट्ठे में काम पर ले जाने के लिये अभियुक्तों ने मोती नायक को एडवांस के तौर पर 12 हजार रुपये दिये थे। दो माह बीत जाने के बाद भी मोती काम पर जाने को तैयार नहीं हो रहा था। इससे आक्रोशित आरोपियों ने मोती का अपहरण कर हत्या कर दी और शव को खेत में दफना दिया था। आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने दंडाधिकारी सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी के उपस्थिति में मोती नायक का शव खेत से निकालकर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेजा था।

जमीन दलाल अफसर अली की तीसरी बार जमानत याचिका खारिज

रांची। सेना के कब्जेवाली भूमि की अवैध तरीके से खरीद.बिक्री मामले में जमीन दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली उर्फ अफ्शू खान तीसरी बार झटका लगा है। अदालत ने तीसरे मामले में भी जमानत देने से इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पर गुरुवार को अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के पश्चात अदालत ने याचिका खारिज कर दी। वह बरियातू थाने में दर्ज मामले में चार्जशीटेड है। उसी मामले में जमानत की गुहार लगाते हुये 17 दिसंबर को याचिका दाखिल की थी। सेना के कब्जे वाली जमीन मामले में फर्जी पोजेशन लेटर दिखाकर दो.दो होल्डिंग लेने के मामले में बरियातू थाना में 2022 में प्रदीप बागची के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जांच के दौरान अफसर अली का नाम आया है। अफसर अली मनी लाउंड्रिंग के दो मामले समेत तीन मामलों में चार्जशीटेड है।

तत्कालीन खनन निदेशक इंद्रदेव पासवान ने सीबीआई कोर्ट में किया सरेंडर

रांची। सीबीआई की विशेष कोर्ट में तत्कालीन खनन निदेशक इंद्रदेव पासवान ने सरेंडर कर दिया। इसके बाद अदालत ने उन्हें सशर्त बेल दे दी। कोर्ट ने उन्हें 25-25 हजार के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। उनपर वर्ष 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप है। आरोपी की ओर से अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने बहस की। दरअसल, उषा मार्टिन कंपनी को 2005 में पश्चिमी सिंहभूम जिले के घाटकुरी में एक लौह अयस्क खदान आवंटित की गयी थी। इसमें कथित रूप से भ्रष्टाचार हुआ था। आईएएस अरुण कुमार सिंह उस वक्त खनन विभाग के सचिव थे और इंद्रदेव पासवान खनन निदेशक थे। सीबीआई की दिल्ली इकाई ने कथित आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत में 220/2016 में एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी में उषा मार्टिन के प्रमोटरों और खनन विभाग के अधिकारियों को आरोपी बनाया गया था। प्राथमिकी में कहा गया था कि खदान के आवंटन के लिये केंद्र सरकार को जो शिफारिश भेजी गयी थी, उसमें राज्य सरकार की तरफ से अधिकारियों ने कथित रूप से उषा मार्टिन के पक्ष में पक्षपात किया था। कंपनी ने कथित तौर पर वादा किया था कि वह हाट गम्हरिया में स्थित अपने इस्पात संयंत्र में लौह अयस्क का उपयोग करेगी। कंपनी ने राज्य सरकार को एक अंडरटैकिंग भी दिया था। सीबीआई ने आरोप लगाया कि कंपनी बाद में यह कहते हुये इस बात से मुकर गयी कि कैबिनेट नोट में इसका कोई विशेष जिक्र नहीं था।

राज्य सरकार ने दिया दिसंबर माह का वेतन देने का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड सरकार ने क्रिसमस पर्व के मद्देनजर सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। राज्य सरकार ने 19 दिसंबर से ही दिसंबर माह का वेतन एडवांस में जारी करने का आदेश दिया है। वित्त विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक निर्देश जारी कर दिया है।

किन-किन को मिलेगा लाभ : सरकार के इस फैसले का लाभ झारखंड सरकार के सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी, राज्यपाल सचिवालय, विधानसभा सचिवालय और झारखंड उच्च न्यायालय के पदाधिकारी और कर्मियों को मिलेगा। वेतन भुगतान की प्रक्रिया 19 दिसंबर से शुरू कर दी गई है।

क्रिसमस की तैयारियों में मिलेगी मदद : झारखंड सरकार का यह कदम कर्मचारियों को क्रिसमस और नए साल के त्योहार को बेहतर ढंग से मनाने में मदद करेगा। दिसंबर का एडवांस वेतन मिलने से कर्मचारी अपनी आर्थिक जरूरतों को समय पर पूरा कर पाएंगे।

वित्त विभाग ने दिए सख्त निर्देश : वित्त विभाग ने सभी विभागों को सख्त निर्देश दिया है कि वे तय समय में वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूरी करें। इस फैसले को लागू करने के लिए आवश्यक बजट का आवंटन पहले ही सुनिश्चित कर दिया गया है।

क्रिसमस के नजदीक आते ही सजने लगा 'क्रिसमस बाजार'

डेढ़ से आठ फुट तक के क्रिसमस ट्री इलेक्ट्रॉनिक सांता क्लॉज भी उपलब्ध

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। क्रिसमस के पास आते ही बाजार सजने लगे हैं। वहीं ईसाई समुदाय के लोगों ने चर्च सहित घरों में तैयारियां शुरू कर दी हैं। साफ-सफाई के साथ ही सजावटें होने लगी हैं। त्योहार के लिए कार्यक्रमों की योजनाएं बनाई जा रही हैं। शहर के मुख्य क्रिसमस बाजार पुरूलिया रोड के मार्केट क्रिसमस के सामानों से पटने लगे हैं। दुकानदारों ने क्रिसमस ट्री, सांता क्लॉज के पुतले व कपड़े, लाइटें, सुनहरी बॉल आदि सजा दिये हैं। डेढ़ से लेकर आठ फुट तक के क्रिसमस ट्री उपलब्ध हैं। बच्चों के विशेष आकर्षण का केंद्र सांता क्लॉज की ड्रेस विभिन्न साइज व प्रकार में मिल रही हैं। कुछ दुकानों पर तो इलेक्ट्रॉनिक सांता क्लॉज उपलब्ध हैं। सजावट पर खास ध्यान दिया जा रहा है। शहर के सभी चर्चों को सजाया जा रहा है।

अपर पुलिस महानिदेशक ने की सड़क सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक, दिये कई दिशा निर्देश

जागरूकता अभियान के साथ यातायात नियमों का पालन करायें

- **दिसम्बर व जनवरी माह में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के भी दिये गये निर्देश**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान), झारखण्ड की अध्यक्षता में धनंजय कुमार सिंह पुलिस उप-महानिरीक्षक (सड़क सुरक्षा कोषांग) जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट, दीपक कुमार, तैयब हुसैन, शाश्वत कुमार सिन्हा, की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक एवं सभी वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक से सड़क सुरक्षा से संबंधित विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिलावार घटित सड़क दुर्घटनाओं की विवेचना सहित चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स एवं अन्यत्र स्थानों में एमवी एक्ट के तहत की गई कार्रवाई के साथ ही सभी थानों में फर्स्ट एड किट, ब्रेथ एनालाइजर, स्पीड गन मीटर उपलब्धता एवं प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों की संख्या की समीक्षा की गई। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश के साथ समाज में यातायात संबंधी नियमों का पालन करने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त माह दिसम्बर व जनवरी माह में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु निर्देश भी दिये गये।

बैठक में लिए गए निर्णय

विधिवत सभी वल्नरेबल स्पॉट, ब्लैक स्पॉट पर अतिरिक्त सुरक्षा व संरक्षा की पहल सुनिश्चित की जाये। शराब का सेवन कर वाहन चलाने, हेलमेट न पहनने एवं सीट बेल्ट न लगाने वालों के विरुद्ध विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाये। ब्रेथ एनालाइजर, स्पीड गन तथा अन्य उपकरणों का अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित की जाये। बगैर सीट बेल्ट, शराब का सेवन कर वाहन चलाने, ओवर स्पीडिंग, लेन जंपिंग जैसी अनियमितता तथा अपराध को रोकने के लिए विधिवत अभियोजन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाये।

डीजीपी से मांग : स्कूल में छुट्टी के वक्त सादे लिबास में तैनात रहें पुलिस के जवान : उज्जवल तिवारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी में हाल ही में एक बच्ची के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना के बाद झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग भी सक्रिय हो गया है। आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी ने गुरुवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात कर पांच मांगों से संबेधित एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने डीजीपी से अनुरोध किया कि स्कूलों की छुट्टी के समय सादे लिबास में महिला और पुरुष पुलिस बल की तैनाती की जाए।

उज्जवल तिवारी ने डीजीपी अनुराग गुप्ता से बच्चों की सुरक्षा से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी गंभीरता से विचार करने का अनुरोध किया। डीजीपी ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

एनएसयूआइ ने गृहमंत्री का पुतला फूंका

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में एनएसयूआइ (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) ने गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर गृहमंत्री अमित शाह का पुतला जलाकर संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर का सांसद भवन में अपमान किए जाने के खिलाफ विरोध प्रकट किया।

एनएसयूआइ के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने इस मौके पर कहा कि यह देश बाबा साहब का देश है, नाथूराम गोडसे का नहीं। उनका अपमान करना संविधान का अपमान है। यह देश संविधान से चलेगा, मनुस्मृति से नहीं। इसलिए देश के गृहमंत्री को माफी मांगनी चाहिए। विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआइ के कई वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष विनय ओरण, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा, नसीम रजा, प्रदेश महासचिव वजाहत, प्रदेश सचिव हुसैन अंसारी, आकाश कुमार, शम्स बेलाल, अंकिता शेखर, सरवर, सरफराज, गुलशन, अरुण दास, आर्यन, रोहित, नितेश, सन्नी आदि शामिल थे।

डॉ आंबेडकर के अपमान के खिलाफ राजद ने गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका

- **नेताओं ने अमित शाह के बयान की भर्त्सना करते हुए इस्तीफा देने की मांग की**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान लोकतंत्र के मंदिर राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा किया गया। जिसके विरोध में युवा राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा रांची के शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर अमित शाह का पुतला दहन कर जोरदार विरोध किया गया। नेताओं ने अमित शाह के बयान की भर्त्सना करते हुए देश से माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग की। नेताओं ने कहा कि बीजेपी के दिल में छुपे हुए गोलवलकर और सावरकर बाहर आ गया है। अमित शाह के बयान से भाजपा का असली चाल, चरित्र,और चेहरा उजागर हो गया। भाजपा ने हमेशा से देश के विभुतियों का अपमान करने का काम किया है।

नेताओं ने कहा कि इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में यह बोलकर अपमान किया था कि गांधी जी को कोई नहीं जानता था। एक फिल्म आई जिससे लोग गांधी जी जानने लगे। संघ और भाजपा ने कभी भी संविधान को नहीं माना है। इन लोग का हमेशा से मंशा रही है कि संविधान, लोकतंत्र को खत्म कर मनुस्मृति लागू किया जाएं। ये लोग ना संविधान को सम्मान करते हैं, ना राष्ट्रध्वज तिरंगा का इसलिए 52 वर्षों तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने हेडक्वार्टर में तिरंगा नहीं लहराया था। नेताओं कहा कि अमित शाह का देश से माफी मांगने तक विरोध प्रदर्शन चलता रहेगा। पुतला दहन कार्यक्रम का अध्यक्षता रांची के जिला अध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव उपस्थित रहें।

पुतला दहन कार्यक्रम में अनीता यादव, जफीर खान, सुधीर गोप, इरफान अंसारी, धर्मेंद्र महतो, गुलजार अंसारी, क्षितिज मिश्रा, गायत्री देवी, रवि जायसवाल, धर्मेंद्र सिंह,अभिराज राय, गुलशन खातून, उर्मिला सोरेंग, सलीम जावेद, लालबाबू रजक, राजेश यादव, फरहान खान, सुमित यादव, नीलांबर यादव, अर्जुन यादव, मनोज अग्रवाल, मनोज पाण्डेय, कमलेश यादव, दीपक यादव, अब्दुल गफ्फार अंसारी, शैलेन्द्र शर्मा, संतोष, रवि समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

सीआइटी में पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता वर्चस्व 24 शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में गुरुवार को पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता वर्चस्व 2024 का उद्घाटन हुआ। प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्पोर्ट्स मीट का उद्घाटन किया।

मौके पर कैंब्रिज ट्रस्ट की संयुक्त सचिव डॉ पल्लवी सिंह, उप प्राचार्य प्रो. रसिका नवनीत सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, प्रो इंचार्ज स्पोर्ट्स प्रो प्रशांक मनी, डॉ नैयर मुमताज, डॉ आलोक कुमार सिंह, प्रो विनोद महतो आदि शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे। मालूम हो कि पांच दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के दौरान बैडमिंटन, कैरम बोर्ड, शतरंज, टेबल टेनिस, डॉट्स, फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केट बॉल, वॉलीबाल, डिस्कस थ्रो, खोखो आदि खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिता का समापन 23 दिसंबर को होगा।

अंडरस्टैंडिंग इंडिया पुस्तक सभी विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए अति उपयोगी और प्रासंगिक : डॉ तपन कुमार शांडिल्य

- **डीएसपीएमयू में वीसी ने किया अंडरस्टैंडिंग इंडिया पुस्तक का लोकार्पण**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कुलपति के द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा ही संयुक्त तौर पर लिखी गई पुस्तक अंडरस्टैंडिंग इंडिया का कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के द्वारा लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि यह पुस्तक सही मायनों में इस लिए काफी महत्वपूर्ण और उपयोगी हो जाती है क्योंकि न सिर्फ यह पुस्तक नई शिक्षा नीति के अंडरस्टैंडिंग इंडिया सिलेबस को हूबहू ध्यानगत करते हुए लिखी गई है, बल्कि इसके प्रत्येक खंडों का लेखन कार्य उस खंड विशेष के विषय से संबंधित विशेषज्ञ प्राध्यापकों के द्वारा किया गया है। यह इस बात से और अधिक प्रमाणित होती है कि कुल 5 इकाइयों या खंडों में विभाजित इस पुस्तक के लेखन कार्य में लगभग 15 विषय विशेषज्ञों ने पूरी तरह से राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अंतर्गत सेमेस्टर पद्धति पर आधारित चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के अंतर्गत अंडरस्टैंडिंग इंडिया के परीक्षा प्रारूप को ध्यानगत रखते हुए सामूहिक तौर पर लेखन कार्य किया।

कुलपति ने इस पुस्तक की अन्य एक प्रमुख विशेषता का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक अध्याय के अंत में उस अध्याय विशेष से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का संग्रह इसे अन्य पुस्तकों के समूह से अलग और विद्यार्थियों के लिए अधिक प्रासंगिक बनाती है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए अति उपयोगी और लाभकारी होगी और ऐसा मेरा विश्वास है कि यह पुस्तक इस विषय पर लिखी गई अन्य पुस्तकों से अलग हटकर विद्यार्थियों के लिए उपयोगी होगी। गौरतलब है कि अंडरस्टैंडिंग इंडिया यानि भारत बोध पुस्तक के मुख्य संपादक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य है और संपादक के तौर पर डॉ मृत्युंजय कुमार है। यह पुस्तक शिक्षा सागर, आगरा के द्वारा प्रकाशित और वितरित की गई है। मौके पर इसके प्रकाशक राघवेंद्र शर्मा और नरेंद्र उपाध्याय भी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

बीआइटी मेसरा में फार्मास्युटिकल कोक्रिस्टलाइजेशन पर कार्यशाला शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बीआईटी मेसरा के फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी विभाग की ओर से गुरुवार को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय था-फार्मास्युटिकल कोक्रिस्टलाइजेशन फॉर टेलरिंग फिजिकोकेमिकल प्रॉपर्टीज। यह कार्यशाला एसईआरबी-सीआरजी परियोजना की एसएसआर नीति के तहत आयोजित की गई है। कार्यशाला में 15 शोधकर्ता और 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसे एक व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया।

यह कार्यशाला एसईआरबी-सीआरजी परियोजना के अंतर्गत प्रायोजित और वित्त पोषित है, जिसका विषय एसजीएलटी-2 इनहिबिटर की कमजोर भौतिक और रासायनिक विशेषताओं को डीपीपी-4 इनहिबिटर के साथ ड्रग-ड्रग को क्रिस्टलाइजेशन द्वारा सुधारना और उनके संबंधित सह-प्रशासित दवाओं के साथ तुलनात्मक फामाकोकाइनेटिक अध्ययन है।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि बीआईटी मेसरा के फैकल्टी अफेयर्स के डीन डॉ अशोक शेरोन थे। इस अवसर पर डॉ शेरोन ने ऐसी कार्यशालाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ये शोधकताओं को सशक्त बनाने और फार्मास्युटिकल विज्ञान में नवाचार को बढ़ावा देने में सहायक हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को उन्नत तकनीकों और नवीन दृष्टिकोणों से अवगत होकर अपने वैज्ञानिक करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संदेश दिया।

कार्यशाला की चेयरपर्सन डॉ पापिया मित्रा मजूमदार ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उनसे सक्रिय भागीदारी और ज्ञान अर्जन के प्रति उत्साह बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यशाला के प्रिंसिपल को-ऑर्डिनेटर डॉ। अनिमेष घोष ने प्रतिभागियों को कार्यशाला की विस्तृत रूपरेखा और उद्देश्यों से अवगत कराया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को क्रिस्टल इंजीनियरिंग और इसके फार्मास्युटिकल अनुप्रयोगों में गहन समझ प्रदान करना है। कार्यशाला के दौरान उभरतेरु झानों, डेटा अधिग्रहण और पीएक्सआरडी, डीएससी और टीएजी जैसे उन्नत चरित्रांकन तकनीकों पर सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

पहले दिन प्रतिभागियों ने इंटरएक्टिव डिस्कशन और प्रैक्टिकल डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से समृद्ध अनुभव प्राप्त किया। दूसरे दिन, कार्यशाला में और अधिक संवादात्मक सत्र होंगे, जो समापन समारोह और प्रमाण पत्र वितरण के साथ समाप्त होगा।

मोरहाबादी में राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्सव आज से

- **18 दिनी खादी महोत्सव का समापन करेंगे राज्यपाल**
- **मेले में पहली बार लगाये गये हैं 500 से अधिक स्टॉल**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी के मोरहाबादी मैदान में शुक्रवार से खादी मेला शुरू होगा। इसका उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और समापन राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगे। झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग तथा झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 का आयोजन हो रहा है। यह आयोजन 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक रांची के मोरहाबादी मैदान में किया जा रहा है। इसे लेकर गुरुवार को उद्योग विभाग की ओर से खादी बोर्ड की सीईओ सुमन पाठक और ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मीनाक्षी प्रकाश ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और समापन राज्यपाल द्वारा किया जायेगा। खादी एवं सरस महोत्सव सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। देशभर के विभिन्न राज्यों से स्टॉल लगाए गए है।

10 रुपए में मिलेगा प्रवेश

सीईओ सुमन पाठक ने बताया कि मेले के लिए 10 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। उद्घाटन समारोह में महोत्सव परिसर में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। वाहनों के लिए नगर निगम द्वारा पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेल्प डेस्क एवं सीसीटीवी लगाया गया है। वृद्धजनों के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है।

साबरमती थीम पर सजा खादी महोत्सव

सीईओ सुमन पाटक ने बताया कि खादी महोत्सव में इस बार महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम के थीम पर आयोजित किया गया है। कैंपस में विभिन्न प्रकार के स्टाल बनाए गए हैं। महोत्सव में जीवंत प्रदर्शनी और साबरमती आश्रम आकर्षण का केंद्र होगा। इसमें खादी संस्था, पीएमईजीपी, सरस, फुड स्टॉल, सरकारी स्टॉल लगाए गए हैं। इसमें 500 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न वर्गों और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किये जायेंगे। महोत्सव में प्रतिदिन कला एवं संस्कृति विभाग की तरफ से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूला आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा।

डीएसपीएमयू में सामने आया स्टूडेंट से छेड़खानी का मामला, एबीवीपी ने मैनेजमेंट से की शिकायत

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में एक छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। जूलॉजी विभाग की छात्रा ने पीएचडी स्कॉलर के ऊपर यह आरोप लगाया है कि विभाग की कई छात्राओं के साथ भी वह छेड़छाड़ करता है। छात्रा ने यह भी बताया कि आरोपी उसके निजी अंग को छूने का प्रयास करता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस मामले को विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने रखा और यह मांग की है कि जांच कमेटी बनाकर तीन दिनों के भीतर सच्चाई को सामने लायें एवं निष्पक्ष रूप से कार्रवाई करते हुए दोषी को कड़ी सजा दें, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा ना हो। एबीवीपी ने यह भी कहा कि अगर आरोपी पर लगाया गया आरोप सही पाया जाता है तो पुलिस प्रशासन को सूचित किया जाये।

मौके पर अभाविप झारखंड प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक आनंद कुमार, जिला संयोजक पवन नाग, इकाई अध्यक्ष सतीश केशरी, ऋतिक, शुभम, हर्ष सहित कई छात्र- छात्राएं भी उपस्थित थे।

स्कूल स्कोर कार्ड एवं सर्टिफिकेशन के लिए 23 और 24 दिसंबर को होगा राज्यस्तरीय निरीक्षण

स्कूल स्कोर कार्ड के प्रमाणीकरण का कार्य पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता एवं शुद्धता से करें : सचिव

- प्रत्येक जिले में निरीक्षण के लिए 13 स्कूल मैनेजर्स एवं राज्य शिक्षा परियोजना पदाधिकारियों की 24 सदस्यीय टीम बनाई गयी है

School Report Card - Scoring Framework				
Domain	Name of the Section	No. of Parameters	Total Score	Marks Obtained
Factors Affecting Learning Outcome (FALO) (Total Score-600)	Class Assessment (Questions provided by JCERT)			
	School Processes	15	150	
	Teachers and Teaching Processes	12	120	
	Active Classroom Environment	20	200	
	Learners and Learning	12	120	
General Upkeep and Infrastructure (Total Score-400)	School Safety and Infrastructure	11	110	
	Community based Intervention	4	40	
	Nutrition, Health and Hygiene	5	50	
	School Governance and Management	20	200	
	Total	100	1000	

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वावधान में राज्य में संचालित सभी 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और 325 प्रखंडस्तरीय आदर्श विद्यालयों के निरंतर विकास हेतु स्कोर कार्ड बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत पहले विद्यालय स्तर पर लेवल 1 में और फिर जिलास्तर पर लेवल 2 में विद्यालयों का 9 मापदंडों में मूल्यांकन किया जाना था। जिला स्तर पर मूल्यांकन संपन्न होने के बाद अब राज्यस्तरीय टीम द्वारा लेवल 3 में विद्यालयवार स्कोर कार्ड का स्थलीय निरीक्षण एवं विद्यालयों का अवलोकन करते हुए स्कोर कार्ड के प्रमाणीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके लिए राज्यस्तरीय टीम का गठन किया गया है, जो प्रथम चरण में राज्य के 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का दिनांक 23 दिसंबर, 2024 और दिनांक 24 दिसंबर, 2024 को निरीक्षण करेगी। प्रत्येक जिले में विद्यालयों के निरीक्षण के लिए 13 स्कूल मैनेजर्स एवं राज्य शिक्षा परियोजना पदाधिकारियों को मिलाकर कुल 24 सदस्यीय टीम बनाई गयी है। राज्यस्तरीय टीम के साथ स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव उमाशंकर सिंह ने गुरुवार को बैठक कर पदाधिकारियों को विद्यालयों के स्कोर कार्ड के प्रमाणीकरण को पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और शुद्धता से करने का निर्देश दिया। विभागीय सचिव ने कहा कि स्कोर कार्ड विद्यालय का दर्पण है, बेहतर स्कोर प्राप्त करने वाले विद्यालय समाज के लिए प्रेरणास्रोत होंगे। ऐसे में पूरी निष्पक्षता और विवेकशीलता से विद्यालयों का मूल्यांकन सुनिश्चित करायें। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान स्कूल द्वारा किये जा रहे प्रत्येक कार्यों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें, इसके बाद ही विद्यालयों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज के लिए प्रामाणित करें।

9 मापदंडों के आधार पर होगा विद्यालयों का प्रामाणीकरण : राज्य में संचालित 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और 325 आदर्श विद्यालयों का नौ मापदंडों के आधार पर प्रमाणीकरण होगा। विद्यालयों को 600 एवं 400 अंकों के दो प्रमुख वर्गों को मिलाकर 1000 अंकों के कुल 9 मापदंडों में अधिक अंक लाना होगा, तभी उन्हें गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज सर्टिफिकेट मिलेगा। जिन 9 सूचकांकों के आधार पर विद्यालयों का वर्गीकरण होगा उनमें कक्षा मूल्यांकन, स्कूल प्रक्रियाओं, शिक्षक एवं पठन पाठन, सक्रिय कक्षा वातावरण, विद्यार्थी और शिक्षा की गुणवत्ता, स्कूल सुरक्षा और बुनियादी ढांचा, समुदाय आधारित हस्तक्षेप, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता व स्कूल प्रशासन एवं प्रबंधन जैसे मापदंड शामिल हैं। जनवरी 2025 में वर्गीकृत विद्यालयों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को उच्च गुणवत्ता आधारित बुनियादी ढांचा और शिक्षक नियुक्ति विषयों में भी वरीयता मिलेगी।

खबर एक नजर में

संत जेवियर्स स्कूल के क्रिसमस सेलिब्रेशन में शामिल हुए राज्यपाल

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को संत जेवियर्स स्कूल, डोरंडा में क्रिसमस सेलिब्रेशन के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि क्रिसमस का पर्व न केवल प्रभु ईसा मसीह का जीवन प्रेम, करुणा और सेवा का संदेश देता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सच्ची खुशी दूसरों की सेवा और आत्मीयता में निहित है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। उन्होंने क्रिसमस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पर्व हमें सिखाता है कि चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों, सत्य, ईमानदारी और परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सच्ची सफलता व्यक्तिगत उन्नति में नहीं, बल्कि समाज और मानवता की सेवा में है। राज्यपाल ने संत जेवियर्स स्कूल, डोरंडा परिवार को क्रिसमस सेलिब्रेशन के सफल आयोजन और सभी को क्रिसमस व नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं।

शानदार रहा सरला बिरला विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट

रांची। इस वर्ष सरला बिरला विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार रहा है। प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एसबीयू के 13 विद्यार्थियों का चुनाव प्रतिष्ठित वैश्विक फर्म अर्न्स्ट एंड यंग ने किया है। एसबीयू के विद्यार्थी इस फर्म के तकनीकी और गैर तकनीकी दोनों पदों पर कार्य करेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी, परामर्श और सलाहकार सेवाएं देने में अग्रणी अर्न्स्ट एंड यंग दुनिया भर में 150 से भी ज्यादा देशों में अपनी सेवाएं प्रदान करती है। इस फर्म में काम करने से एसबीयू के विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर हासिल होगा। इस वर्ष टीसीएस, बिड़ला पेंट्स, श्याम स्टील,गोदरेज एंड बॉयस, एशियन पेंट्स, टीमकैन इंडिया, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, बजाज एलियांज, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल, एचडीएफसी बैंक, वोडाफोन आइडिया, श्री सीमेंट, इंडिया मार्ट, एवरेस्ट इंडस्ट्रीज, आदित्य बिरला सनलाइफ इत्यादि कंपनियों में विवि के विद्यार्थी अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं। इस अवसर पर विवि के महानिदेशक प्रो . गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी

रांची जिले के 102 केंद्रों पर मैट्रिक और 57 पर होगी इंटरमीडिएट की परीक्षाएं

रांची। स्टेट बोर्ड की ओर से आयोजित माध्यमिक (मैट्रिक) व इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के लिए परीक्षा केंद्र के चयन को लेकर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने गुरुवार को समिति की बैठक की। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी रांची तृप्ति कुमारी, अध्यक्ष जिला मदरसा संघ, अध्यक्ष रांची जिला इंटरमीडिएट शिक्षक संघ, अध्यक्ष रांची जिला संस्कृत शिक्षक संघ एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। डीसी ने माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के लिए निर्धारित केंद्रों की प्रखंडवार एवं अनुमंडलवार समीक्षा की। माध्यमिक परीक्षा-2025 के लिए 102 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं, जबकि 314 स्कूलों के 3813 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के लिए प्रखंडवार एवं अनुमंडलवार 57 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं। सभी परीक्षा केंद्र रांची, बुंडू, खलारी व सिल्ली अनुमंडल में बनाए गए हैं। 115 स्कूलों के 42121 छात्र इंटरमीडिएट की परीक्षा देंगे। **फैक्ट फाईल** : आर्ट्स के छात्रों की संख्या - 27146, कॉमर्स के छात्रों की संख्या - 5836, विज्ञान के छात्रों की संख्या - 9139.

झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने किया मंत्री का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की राज्य कमेटी और झारखंड राज्य आजीविका चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ के सैकड़ों कर्मचारियों ने मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार को गुरुवार को उनके आवासीय कार्यालय में फूलों का गुच्छा एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड में कार्यरत चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों यथा ऑफिस बॉय, हाउस कीपर, ऑफिस अटेंडेंट से संबंधित उनकी जायज मांगों को लागू करने के लिए महासंघ द्वारा मांग पत्र समर्पित किया।

इस मौके पर महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह, संरक्षक गणेश प्रसाद सिंह, सम्मानित अध्यक्ष मुक्तेश्वर लाल, संघ के अध्यक्ष श्यामलाल पासवान, महामंत्री भरत उरांव, श्रीमती नेदु कुजूर, रिंकू कुमार, मंगेश पंडित, ऋतिक धर, गीता देवी, सरिता कुमारी, रीता देवी, वीना देवी, शीला देवी, राहुल कुमार रजक, श्यामलाल महतो, बलराम यादव, पप्पू कुमार, विनोद कुमार, कृष्णदेव, भोलेश रावत, प्रवीण तिवारी, ओम प्रकाश सिंह, गुरुदेव पंडित, अभिषेक रंजन, दुर्गा माही, सावित्री देवी, मुकेश कुमार, विजय मुर्मू, छोटू राम, चंद्रदेव आदि मौजूद थे।

आरएमओ में शारदा ग्लोबल के छात्र शान सहाय नेशनल मैथमेटिकल ओलम्पियाड के लिए चयनित

रांची। मैथमेटिकल ओलम्पियाड (2024-25) के दूसरे चरण रीजनल मैथमेटिकल ओलम्पियाड (आर.एम.ओ.) का परिणाम जारी किया गया। इसमें 300 छात्रों ने परीक्षा दी, जिसमें 42 छात्रों ने तीसरे चरण के लिए सफलता प्राप्त की। शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्र शान सहाय दूसरे चरण में सफल होकर तीसरे चरण के लिए चयनित हो गए हैं। तीसरे चरण में सफल अभ्यर्थियों को होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजूकेशन की ओर से ट्रेनिंग दी जाएगी। शान सहाय की इस सफलता पर सम्पूर्ण विद्यालय हर्षित है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या जसमीत कौर ने शान सहाय को बधाई देते हुए अगले चरण में सफल होने की कामना की।

संत जेवियर्स कॉलेज में शोध नैतिकता पर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। संत जेवियर्स कॉलेज में गुरुवार को कॉलेज के फादर प्रूस्ट हॉल में टर्नइटइन सॉफ्टवेयर और आईक्यूएसी के सहयोग से शोध नैतिकता विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य फादर डॉ. एन. लकड़ा, एसजे ने कहा कि शोधार्थियों को शोध की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इस तरह का प्लेटफार्म काफी मददगार साबित होगा।

मुख्य वक्ता के तौर उपस्थित टर्नइटइन के पूर्वी क्षेत्र समन्वयक मिलन मंडल ने अपने संबोधन में टर्नइटइन के बारे में बताया कि शोध के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला क्लाउड-आधारित सॉफ्टवेयर है जो साहित्यिक चोरी का पता लगाने और उसे रोकने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है।

मौके पर कॉलेज के डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय सिन्हा, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. शिव कुमार, डॉ. आर.आर. श्रीवास्तव, डॉ. धीरजमणि पाठक, डॉ. संदीप चंद्रा सहित कॉलेज के अन्य प्राध्यापकगण व शोधार्थी उपस्थित थे।

दोहरा खिताब जीत यश किंगर बने प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सात दिवसीय 17वां जेड स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप का बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में आज समापन हुआ। यह टूर्नामेंट हर साल डॉ मोहम्मद जाकिर के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया जाता है। इस प्रतियोगिता में अलग-अलग इवेंट्स निम्न विजेता एवं उपविजेता रहे- मास्टर स्नूकर यश किंगर ने अरमान को हराया, मास्टर सिक्स रेड्स में यश किंगर ने दिव्या ज्योति (टीपू) को पराजित किया, नील सिन्हा ने मिनी सिक्स रेड्स में अनुज को हराया।

अनुज ने मिनी स्नूकर में आदर्श को हराया। 9 बॉल्स में चाहत ने रोहित चौधरी को हराया। इमर्जिंग प्लेयर का ट्रॉफी यश दास को मिला। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शंभू नाथ चौधरी ने विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी, गिफ्ट और ईनाम राशि देकर उनका उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि स्नूकर-पूल एक एकाग्रता, अनुशासन और कौशल का खेल है उसे अपनी जिंदगी के लक्ष्य प्राप्ति पर भी अमल में लायें। क्लब की ओर से विजेताओं और उपविजेताओं को मेंबरशिप दिया गया। इस अवसर पर डॉ मोहम्मद जाकिर, यश किंगर, इंद्रजीत, नील, सुमित, अरमान, यश दास, समीर, अंकित, तनवीर, रुस्तम सहित सभी खिलाड़ी मौजूद थे।

आईएचएम के प्राचार्य ने राज्यपाल से की मुलाकात

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के साथ होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) के प्राचार्य डॉ.भूपेश कुमार ने गुरुवार को शिष्टाचार मुलाकात कर क्रिसमस और नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य ने राज्यपाल को संस्थान की उपलब्धियां साझा करते हुए 2024 में संस्थान को पूरे भारत वर्ष में इंडिया टुडे रैंकिंग में प्रथम मर्जिंग होटल मैनेजमेंट संस्थान, जीआरडीसी के रैंकिंग सर्वे में 6वें स्थान तथा कम्पटीशन सक्सेस रिव्यु में प्रथम स्थान, खाद्य सेवा क्षेत्र में ग्रामीण महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में आईएचएम रांची में जेएसएलपीएस की एक प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) के तहत अगले तीन वर्षों में 500 दीदी को प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा 100 पलाश दीदी कैफे खोले जायेंगे सहित राज्य के विकास के लिये अन्य कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान मदुआ आधारित विभिन्न प्रकार की रेसिपी पुस्तक और विद्यार्थियों द्वारा तैयार केक एवं अन्य बेकरी उत्पाद भी भेंट की गयी।

महाधर्मप्रांतीय युवा संघ ने किया कंबल वितरित

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। महाधर्मप्रांतीय युवा संघ की ओर से रांची महाधर्मप्रान्त के मुरहु मिशन स्टेशन में 97 परिवारों को क्रिसमस के आगमन को लेकर कम्बल वितरण किया गया। यह कम्बल रांची महाधर्मप्रांत के युवाओं के आपसी सहयोग से किया गया। इस मौके पर युवा निदेशक फादर सुमित खलखो, फादर विपिन, धर्मप्रान्त के कार्डिनेटर कुलदीप तिर्की, युवा अध्यक्ष एलेक्स तिर्की, उपाध्यक्ष प्रज्ञा, दुलारी, उत्तम, अनिमा आदि मौजूद थे।

झारखंड के छात्रों ने एएफएमआई इंटरनेशनल एजुकेशनल अवार्ड्स में जगह बनाई

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड अमेरिकन फेडरेशन ऑफ मुस्लिम्स ऑफ इंडियन ओरिजिन (ए.एफ.एम.आई.) जो अमेरिका और कनाडा स्थित एक प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था है, हर वर्ष देशभर के अल्पसंख्यक छात्रों के शैक्षणिक उत्कृष्टता को सम्मानित करती है। इस वर्ष भी 34वां इंटरनेशनल एजुकेशनल कन्वेंशन एंड गाला अवार्ड समारोह में झारखंड के आठ मेधावी छात्रों का चयन किया गया है। इस समारोह में 10वीं और 12वीं के 2024 बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल, स्कॉलरशिप और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। कोऑर्डिनेटर तनवीर अहमद ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहन देता है, बल्कि अल्पसंख्यक छात्रों को उच्च शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करता है। झारखंड राज्य के ये छात्र अपने प्रदर्शन से राज्य और देश का गौरव बढ़ा रहे हैं।

झारखंड से चयनित छात्रों की सूची

मैट्रिक (10वीं)
1. ताबिश माज - 97.60% (गोल्ड मेडल)
2. असना जिया - 96.60% (सिल्वर मेडल)
3. सुमायरा तारीफ - 96.60% (सिल्वर मेडल)
4. सुमाइला सबा - 96.60% (सिल्वर मेडल)
5. मो. साद रजा - 95.60% (ब्रॉन्ज मेडल)

इंटरमीडिएट (12वीं)
6. शहवी परवीन - 96.% (गोल्ड मेडल)

अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

पुलिस पब्लिक रिपोर्टर का बिरसा मुंडा रत्न सम्मान समारोह आयोजित

इन्हें मिला बिरसा मुंडा रत्न सम्मान

डॉ उमा शंकर वर्मा रांची (स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए), सिस्टर हिरमिला लकड़ा प्रधानाध्यापिका, उर्सलाइन कान्वेंट गर्ल्स स्कूल गुमला (शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए), राजीव चटर्जी, अध्यक्ष बासुदेव स्मृति फाउंडेशन रांची, झारखंड (सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए), जयंती तिर्की, सेवानिवृत्त शिक्षिका गुमला (शिक्षा और समाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए) सहित कुल 28 लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही मौके पर अमित अग्रवाल, एंथोनी लकड़ा, सरिता अग्रवाल, सोहैल खान, शादाब अहमद, अबू सहमा राजी, मो. दानिश, सुहैल खान, अजहर अली, रिजवान हुसैन, शशिकांत कुमार गुप्ता, शशिकांत कुमार, सुनील अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, उत्तम केरकेट्टा, असगर एजाज, प्रियंका सिंह, अनु सिंह, रवि कुमार, रोहित पांडेय, सोनी सिंह को उनके द्वारा किये जा रहे अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा बिरसा मुंडा रत्न सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार को किया गया। मौके पर झारखंड के विभिन्न जिलों के साथ ही साथ दूसरे राज्यों से ऐसे लोग जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है उन सभी को मौके पर मौजूद सभी अतिथियों ने बिरसा मुंडा रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया। जिसमें सम्मान प्राप्त कर रहे लोगों को सर्टिफिकेट, मोमेंटो, शॉल और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत झारखंड की प्रसिद्ध लोक गायिका सुषमा नाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर की गयी।

मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, रांची विधायक सीपी सिंह, रांची के पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शहदेव, पद्मश्री मधु मंसूरी, पूर्व डीआईजी सुबोध प्रसाद, पुलिस पब्लिक रिपोर्टर के प्रधान संपादक मो. सरफराज कुरैशी, समूह संपादक मो. शाहीद खान, ब्यूरो प्रमुख संदीप कुमार मिश्रा, टीम हेड समीर हेजाजी ने सभी को सम्मानित किया।

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा की प्रभातफेरी 24 से

खबर मन्त्र संवाददाता

- **प्रकाश पर्व के उपलक्ष में 11 एवं 12 जनवरी को सजाया जाएगा विशेष दीवान**

रांची। दशम पातशाह गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा 24 दिसंबर से प्रभात फेरियों की शुरुआत होगी। सत्संग सभा द्वारा 24 दिसंबर से रोजाना सुबह 5:45 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। यह प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहब से रोजाना आरंभ होकर कृष्णा नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण कर वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर समाप्त होगी। प्रभात फेरी का समापन 31 दिसंबर को होगा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि नव वर्ष के आगमन की खुशी में 1 जनवरी को सुबह 8:00 बजे से 10:00 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा, इस दीवान में दरबार साहिब के भाई कमलजीत सिंह एवं भाई मान सिंह विशेष रूप से शिरकत करेंगे। गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व 6 जनवरी को मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में रात 8:00 बजे से 1.00 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा तथा रात 12:00 बजे प्रकाश पर्व के उपलक्ष में 4 जनवरी को रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग होगा।

गुरु नानक सत्संग सभा के 240 श्रद्धालुओं का जत्था पटना साहब के लिये रवाना होगा : पटना साहब में प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए गुरु नानक सत्संग सभा के 240 श्रद्धालुओं का जत्था तीन एवं चार जनवरी को हटिया रेलवे स्टेशन से हटिया पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस द्वारा पटना साहिब के लिए रवाना होगा और प्रकाश पर्व के सभी आयोजनों में शामिल होने के बाद श्रद्धालुओं का जत्था 8 जनवरी को वापस रांची पहुंचेगा। श्रद्धालुओं के जत्थे के रांची वापस पहुंचने के बाद 11 एवं 12 जनवरी को सत्संग सभा द्वारा गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में दो दिवसीय भव्य विशेष दीवान सजाया जाएगा, जिसमें 11 जनवरी, शनिवार को सुबह 8:00 से 10:00 बजे तक तथा रात आठ बजे से ग्यारह बजे तक एवं 12 जनवरी,रविवार को सुबह दस बजे से दोपहर ढाई बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। इन सभी दीवानों में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंच रहे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई गुरमन प्रीत सिंह ,दिल्ली वाले शबद गायन कर राची की साध संगत को निहाल करेंगे।

बच्चे से स्कूल के वैन चालक ने किया दुराचार, धराया

▸▸ मेसरा थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। बीआईटी मेसरा थाना क्षेत्र में एक चार वर्षीय बच्चे के साथ अप्राकृतिक दुराचार का मामला सामने आया है। देवी दर्शन रोड में स्थित स्पेक्ट्रम ग्लोबल स्कूल गेतलातु स्कूल के एक नर्सरी कक्षा के छात्र के साथ स्कूल के चलक द्वारा ही घटना को अंजाम दिया गया है। बच्चे की मांग द्वारा शिकायत मिलते ही मेसरा थाना प्रभारी संजीव कुमार द्वारा त्वरित कार्रवायी करते हुए चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार 22 वर्षीय चालक ओरमांझी थाना क्षेत्र के बरवुआ निवासी रौशन भोगता अपना अपराध स्वीकार लिया है। वहीं पुलिस द्वारा उसका मोबाइक जब्त कर जांच करने पर पता चला कि आरोपी चालक मोबाइल पर पॉर्न वीडियो देखने का आदि था। घटाना को अंजाम देने से पूर्व भी वह वीडियो देखा था। बच्चे की मां द्वारा चालक के अलावे विद्यालय प्रबंधक खिलाफ मामला दबाने व धमकी देने का आरोप लगाते हुए एफआईआर किया गया है। बताया गया प्रति दिन स्कूल छुट्टी होने पर बच्चा दोपहर 1:20 बजे तक घर पहुंच जाता था। लेकिल घटना के दिन वह 1:55 बजे घर पहुंचा था। स्कूल वेन में एक शिक्षक को अनिवार्य रूप से रहना जरूरी है। बावजूद वेन में कोई शिक्षक नही था। स्कूल प्रबंधक की लापरवही से किसी के भी बच्चें के साथ इस प्रकार की घटना हो सकती है। इस घटना के बाद से स्कूल में पढ़ने वाले अन्य बच्चों के माता पिता अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने कहा है घटना के सभी दोषियों पर कानूनी कार्रवायी की जाएगी।

बच्चे ने की आरोपी की पहचान

मामले की गंभीरता को देखते हुए मेसरा थाना प्रभारी संजीव कुमार पुलिस बल के साथ स्कूल पहुंचा। सीसीटीवी फुटेज के अधार पर स्कूल के एक ड्राइवर को गिरफ्तार कर थाना ले गई। जहां बच्चे द्वारा आरोपित ड्राइवर की पहचान कराई गई। बच्चे ने बताया यह नही है। जिसके बाद पुलिस दोबार स्कूल गई। तबतक आरोपी ड्राइवर फरार हो गया था। लेकिन पुलिस को उसकी तस्वीर हाथ लग चकी थी। जिसके अधार पर पुलिस द्वारा उसे बीआईटी चैक के पास से ही गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं बच्चे ने भी आरोपी ड्राइवर की पहचान कर ली। पुलिस के पुछताक्ष में पकड़े गए ड्राइवर रौषन भोगता ने भी अपना अपराध स्वीकार लिया।

मामले को दबाने का प्रयास

घटना की जानकारी होने पर दूसरे दिन जब मां ड्राइवर की शिकायत करने स्कूल पहुंची, तो स्कूल प्रबंधक द्वारा घटना से इंकार ही नहीं किया गया। वहीं ड्राइवर को बचाने के लिए पीएचईडी विभाग के गार्ड से धमकी दिलाकर मामले को दबाने का प्रयास किया गया। 16 दिसंबर को हुई घटना के संबंध में बताया गया कि स्कूल छुट्टी होने के बाद वेन से बच्चा घर पहुंचा। दूसरे दिन स्कूल भेजने के लिए जब मां उसे तैयार करने लगी तो बच्चा स्कूल जाने से इंकार कर रहा था। इसे पहनने के दौरान बच्चा रोने लगा और वह स्कूल जाने से इंकार करते हुए बार-बार बोल रहा था, ड्राइवर अंकल काफी बुरे हैं। काफी पुछने पर बच्चा ने अपनी तोतली जुबान से जो बताया सुन कर मां दंग रह गई। बाद में बच्चें को उपस्वास्थ्य केंद्र मेसरा में उपचार कराया गया। बताया गया कि स्कूल के रेगुलर ड्राइवर छुट्टी पर रहने पर आरोपी चालक ही स्कूल वेन चलाता था।

सोलर फ्लोटिंग पॉवर प्लांट के काम में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में प्राथमिकी

खबर मन्त्र संवाददाता

अनगड़ा। बीडीओ अनगड़ जयपाल सोय के बयान पर गुरुवार को गेतलसूद निवासी भोला महतो कार्तिक नायक सुजीत बैठा सरिता देवी पति गंगाधर नायक दुबराज महतो सावन नायक सहित 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ अनगड़ा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इन सभी पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया गया है। ज्ञात हो कि उक्त आरोपितों के द्वारा गेतलसूद में प्रस्तावित सोलर पावर प्लांट का लगातार विरोध किया जा रहा है। 100 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट गेतलसूद डैम में लगाया जाना है। सोलर पावर प्लांट का निर्माण सोलर एनर्जी कोरपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड एवं झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा कराया जा रहा है। लेकिन आरोप है कि बार बार उक्त लोगों के द्वारा निर्माणस्थल में आकर जबरन काम को बंद करा दिया जाता है। आरोप है कि उक्त लोगों के द्वारा काम करने आये जेसीबी मशीन के चालक कर्मचारी व ट्रेक्टर चालक को डरा-धमकाकर कार्यस्थल से भगा दिया जाता है। गुरुवार को भी ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर काम में बाधा उत्पन्न किया बीडीओ जयपाल सोय ने बताया कि इस मामले के समाधान को लेकर कई बार ग्रामीणों के साथ बैठक की गई, लेकिन हमेशा विरोध करते रहे। इससे परियोजना निर्माण में अनावश्यक विलंब हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे डैम में मत्स्य पालन कर और मत्स्य पकड़कर अपना और अपना परिवार का रोजी रोटी चलाते हैं। ऐसी स्थिति में डैम में फ्लोटिंग पॉवर प्लांट लग जाने से उनकी रोजी रोटी छिन जाएगी।

स्पीड न्यूज

युवक का शव बरामद

मांडर। थाना क्षेत्र के ब्राम्बे-ठाकुरगाँव मुख्य पथ पर स्थित चुंद गाँव के निकट गुरुवार दोपहर सड़क किनारे गढ्ढे से मांडर पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। जिसकी पहचान ठाकुरगांव के गुरगांई निवासी एकतिस वर्षीय विकास लोहरा के रूप में की गई। मांडर पुलिस के अनुसार उन्हें सूचना मिली कि चुंद गांव के समीप सड़क किनारे स्थित एक गढ्ढे में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस के अनुसार विकास के चेहरे के अगले हिस्से व माथे में चोट के निशान थे और उसका बाइक भी वहीं पर पड़ा हुआ था। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है, बाकी का खुलासा पोस्टमार्टम के पश्चात ही हो पायगा। लोगो ने बताया विकास खेती बारी करता था और वह गुरुवार को सुबह करीब छह बजे बाइक में आलू लेकर उसे बेचने के लिए मखमंदरो बाजार गया था। वह अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चे को छोड़ गया।

शादी का झांसा देकर युवती से यौन शोषण

ठाकुरगांव। थाना क्षेत्र के बंसरी गांव निवासी आदिवासी युवती के साथ शादी करने का झांसा देकर यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर दोषी युवक के विरुद्ध कारवाई करने की मांग की है। आवेदन के अनुसार पीड़िता कम्प्यूटर क्लास करने ठाकुरगांव जाती थी। इसी बीच वहीं पर आरोपी युवक बुढ़मू थाना क्षेत्र के मुरवे गांव निवासी मुकेश मुंडा से उसकी दोस्ती हुई। दोस्ती के बाद दोनों में प्रेम हो गया। इसी बीच शादी का झांसा देकर आरोपी युवक ने पीड़िता के साथ शारीरिक सम्बंध भी बनाया। इसी बीच युवती दो बार गर्भवती भी हो गई। इसपर युवक ने युवती का गर्भपात करा दिया। गर्भपात कराने के बाद युवक शादी से इंकार करने लगा। मामले को लेकर ग्रामीणों की बैठक भी हुई लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया। मामले को लेकर थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि मामला आया है। मामला दर्ज कर दोषी के खिलाफ कड़ी कारवाई किया जायेगा।

बुढ़मू में डीआइजी अनूप बिरथरे ने की बैठक

बुढ़मू। गुरूवार को प्रखंड सभागार भवन में डीआईजी अनूप बिरथरे ने बीडीओ, सीओ, डीएसपी, इंस्पेक्टर और आसपास के थाना के थाना प्रभारियों के साथ बैठक किया। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए डीआईजी ने बताया कि विगत कुछ समय में बुढ़मू, ठाकुरगांव, खलारी, मैक्लूस्कीगंज, पिपरवार, केरेडारी थाना क्षेत्र के प्रतिबंधित संगठन की गतिविधि बढ़ी है और दिसंबर माह के पहले सप्ताह में पहाड़ी जी दस्ता के सदस्यों ने उमेडंडा में दुकानों को बंद करा दिया था जिसके बाद प्रतिबंधित संगठन का सफाया करने के लिए आवश्यक बैठक बुलाई गई थी इनके संबंध में कोई भी सूचना देने वालों के लिए जल्द ही रिवार्ड की घोषणा की जाएगी। आने वाले कुछ समय में इन क्षेत्र में इनका पूरी तरह से सफाया होगा। बैठक में ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, बेड़ो डीएसपी, मांडर के सर्किल इंस्पेटक्र शशिभूषण चैधरी, बुढ़मू, ठाकुरगांव, खलारी, मैक्लूस्कीगंज, बेड़ो सहित आसपास के थाना प्रभारी मौजूद थे।

मईयां सम्मान योजना की राशि पर अफवाह का बाजार गर्म

महिलाओं को नहीं मिलेगी 25 सौ की पांचवीं किस्त

▸▸ नया रजिस्ट्रेशन हुआ बंद

▸▸ चक्कर काट रही हैं बहनें

शेख मुजिबुल

रातू। सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना 'मईयां सम्मान' को लेकर अफवाह का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है, कि योजना में निबंधित महिलाओं को अब बतौर पांचवीं किस्त 25 सौ रुपये नहीं मिलेगी। प्रज्ञा केंद्र में नया निबंधन बंद हो गया है। इससे युवती व महिलाएं परेशान हैं। वह प्रखंड कार्यलय का चक्कर काट रही हैं। हालांकि, सत्ता पक्ष के नेताओं ने इसका खंडन किया है। उनका दावा है, कि सरकार ने विधानसभा के विशेष सत्र में अनुपूरक बजट के जरिये योजना राशि का प्रावधान कर दिया है। अल्वत्ता, वित्त विभाग से इसकी स्वीकृति मिलते ही राशि भुगतान की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।

जानें योजना की हकीकत

सूत्रों के मुताबिक, विस चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व प्रखंड की करीब 23 हजार लाभुकों ने निबंधन करा लिया है। इसमें अधिकांश को 1-1 हजार की चार किस्त बैंक खाते में ऑनलाइन भुगतान हो गया है। कुछ आवेदन ऐसे थे, जिसमें गड़बड़ी थी। उस लाभुक को राशि नहीं मिल पायी है। डीसी मंजूनाथ भजंत्री के आदेश पर उनका पंचायत स्तर पर सत्यापन किया जा रहा है। प्रज्ञा केंद्र में नये रजिस्ट्रेशन भी हो रहे हैं। इसमें किसी को कोई परेशानी नहीं है।

इन्हें नहीं मिलेगी राशि

पंचायत सचिव, गांव की आंगनबाड़ी सेविकाएं, मनरेगा सेवक, राशन डीलर व पंचायत प्रतिनिधि सत्यापन कार्य में लगाये गये हैं। इनके स्पष्ट प्रतिवेदन के बाद उन्हीं को योजना की राशि मिलेगी, जिनके पास 4 कमरे से अधिक पक्का मकान नहीं है। परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी न करता हो तथा लाभुक परिवार में 4 पहिया वाहन व घर में एसी न हो।

स्कूली छात्र-छात्रों के बीच 41 साइकिल का वितरण किया गया

सोनाहातू। प्रखंड के कार्यालय परिसर में समारोह आयोजित कर स्कूली बच्चों के बीच उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। विधायक अमित कुमार महतो ने बालक मध्य विद्यालय सोनाहातू के 20 तथा कन्या मध्य विद्यालय के 21 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किये। मौके पर बीडीओ खगेश कुमार, कल्याण विभाग के बिष्णु खंडित, बीआरसी के इंद्रजीत बैठा, प्रदीप मुंडा, रोहिताश चौधरी आदि मौजूद थे।

जिप सदस्य ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

सिल्ली/मुरी। झारखंड सरकार जिला योजना अनाबद्ध निधि के अंतर्गत सिल्ली पूर्वी क्षेत्र के बिसरिया पंचायत के कुटाम गांव में कृष्णा मुंडा के घर के सामने गुरुवार के दिन सिल्ली पूर्वी जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी ने 460 फीट पीसीसी पथ का शिलान्यास किया जिसकी कुल लागत लगभग 9 लाख रुपए है। जिप सदस्य ने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा के अंदर ही काम पूरा करने को कहा तथा ग्रामीणों से भी सहयोग करने की अपील की। ग्रामीणों ने जमींदाता कृष्णा सिंह मुंडा और कर्मा महतो का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बिसरिया पंचायत की मुखिया जितनी देवी, झामुमो के प्रखंड प्रवक्ता फखरुद्दीन राय, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गोकुल महतो, अखिल महतो, अघनु मुंडा, नौशाद मोमिन, बसीर अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, शेख मूसा, रऊफ अंसारी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

झारखण्ड सरकार

जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 610 दिनांक 27/05/2020 के आलोक में खूँटी जिला के मात्स्यिकी से जुड़े अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्ति, मत्स्य कृषक (मात्स्यिकी से जुड़े) को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में चयनित लाभुकों के द्वारा कार्य प्रारम्भ नही किये जाने के कारण उनके प्रस्तावित कार्य को रदद् करते हुये पुनः मत्स्य विभाग, खूँटी द्वारा "प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना" हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

उक्त योजना का मुख्य उद्देश्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्ता, तकनीकी, आधारभुत संरचना एवं प्रबंधन के अंतर को पाटना मूल्य श्रृंखला का आधुनिकरण एवं सुदृढीकरण, मजबुत मत्स्य पालन प्रबंधन ढांचा का स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण है। जिससे मत्स्य कृषकों की आय दोगुणी होगी और इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक होगा। इस योजना के अन्तर्गत लाभुक-चिन्हित कार्यक्रमों की सूची निम्न है :-

क्र० सं०	प्रस्तावित कार्य	कोटि	भौतिक लक्ष्य	इकाई लागत (लाख रू० में)	सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान की राशि (लाख रू० में)	
					अनु० जाति/अनु० जनजाति/महिला (इकाई लागत का 60 %)	लाभुक का अंशदान
1	2	3	4	5	6	7
1.	बैकयार्ड सजावाटी/रंगीन/अलंकारी/ मछलियों की रियरिंग इकाई (वित्तीय वर्ष 2023-24)	अनु0 जनजाति	01	3.00	1.80	1.20
2.	04 मी0 व्यास 01 मी0 उँचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बायोफ्लॉक की स्थापना (वित्तीय वर्ष 2023-24)	महिला	01	25.00	15.00	10.00

उक्त योजना अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य, विस्तृत विवरणी, इकाई लागत तथा योजना हेतु अन्य आवश्यक माप दण्डों की विस्तृत विवरणी मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के वेब साइट www.jharkhandfisheries.org पर भी उपलब्ध है। प्रत्येक कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा तय अहर्त्ताओं के अनुरूप आवश्यकतानुसार भूमि एवं डी0पी0आर0 (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) लाभुकों को स्वंय के व्यय पर उपलब्ध कराना होगा एवं आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। विशेष जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में संपर्क कर सकते है। लाभ लेने हेतु खूँटी जिला के मात्स्यिकी से जुड़े अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से दिनांक 04/01/2025 तक जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

नोट :- 1. योजना की स्वीकृति जिला स्तरीय समिति से लाभुक चयन होने के उपरांत ही उसे कार्य रूप दिया जाएगा।
2. पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर लाभुक का चयन किया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी

PR 342395 Fish (24-25)_D

लापुंग में भाजपा की चुनावी समीक्षा सह सदस्यता अभियान के साथ बैठक संपन्न

जनता की सेवा में कार्यकर्ताओं को तत्पर रहना है : सन्नी टोप्पो

दो लाख प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य तय

खबर मन्त्र संवाददाता

लापुंग। लापुंग के भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी समीक्षा एवं सदस्यता अभियान के निमित्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चुनावी अभियान के दौरान हुए कार्यों की समीक्षा की गई साथ ही सभी पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष व कार्यकताओं ने अपना विचार रखा। कार्यकताओं ने कहा कि कुछ कमियां रह गई जिसके कारण हम विजय प्राप्त नहीं कर सके परंतु क्षेत्र में जनता का हमें जो समर्थन मिला वह समर्थन हमें नई ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित कर रहा है। झारखंड प्रांत में चल रहे सदस्यता अभियान के निमित्त रणनीति बनाई गई एवं पूरे मांडर विधानसभा में 2 लाख सदस्यता पूर्ण करने के लिए योजना के साथ लगने के लिए सभी कार्यकताओं ने संकल्प लिया। वही बैठक में सन्नी टोप्पो ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ कमियां रही जिससे हम सब विधानसभा में विजय हासिल करने में चूक गए, परंतु हम सभी को निराश और हताश नहीं होना है, बल्कि पूरी ऊर्जा के साथ दुगुनी मजबूती से क्षेत्र की जनता की सेवा में लगे रहना है। संचालन मंडल अध्यक्ष हरिमोहन साहू ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन विजय साहू व विजय सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष हरिमोहन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुखहरन प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष जितेंद्र पाल सिंह, प्रकाश गुप्ता, विजय सिंह, श्याम सिंह, पवन कुमार, रोहित रक्षित, चरकु साहू, चरवा उरांव, संदीप उरांव, भदई महली, अजय साहू, गोपाल महली, संदीप साहू, नंदलाल साहू, रोहित साहु, बलमति देवी, शिला कुमारी, मंडल के पंचायत, अध्यक्ष, प्रभारी बूथ अध्यक्ष सहित सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।

जेएसएससी सीजीएल में फर्जीवाड़े की शिकायत

हजारीबाग के ट्यूटर ने दर्ज कराया मामला

▸▸ सारुकुदर के हैं सूचक

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। हजारीबाग सारुकुदर मंगरों निवासी ट्यूटर राजेश प्रसाद ने 21 नवंबर को राज्य के विभिन्न जिला में आयोजित जेएसएससी की सीजील परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक मामले को लेकर रातू थाने में एक अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें श्री प्रसाद ने अपने छात्र और अभ्यर्थी गिरिडीह महतोडीह निवासी रामचंद्र मंडल के हवाले से कहा है कि 22 नवंबर को उसने बताया कि बलियापुर केंद्र पर पहुंचा, तो देखा कि परीक्षा शुरू होने से पूर्व एक अज्ञात व्यक्ति मोबाइल से बात कर कुछ लिख रहा था। उसने अपनी मोबाइल से इसकी तस्वीर उतार ली। यह देख वह कागज फाड़ फरार हो गया। इसी तरह की घटना कुमार बीएड कॉलेज धनबाद, हजारीबाग के दुमरौंन और रातू स्थित मखमंदरो केंद्र पर भी देखने को मिली। अभ्यर्थी आशीष कुमार ने इसकी वीडियो क्लिप बना ली। बाद में उसने इसकी मिलान की, तो पेपर लीक का मामला सच साबित हुयी। सवाल यह है, कि जब सरकार ने इंटरनेट सेवा बंद करा दी थी, तो आरोपी का दूसरे मोबाइक धारक से कैसे बात हो रही थी। पुलिस इसकी जांच कर रही है। बताते चलें, कि परीक्षा तीन पालियों में निर्धारित थी। पहली में पेपर-3 सामान्य ज्ञान पर आधारित था। दूसरी में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा में पेपर-2 और तीसरे व अंतिम पाली में पेपर-1 भाषा ज्ञान की परीक्षा ली गयी थी।

हाईवा पेट्रोलिंग वाहन को धक्का मार पलटा ट्रक, एक पुलिस जवान घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। थाना क्षेत्र के दरबा में बुधवार रात हुई एक सड़क दुर्घटाना में हाईवा पेट्रोलिंग वाहन-08 पर सवार पुलिस जवान चेतन मांझी घायल हो गया। रात 10 के केरीब हुई घटना के संबंध में बताया गया कि पेट्रोलिंग वाहन क्यूरेस्टा ग्लोबल इरबा हॉस्पिटल के पास खड़ी थी। कुछ पुलिस जवान वाहन के बगल में थें। वहीं एक जवान वाहन पर ही बैठा था। तभी रांची से रामगढ़ की ओर तेज रफ्तार में जा रहे एक ट्रक यूपी56एचटी-3286 हाईवा पेट्रोलिंग वहन 407 को जारदार टक्कर माते हुए पलट गया। दुर्घटना में घायल हुए जवान का पैर फ्रैक्कर हो गया है। वहीं माथे पर भी चोट लगी है। घायल जवान को उपस्थित साथी पुलिस कर्मियों द्वारा त्तकाल उपचार के लिए क्यूरेस्टा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। बताया गया घायल जवान खतरे से बाहर है। वहीं पुलिस द्वारा दुर्घटना ग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया गया है।

डॉन बॉस्को में वार्षिक खेलकूद समारोह का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। वार्षिक खेलकूद समारोह प्रतिभा, समर्पण, और टीम भावना का उत्सव है, डॉन बॉस्को के समग्र व्यक्तित्व विकास की प्रतिबद्धता का एक सजीव प्रतीक। आज की डिजिटल युग में, जहाँ स्क्रीन हमारे जीवन पर हावी हैं, खेल शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक सुदृढ़ता और चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस खेल कूद के माध्यम से बच्चे निखरते है, और पूरी दुनिया के सामने आते है। उक्त बातें डॉन बॉस्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज में वार्षिक खेलकूद का समारोह में बतौर मुख्यातिथि डॉ मधुकांत पाठक भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के कोषाध्यक्ष, झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव, और झारखंड बाउल्स एसोसिएशन के सचिव ने कही। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवेंद्र दुबे, कोषाध्यक्ष, झारखंड ओलंपिक संघ व शेखर बोस, कार्यकारी अध्यक्ष, झारखंड ओलंपिक संघ और एक अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच मुख्य रूप से उपस्थित थे। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कर किया गया। समारोह की शरूआत अतिथियों के द्वारा खेल ध्वज फहराकर किया गया। वार्षिक खेलकूद समारोह में खेलकूद के साथ विद्यार्थियों ने रंगारंग नृत्य, पिरामिड सहित कई आकर्षक नृत्यकला का प्रस्तुत भी किया गया। इसके बाद खेल कूद का आयोजन योग के साथ शुआत किया गया। खेल में सीनियर जूनियर बालक, बालिकाओं के द्वारा 50 मीटर दौड़, सौ मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, लॉग जम्प, रस्सी खिंच प्रतियोगिता, सहित अन्य कई खेलों का प्रदर्शन किया गया। वार्षिक खेलकूद समारोह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को प्रथम,द्वितीय, तृतीय श्रेणी से सम्मानित कर आकर्षक पुरष्कार देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में फादर्स हुब्रुटस और डिओनिस, शिक्षक जोशी टीडी, कल्याण मोहंती, मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मैनेजर प्रदीप कुमार साहू सहित अन्य मौजूद थे।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (समाज कल्याण शाखा)

Email Id -awc24.monitoring@gmail.com

-:आम सूचना :-

निदेशक, समाज कल्याण, झारखण्ड, राँची के पत्र संख्या 3083/स0क0/राँची, दिनांक 03.12.2024 के आलोक में रामगढ़ जिलान्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं के आंगनवाड़ी केन्द्रो मे रिक्त सेविका एवं सहायिका के पदो पर चयन हेतु निर्धारित आमसभा की तिथिवार विवरणी निम्नवत है –

क्र0 स0	परियोजना का नाम	केन्द्र का नाम	पद का नाम	आम सभा की तिथि	आम सभा का स्थल	आम सभा का समय
1	दुलमी	कुम्हारटोला	सेविका	10/1/2025	पंचायत भवन पोटमदगा	11:30 पूर्वाहन
2	दुलमी	विष्णुटोला	सहायिका	16/01/2025	सार्वजनिक स्थल	11:30 पूर्वाहन
3	दुलमी	दांतु	सहायिका	20/01/2025	आँगनबाड़ी केन्द्र के बगल मे सार्वजनिक स्थल	11:30 पूर्वाहन
4	दुलमी	महलीटोला	सहायिका	24/01/2025	गाँव के सार्वजनिक स्थल मे	11:30 पूर्वाहन
5	गोला	बरयाटांड	सहायिका	9/1/2025	स्कूल भवन	10:00 बजे पूर्वाहन
6	गोला	बेदियाटोला	सहायिका	10/1/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र	10:00 बजे पूर्वाहन
7	गोला	सुगाटीकर	सहायिका	11/1/2025	आंगनबाड़ी भवन	10:00 बजे पूर्वाहन
8	गोला	हरिबान्ध	सहायिका	17/01/2025	स्कूल भवन	10:00 बजे पूर्वाहन
9	गोला	गौरियाटांड	सहायिका	18/01/2025	सामुदायिक भवन	10:00 बजे पूर्वाहन
10	गोला	बाबलौंग	सहायिका	20/01/2025	स्कूल भवन	10:00 बजे पूर्वाहन
11	गोला	धोरधोरिया	सहायिका	21/01/2025	आंगनबाड़ी भवन	10:00 बजे पूर्वाहन
12	गोला	मेढियाजारा	सहायिका	27/01/2025	स्कूल भवन	10:00 बजे पूर्वाहन
13	गोला	काडामारा	सहायिका	28/01/2025	स्कूल भवन	10:00 बजे पूर्वाहन
14	गोला	तोपासारा	सहायिका	29/01/2025	आंगनबाड़ी भवन	10:00 बजे पूर्वाहन
15	गोला	धनाजारा	सहायिका	30/01/2025	स्कूल भवन	10:00 बजे पूर्वाहन
16	चितरपुर	कुसमाही टुंगरी	सहायिका	7/1/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र	12:00 बजे
17	चितरपुर	हरिजन महुवा	सहायिका	9/1/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र	12:00 बजे
18	चितरपुर	सुखलाल बगीचा	सहायिका	11/1/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र	12:00 बजे
19	चितरपुर	करमाली महुवा	सहायिका	13/1/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र	12:00 बजे
20	चितरपुर	गोदाम मुहल्ला	सहायिका	17/1/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र	12:00 बजे
21	माण्डू	हेठबोंध	सहायिका	4/1/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र	11:30 बजे पूर्वाहन
22	माण्डू	आसामी टोला	सहायिका	7/1/2025	पंचायत भवन	11:30 बजे पूर्वाहन
23	माण्डू	बहेराटांड	सहायिका	7/1/2025	सामुदायिक भवन	02:30 बजे अपराहन
24	माण्डू	हेसागढ़ा 03 न0	सहायिका	10/1/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र	11:30 बजे पूर्वाहन
25	माण्डू	केरीबन्दा 02	सहायिका	10/1/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र	02:30 बजे अपराहन
26	माण्डू	तापिन बस्ती	सहायिका	11/1/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र	11:30 बजे पूर्वाहन
27	माण्डू	सिमरागढ़ा	सहायिका	17/01/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र	11:30 बजे पूर्वाहन
28	माण्डू	आजाद मुहल्ला 2	सहायिका	21/01/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र	11:30 बजे पूर्वाहन
29	माण्डू	टकहा	सहायिका	21/01/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र	11:30 बजे पूर्वाहन
30	माण्डू	दूधिबोंध	सहायिका	28/01/2025	नव प्राथमिक विद्यालय दूधिबोंध	11:30 बजे पूर्वाहन
32	पतरातु	तोकीसूद महुआटोला	सहायिका	18/01/2025	आंगनबाड़ी भवन	12:00 बजे
33	पतरातु	किनी उरावटोला	सहायिका	3/1/2025	आंगनबाड़ी भवन	12:00 बजे
34	पतरातु	केन्दुआ दीपा	सहायिका	20/01/2025	आंगनबाड़ी भवन	12:00 बजे
35	पतरातु	अमझरीया	सहायिका	24/01/2025	आंगनबाड़ी भवन	12:00 बजे
36	पतरातु	03 न0 झोपड़ी	सहायिका	7/1/2025	चबुत्रा में	12:00 बजे
37	पतरातु	तालिबान धौड़ा	सहायिका	10/1/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र मे	12:00 बजे
38	पतरातु	सिमराटांड	सेविका	21/01/2025	पंचायत भवन	12:00 बजे
39	पतरातु	करमाली टोला	सहायिका	22/01/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र	12:00 बजे
40	पतरातु	हाथीडाडी	सेविका	31/01/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र के पास	12:00 बजे
41	रामगढ़	नीचे धौड़ा सिरका	सहायिका	10/1/2025	आंगनबाड़ी केन्द निच धौड़ा मे।	11:30 बजे पूर्वाहन
42	रामगढ़	पतरातु बस्ती	सहायिका	16/01/2025	मुण्डा टोला केन्द्र मे।	11:30 बजे पूर्वाहन
43	रामगढ़	बहर टोला	सहायिका	20/01/2025	आंगनबाड़ी बरहर टोला में	11:30 बजे पूर्वाहन
44	रामगढ़	तेली टोला	सहायिका	24/01/2025	आंगनबाड़ी तेली टोला मे	11:30 बजे पूर्वाहन
45	रामगढ़	बाल मंडली	सहायिका	28/01/2025	केन्द्र के पास पेड़ के निचे	11:30 बजे पूर्वाहन
46	रामगढ़	उपर नायक टोला	सहायिका	4/2/2025	आंगनबाड़ी केन्द्र मे	11:30 बजे पूर्वाहन
47	रामगढ़	भुली क्वार्टर	सहायिका	11/2/2025	सर्व प्राथमिक विद्यालय भूली क्वार्टर	11:30 बजे पूर्वाहन
48	रामगढ़	शिव नगर	सहायिका	14/02/2025	जंगल डिपार्टमेन्ट मे	11:30 बजे पूर्वाहन
49	रामगढ़	करमाली टोला सिरका	सहायिका	18/02/2025	सामुदायिक भवन सिरका	11:30 बजे पूर्वाहन
50	रामगढ़	बिरहोर टोला दोहाकातु	सेविका	21/02/2025	केन्द्र के पास पेड़ के निचे	11:30 बजे पूर्वाहन

ह0/—
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रामगढ़

PR 342343 Social Welfare,Women and Child Development(24-25)#D

खबर मन्त्र

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

रांची. शुक्रवार. 20 दिसंबर 2024

संविधान का असर

भारतीय संविधान पर विशेष चर्चा में हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोक सभा में यह उचित ही कहा कि संविधान ने आजादी के बाद भारत के लिए सभी पूवार्नुमानित संभावनाओं को हासिल किया है। एक युवा गणतंत्र के जीवन में उतार-चढ़ाव तो आते ही हैं, लेकिन भारतीय संविधान समय की कसौटी पर खरा उतरा है और उसने भारत की अच्छी सेवा की है। इसकी सफलता का सबसे बड़ा उदाहरण सत्ता का निरंतर शांतिपूर्ण हस्तांतरण है, जो जनाकांक्षाओं को प्रदर्शित करता है। यहां यह बताना जरूरी है कि भारत में हर स्तर पर राजनीति बेहद प्रतिस्पर्धी है। पिछले दशकों में देश में कई तरह के राजनीतिक दलों और गठबंधनों ने शासन किया है। कुछ विफलताओं को छोड़ दें तो वे ज्यादातर समय देश को आगे ले गए हैं। साल 1975 में आपातकाल लागू करना ऐसा ही एक स्पष्ट उदाहरण है। भारत के संविधान को एक गतिशील और जीवंत दस्तावेज के रूप में पेश किया गया था जिसमें एक युवा राष्ट्र की बदलती जरूरतों के अनुकूल लचीलापन निहित था। इसका नतीजा यह हुआ कि हमारे संविधान में 100 से ज्यादा बार संशोधन किए गए। उदाहरण के लिए सबसे हाल का संशोधन संसद और विधान सभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित करने का था, हालांकि यह प्रावधान अगले परिसीमन के बाद ही लागू हो सकेगा। अगर आर्थिक परिप्रेक्ष्य से देखें तो केंद्र और राज्य सरकारों, दोनों ने कराधान की अपनी साझा शक्ति का इस्तेमाल करते हुए वस्तु एवं सेवा कर को लागू करना संभव बनाया और इसके लिए संविधान में प्रासंगिक बदलाव किए गए। इस तरह संविधान ने पिछले वर्षों में भारत को सामाजिक और आर्थिक, दोनों तरह के हितों को आगे बढ़ाने का अवसर दिया है। राजनीतिक एजेंडा से अलग संविधान से ही देश चलता रहा है और चलेगा भी।

कार्टून वर्ल्ड

आखिर 'एक देश एक चुनाव' में क्या कमी है?

आर.के. सिन्हा

एक देश एक चुनाव' के सपने को साकार करने की तरफ देश बढ़ रहा है। लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। भारत में 'एक देश-एक चुनाव' का विचार ऐसा विषय है जिस पर अलग-अलग लोगों की बंटी हुई राय है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे देश को कई फायदे होंगे, वहीं कुछ लोग इसके कुछ नुकसान भी बताते हैं। पर ये सच है कि बार-बार चुनाव कराने में काफी पैसा खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस खर्च को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। चुनावों में सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की भारी संख्या में तैनाती करनी पड़ती है। जाहिर है, बार-बार चुनाव होने से कामकाज में बाधा तो आती ही है, संसाधनों का भारी दुरुपयोग भी होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के बाद सरकार एक देश-एक चुनाव की तरफ तेजी से बढ़ रही है। इससे लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव सभी एक साथ होंगे। यह सब 100 दिनों के अंदर संपन्न होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश की जीडीपी में 1-1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केंद्र सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है। यह मामला किसी एक दल का नहीं बल्कि पूरे देश के हित में है। यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा क्योंकि सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि 'एक देश, एक चुनाव' से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा।

- आरके सिन्हा

> 'एक देश-एक चुनाव' के खिलाफ विपक्षियों की तरफ से कुछ कमजोर तर्क दिए जा रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनाव के साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है।

एक देश, एक चुनाव भाजपा और नरेन्द्र मोदी का पुराना एजेंडा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी जी इसकी वकालत करते रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में 2 सितंबर 2023 को कोविंद कमिटी बना कर उन्होंने पहला कदम बढ़ाया था। निश्चित रूप से बार-बार चुनाव होने से सरकारें नई नीतियों और योजनाओं को लागू करने में झिझकती हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलती है और वे बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं। साथ ही बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक दल विकास के मुद्दों से भटक जाते हैं और चुनाव जीतने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अधिक अवसर मिलता है।

'एक देश-एक चुनाव' के खिलाफ विपक्षियों की तरफ से कुछ कमजोर तर्क दिए जा रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनाव के साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है। यह सब तर्क कमजोर हैं। दुनिया के कई देशों में अलग-अलग चुनाव व्यवस्थाएं हैं। कुछ देशों में एक साथ चुनाव होते हैं, जबकि कुछ देशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। स्वीडन, बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव एक साथ कराए जाते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं।

बहरहाल, एक देश-एक चुनाव से देश के जनमानस में राष्ट्र की अवधारणा सशक्त होगी। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस समय टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया, इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनाव में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी।

यह भी माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव होने से मतदाता भागीदारी में वृद्धि हो सकती है क्योंकि लोगों को बार-बार मतदान करने की आवश्यकता नहीं होगी। कुल मिलाकर बात यह है कि 'एक देश एक चुनाव' को दलगत आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। इस पर हर स्तर पर खुल कर और ईमानदारी से चर्चा होनी चाहिए। उसके बाद ही किसी अंतिम निर्णय पर पहुंचा जाना चाहिए। अगर इसे भाजपा या मोदी जी के किसी एजेंडे के रूप में देखा गया तो यह सही नहीं होगा। अभी तक जो विपक्षी नेता 'एक देश एक चुनाव' के विचार का विरोध कर रहे हैं, उन्हें अपने दिल पर हाथ रखकर पूछना चाहिए कि क्या उन्हें बार-बार चुनावी रणभूमि में उतरना पसंद है?

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

लेटर टू एडिटर

सौर ईंधन

देश में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

-राहुल उपाध्याय, रांची

नशे का कारोबार

देश में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

ट्वीट

यह सम्पूर्ण ब्रह्मांड एक ही संकल्प का विस्तार है।इस सृष्टि का हर जीव समान रूप से आदरणीय और श्रेष्ठ है, इसलिए जो विचार, व्यवहार और आचरण हमें स्वयं के लिए प्रतिकूल लगते हैं, उन्हें अन्यों के साथ नहीं करना चाहिए। सभी जीवों के प्रति प्रेम, करुणा, एकता, सह-अस्तित्व और समानता का भाव रखना ही सच्चा धर्म है।

- स्वामी अवधेशानंद गिरी

बाबा साहेब पर गृह मंत्री की अपमानजनक टिप्पणी को देश न भूलेगा, न बर्दाश्त करेगा।

अमित शाह को माफी मांगनी ही होगी!

-राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस

आज का राशिफल

मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन : शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

देहरादून के वैद्य वेद प्रकाश गोयल की मधुमेह की दवा हुई पेटेंट

राम प्रताप मिश्र साकेती

उत्तराखंड की जड़ी-बूटियों का दोहन बाहरी राज्यों के लोग ज्यादा कर रहे हैं लेकिन इस प्रदेश के कुछ लोग ऐसे भी हैं जो जड़ी-बूटियों के माध्यम से लोगों को नवजीवन देने का काम कर रहे हैं। ऐसे ही लोगों में एक नाम वेद प्रकाश गोयल का है जिनकी जड़ी-बूटी को सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंस (सीसीआरएएस) द्वारा पेटेंट कर दिया गया है। वेद प्रकाश गोयल उन लोगों से हैं जो घर से ही आयुर्वेदिक दवा बनाकर लोगों को स्वस्थ करने की इच्छा से सेवा करते हुए वर्षों से इस साधना में लगे रहे हैं। आज लगभग 80 वर्ष की उम्र में भी वह आयुष सेवा में जुटे हैं।

आयुर्वेद की दवा का पेटेंट प्राप्त कर चुके वैद्य वेद प्राकश गोयल का कहना है कि लगभग 80 वर्ष की उम्र में भी वे चाहते हैं कि लोग निरोगी रहें। अपना संस्मरण बताते हुए वेदप्रकाश गोयल का कहना है कि उनके माता-पिता की इच्छा थी कि वे डॉक्टर बनें लेकिन ऐसा न हो सका। उसी इच्छा को पूरा करने के लिए उन्होंने आयुर्वेदिक ग्रंथों का अध्ययन किया, जड़ी-बूटियों की पहचान कर उनके गुणों को परखा। समय-समय पर पुराने हकीमों, वैद्यों की शरण में जाकर उनके अनुभवों द्वारा रोगियों के उपचार और जड़ी बूटियों के संगठकों को मिलाकर औषधियां तैयार करने का तरीका सीखा। आज भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

वेदप्रकाश गोयल ने पेटेंट प्राप्त करने के लिए 31 मार्च 2017 को आवेदन किया था और उन्हें पेटेंट मिल गया है। आयुर्वेदिक हर्बल फामूर्लेशन (आयुष-डी) फॉर दी मैंनेजमेंट ऑफ डाइबिटीज नामक

चिकित्सा

आविष्कार के लिए पेटेंट अधिनियम 1970 के उपबंधों के अनुसार 20 वर्ष की अवधि के लिए यह पेटेंट प्रदान किया गया है। कंट्रोलर ऑफ पेटेंट ने अनुदान की तिथि 31 अगस्त 2023 दी है। इसे संयोग कहेंगे कि सीसीआरएएस द्वारा इस वर्ष 11 औषधियों का पेटेंट किया गया है जिसमें 7वीं औषधि आयुष-डी जो डाइबिटीज टाइप-2 के मरीजों के लिए स्वीकृत की गई है। आयुष मंत्रालय की रिसर्च संस्था द्वारा इस दवा को स्वीकार्यता दिया जाना वैद्य वेद प्रकाश ही नहीं, उत्तराखंड के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है। इसके लिए विभाग द्वारा वेद प्रकाश गोयल से विधिवत अनुबंध किया गया है।

वेद प्रकाश गोयल ने पहले अस्थमा की दवा बनाई थी लेकिन अब शुगर की दवा का पेटेंट मिलने के बाद अपना विशेष प्रभाव जमाना शुरू कर दिया है। पहाड़ी दवा नाम से बनी इस दवा के बारे में वेद प्रकाश गोयल कहते हैं कि 12 से अधिक जड़ी-बूटियों से निर्मित यह दवा मधुमेह से मुक्ति के लिए सफल मानी गई है। आयुर्वेद को बेहतर चिकित्सा बताते हुए वेद प्रकाश गोयल कहते हैं कि जड़ी-बूटियों में इतनी शक्ति है कि वह बड़े से बड़े रोग में लाभकारी है, साथ ही अन्य दवाओं से अधिक किफायती है। इस दवा को बनाने में उन्हें लगभग 16 वर्ष लग गए हैं लेकिन अब यह दवा शोध संस्थान सीसीआरएएस द्वारा भी लाभकारी पाई गई है।

डॉ. वेद प्रकाश गोयल मानते हैं कि मधुमेह बीमारी नहीं बल्कि बीमारियों का गुच्छा है, इसमें जांच परीक्षण कराते रहने के साथ-साथ चिकित्सक की सलाह आवश्यक है। तनाव मुक्त रहना, सायंकाल व प्रातःकाल घूमना तथा समय पर आवश्यकतानुसार थोड़ा-थोड़ा जल पीते रहना, मधुमेह के रोगियों के लिए अच्छा माना जाता है। पैर, तलुए और पिंडलियों में दर्द महसूस होने पर दर्द निवारक तेल से मालिश के साथ-साथ ऐसे पदार्थ नहीं खाने चाहिए जो शुगर में अच्छे नहीं माने जाते।

इनमें आलू, चावल, मीठे पदार्थ आदि शामिल हैं। नाश्ते में गेहूं का दलिया खाना चाहिए वह भी बिना मीठे के। पनीर व अन्य पौष्टिक आहार का प्रयोग करना चाहिए लेकिन यह पदार्थ शुद्ध शाकाहारी होना चाहिए। गोयल अपनी दवा के बारे में बताते हैं कि उनकी दवा चिकित्सकीय परामर्श के मुताबिक दी जाती है और उसके खाने की एक विधि है। इसके लिए वेद प्रकाश गोयल से पल्टन बाजार में अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सिर्फ बंगलुरू का आईटी सॉफ्टवेयर का टर्न ओवर 10 लाख करोड़

नयनतारा

देश के सभी महानगर अपनी किसी न किसी खूबी के लिए विश्व विख्यात हैं। इनकी ये खूबियां, इनकी बुनियादी पहचान या लैंडमार्क हैं। इस क्रम में सिलिकॉन वैली ऑफ इंडिया कहे जाने वाले बंगलुरू शहर भी आता है। कर्नाटक की राजधानी बंगलुरू भारत का तीसरा सबसे बड़ा महानगर है व आबादी करीब 1 करोड़ 20 लाख है। भारत का यह नगर भले एक जमाने में अपने सुहाने मौसम के लिए देश-विदेश में जाना जाता रहा हो, लेकिन आज इसकी पहचान सिलिकॉन वैली ऑफ इंडिया के रूप में है। इसे सिटी ऑफ गार्डन के नाम से भी जाना जाता है। लेकिन आज इसकी इन सब पहचानों पर भारी इसकी सिलिकॉन वैली ऑफ इंडिया की पहचान है। इसके अलावा आज बंगलुरू को किसी और दूसरी पहचान के नाम से तेजी से जाना जाना शुरू हुआ है, वह है ह्यस्टार्टअप कैपिटल ऑफ इंडियाह्न।

सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री का बड़ा आधार

बंगलुरू को सिलिकॉन वैली ऑफ इंडिया, इसके सॉफ्टवेयर उद्योग की वजह से कहा जाता है। कैलिफोर्निया की सिलिकॉन वैली की तरह बंगलुरू भी तकनीकी नवाचार का गढ़ है। कैलिफोर्निया के बाद सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तकनीकी केंद्र है, विशेषकर आउटसोर्सिंग और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के मामले में। बंगलुरू आईटी उद्योग का कितना बड़ा गढ़ है, इसको इसी बात से जाना जा सकता है कि मार्च 2024 तक बंगलुरू के आईटी सॉफ्टवेयर उद्योग का कुल टर्नओवर लगभग 120 बिलियन अमेरिकी डॉलर था यानी 10 लाख करोड़ रुपये। भारत का वार्षिक बजट जहां 30 से 32 लाख करोड़ रुपये का होता है, उस नजर से देखें तो बंगलुरू का सॉफ्टवेयर उद्योग भारत के सालाना बजट के करीब एक तिहाई है। भारत जितना आईटी प्रोडक्ट निर्यात करता है, उसमें 40 प्रतिशत निर्यात अकेले बंगलुरू से होता है। यहां के स्टार्टअप्स और यूनिकॉर्न कंपनियां सिर्फ भारतीय अर्थव्यवस्था में ही अपना प्रभाव नहीं डाल रहीं बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं।

संभावनाशील रोबोटिक इंडस्ट्री

भारत के सभी महानगरों में सबसे ऊंचाई पर यही उद्यान नगर बसा है। जिस तरह से बंगलुरू आधुनिक आईटी इंडस्ट्री का वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है, उसके चलते अगर बहुत ही जल्द बंगलुरू कमाई के लिहाज से भी देश का सबसे ऊंचे पायदान वाला महानगर बन जाए तो इसमें किसी को आश्चर्य नहीं होगा। क्योंकि सॉफ्टवेयर उद्योग के बाद दुनिया की चौथी औद्योगिक क्रांति के रूप में जिस रोबोटिक इंडस्ट्री का उभार हो रहा है, आने वाले सालों में बंगलुरू उस इंडस्ट्री का भी चैंपियन बनेगा। इस शहर का आईटी हब के रूप में उभरना, इसके कद को भारत की सीमाओं से परे जाकर विश्व परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण बन जाना है।

चर्चा में

इसरो से भी पहचान

कैलिफोर्निया की सिलिकॉन वैली के बाद दुनिया के कई सबसे बड़े आईटी हब में बंगलुरू भी शामिल है। यहां भारत की प्रमुख आईटी कंपनियां जैसे इंफोसिस, विप्रो और टीसीएस के मुख्यालय और बड़े संचालन केंद्र स्थित हैं। बंगलुरू ही भारत का वह शहर है जहां बड़े पैमाने पर स्टार्टअप्स जन्मे हैं। सिर्फ स्टार्टअप और आईटी हब के लिए ही नहीं, यह शहर अपनी मजबूत शैक्षणिक परंपरा और अनुसंधान केंद्र के रूप में भी मशहूर है। भारतीय विज्ञान संस्थान, इसरो और इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट यहीं स्थित हैं। साथ ही यह नगर एयरो स्पेस और रक्षा अनुसंधान केंद्र के रूप में भी मशहूर है।

इनोवेशन- नये आइडियाज का नगर

वैसे इसकी एक पारंपरिक छवि गार्डन सिटी के रूप में भी है। लालबाग, बॉटनिकल गार्डन और कुब्बन पार्क पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण रहते हैं। बंगलुरू की नाइट लाइफ और सांस्कृतिक वातावरण युवाओं के बेहद अनुकूल है। शायद इसीलिए यह आविष्कारों और नये आइडियाज का शहर है। वास्तुकला की नजर से बंगलुरू का सबसे चर्चित लैंडमार्क यहां की विधानसभा सौंध है। लेकिन बार बार घूमकर बंगलुरू की खासियत इसके आईटी हब की ओर ही लौट आती है। सिलिकॉन वैली की उपाधि भी इसे इसी वजह से मिली है।

स्टार्टअप्स के अनुकूल माहौल

बंगलुरू में आज से नहीं पिछली सदी के 90 के दशक से ही दुनिया की सारी बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों ने अपने ऑफिस खोलने शुरू कर दिए थे। आज यहां आईटी क्षेत्र के कुशल तकनीकी श्रमिकों की बहुलता है। इस कारण यहां का समूचा वातावरण स्टार्टअप्स और आईटी पार्कों के अनुकूल है। अपनी इसी विशिष्टता के कारण बंगलुरू आईटी तकनीकी और अनुसंधान का वैश्विक केंद्र बन गया है। तकनीकी विशेषज्ञता, सांस्कृतिक विविधता और कुदरत से मिले मोहक वातावरण के कारण बंगलुरू भारत ही नहीं विश्व के महानगरों में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है।

स्पीड न्यूज

अवैध ईंट भट्ठों पर हो कार्रवाई :पुटूस

रामगढ़। रामगढ़ जिला में अवैध तरीके से चलाए जा रहे ईंट भट्ठों को लेकर रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी व रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय पुटूस ने बुधवार को रामगढ़ डीसी को एक आवेदन देकर ईंट भट्ठों की उचित जांच कर संचालन करने का परमिशन देने की मांग की है। धनंजय कुमार पुटूस ने रामगढ़ डीसी को दिए आवेदन में कहा है कि पूरे जिला में चलने वाले ईंट भट्टे गैरकानूनी कार्यों के केन्द्र बन गए है। ईंट भट्ठा चलाने वालो का गिरोह सरकारी राजस्व को बड़ा नुकसान पहुंचाते रहे है। ये ईंट भट्टे प्रदूषण मानको को पूरा नहीं करते, मजदूरों को उचित पारिश्रमिक नहीं देते, वगैर वैध कागजात के ट्रेक्टरों का संचालन करते हैं। साथ ही साथ अवैध कोयला का उत्खनन व उपयोग करते हैं। दिखावे के लिए दो-चार ट्रक कोयला खरीद कर कागजात दिखाते है। जिले मे लगभग 150 ईट भट्टे विभिन्न थाना क्षेत्रों में संचालित है।

गोला में बसपा की बैठक आयोजित

गोला। बहुजन समाज पार्टी रामगढ़ जिला की बैठक दामोदर होटल गोला में हुई। बसपा के राज्य प्रभारी डॉ. लालजी मेधंकर एवं पूर्व प्रभारी पुनीत अंबेडकर उपस्थित थे। बैठक में डॉ लाल जी मेधानकर ने कहा कि बसपा किसी एक जाति की पार्टी नहीं है। जिसमें दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक शामिल हैं। इन चार वर्गों के लोगों को बहुजन कहा जाता है । जबकि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती ने जब उन्होंने उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी तो उन्होंने नारा दिया था सर्वजन हिताय, सर्जन सुखाय अर्थात बसपा सर्व समाज को साथ लेकर के चलती है। रामगढ़ विधानसभा पूर्व प्रत्याशी बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने बहन जी द्वारा किये गये कार्यों को बताया और रामगढ़ जिला के इस बैठक में कार्यकताओं से अपील किया कि अब हमारे पास 5 वर्ष का टाइम है। हम मजबूत संगठन का निर्माण करेंगे। बहन कुमारी मायावती के हाथों को मजबूत करेंगे।

ओएसडी ने कई स्कूलों का किया निरीक्षण

रामगढ़। राज्य परियोजना निदेशक रांची के निर्देश के आलोक में वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025-26 के निर्माण हेतु राज्य स्तरीय टीम द्वारा 19 एवं 20 दिसंबर को जिला अनुश्रवण कार्यक्रम निर्धारित है। उक्त के आलोक में गुरुवार को मुकेश सिन्हा ओएसडी मध्याह्न भोजन रांची की अध्यक्षता में गठित त्रिस्तरीय टीम द्वारा रामगढ़ जिला का भ्रमण किया गया। टीम ने विद्यार्थी पंजी, टोला टैगिंग,यूडीआईएसई , आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हितीकरण, जीरो ड्रॉप आउट स्कूल, अपार आईडी निर्माण, मध्याह्न भोजन, विद्यालय विकास योजना आदि कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम में अनुराधा रानी, कपिलदेव प्रसाद, शिवेंद्र मिश्रा, डीपीओ नलिनी रंजन, एपीओ कुमार राज, बीईओ सुलोचना कुमारी, बीपीओ मिथुन सागर उपस्थित थे।

झामुमो युवा मोर्चा ने बांटा कंबल

भुरकुंडा (रामगढ़)। बढ़ते ठंड को देखते हुए झामुमो युवा मोर्चा ने गुरूवार को बलकुदरा पंचायत के विभिन्न टोलो में दर्जनों गरीबों के बीच कंबल बांटा। झामुमो युवा मोर्चा के रामगढ़ जिलाध्यक्ष योगेंद्र यादव ने बलकुदरा पंचायत के पुराना टोला, बड़का टोला, डुमर टोला में गरीब-जरूरतमंद, वृद्ध महिला-पुरूषों के बीच कंबल का वितरण कर आगे भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। यादव ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। गरीबों को ठंड से राहत पहुंचाने का हर संभव कार्य झामुमो करेगा। मौके पर सन्नी मुंडा, ललीता देवी, ईश्वर प्रसाद, सतीश मुंडा, कुणाल यादव, जयनाथ मुंडा, दिपक यादव, जितेन्द्र यादव, विजय मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

रजरप्पा में छात्रों को मिला साइकिल

रजरप्पा। कक्षा 08 के छात्र-छात्राओं के बीच प्रखंड संसाधन केंद्र चितरपुर में साईकिल वितरण किया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो. इंशाअल्लाह ने कहा कि कल्याण विभाग द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार छात्राओं के लिए साइकिल योजना चला रही है। यह एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो न सिर्फ बेटी-बेटियों को स्कूल आने जाने में मदद करती है बल्कि शिक्षा की राह आसान हो जाती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्याह्न भोजन अनुश्रवन मो. शाहनवाज, सीआरपी रामविलास महतो, शिक्षिका अनुराधा केशरी, शिक्षक ओम प्रकाश प्रसाद, पप्पू कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

पैंकी नदी में दो ट्रैक्टर बालू जब्त

कुजू। पैंकी नदी से पुलिस-प्रशासन के संयुक्त छापामारी में बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया। इस दौरान दोनों ट्रैक्टरों को कुजू ओपी लाया गया। जानकारी के अनुसार अवैध बालू ढुलाई के रोकथाम को लेकर पुलिस-प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एक बार फिर से पैंकी नदी में अवैध बालू लोड करने की सूचना मिली। जिसके बाद एसडीओ अनुराग तिवारी, मांडू सीओ विमल सिंह व कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय वहां पहुंचकर अवैध रूप से बालू लोड दो ट्रैक्टरों को जब्त किया। जिसमें एक ट्रैक्टर की संख्या जेएच01डीटी-3193 है। वहीं एक बिना नंबर का है। पुलिस ने संबंधित लोगों पर मामला दर्ज किया।

अधिक से अधिक लोगों को बनायें भाजपा का सदस्य : रोशन

खबर मन्त्र संवाददाता

बड़कागांव। उरीमारी मंडल के हरली पंचायत भवन में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो एवं बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में मंडल अध्यक्ष आदित्य सोनी की अध्यक्षता में सदस्यता महापर्व को लेकर बैठक की गई। बैठक में विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं सदस्यता अभियान के प्रभारी महेंद्र राम बिहारी मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में विधायक रोशन लाल चौधरी का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। वहीं विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने वाले पांच पंचायत के पांच बूथ अध्यक्षों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत देशव्यापी त्यौहार जो चल रहा है । उसमें संगठन के कार्यकर्ता अपने-अपने कर्तव्य का निर्वहन करें और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का काम करें। जो विधायक के रूप में यहां की जनता ने हमें जिम्मेवारी दी है। उसका पूरा श्रेय यहां के एक-एक कार्यकर्ता एवं साथियों का है इसलिए उन्हें आभार व्यक्त करते हैं। पुर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा सांसद एवं विधायक हमारे अपने पार्टी से हैं इसलिए बड़कागांव की संपूर्ण समस्या का समाधान इनके कंधे पर है। सदस्यता अभियान के प्रभारी महेंद्र राम बिहारी ने कहा कि देशव्यापी सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए हमलोगों को अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए 15 जनवरी तक हरेक गांव टोलों तक सदस्य बनाना है। 8800002024 नं पर मिस्ड कॉल करने पर लिंक आने के बाद लिंक को खोलकर उसमें फॉर्म भरकर सदस्य बनना है। साथ ही साथ अपना सदस्यता कार्ड भी डाउनलोड कर लेना है। मौके पर हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा,जिला प्रभारी महेंद्र राम बिहारी,श्रीकांत निराला,नरेश साव, बेचन साव,मुकुटधारी महतो,किशोर राणा, अशोक साव,दिनेश करमाली,सुमन गिरी, ज्ञानचंद कुमार,उमेश दांगी,पुर्व मुखिया महेंद्र महतो,अशोक महतो, बढ़न तुरी, कुंवर महतो, पंसस कौशल्या देवी, सेवंती कुमारी,देवंती देवी,शांति देवी,गायत्री देवी,सुनील उरांव, भगीरथ ठाकुर, सचिदानंद पांडे समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सदस्यता को लेकर कार्यशाला आयोजित

विष्णुगढ़। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल ने बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल सभागार में प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने की तथा संचालन महामंत्री सुनील कुमार मिश्रा ने किया। प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि हजारीबाग सॉंसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा,प्रभारी मिथलेश कुमार पाठक तथा मंडल सदस्यता संयोजक डोमन गुप्ता की मौजूदगी में कामकाजी बैठक प्रारम्भ की गई। कार्यशाला की बैठक के पूर्व हजारीबाग सॉंसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा का मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार बर्णवाल उर्फ दीपू भाई समेत मंडल पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ तथा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। आयोजित कार्यशाला में प्रभारी मिथलेश कुमार पाठक ने सदस्यता अभियान के बारे में मडंल पदाधिकारियों,मंच मोर्चा के अध्यक्षो,शक्तिकेन्द्र संयोजक तथा बूथ अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल में सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी संयोजक डोमन गुप्ता सह-संयोजक गौतम भारती, जीवन सोनी को सौंपी गई है। मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सदस्यता अभियान को अंतिम रूप दिया जाना है। सदस्यता अभियान का शुभारंभ 22 दिसम्बर से की जानी है। शक्तिकेन्द्र में 200 सदस्यो को जोड़ना है। 23-24 दिसम्बर को मंडल के प्रत्येक बूथो में जाकर भाजपा से जुड़ने को इक्षुक लोगो को भाजपा का सदस्य बनाना है। 25 दिसम्बर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस बूथो पर जाकर मनाना है,और इस दिन श्रधेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि देते हुए अधिक से अधिक लोगो को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाना है। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व सॉंसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,शम्भूनाथ पाण्डेय,पूर्व महामन्त्री शंकर प्रसाद बर्मन,उपाध्यक्ष प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा,राकेश वर्मा उर्फ डब्लू सोनी,मंडल मंत्री राजेश सोनी,सुनील अकेला,राजू श्रीवास्तव,बंटी श्रीवास्तव,अनूप कुमार कसेरा,बिनोद गुप्ता,कुन्दन वर्मा,अरविंद लाहकार,राजेश प्रसाद,शशि लाहकार,मुकेश कुमार,पवन कुमार, तालेश्वर यादव,वकील सिंह,अशोक कुमार,जयनाथ साव,सुखदेव मंडल,रंजीत कुमार,राजू साव,सुरेश रजवार,अनुभव भारती, तिलेश्वर साव,मुन्ना सिंह,सुबोध कुमार,सुरेश कुमार दास,सुरेश रवानी समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

पीसीसी रोड में दरार

ग्रामीणों ने ठेकेदार पर घटिया सीमेंट का इस्तेमाल करने का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

कसैराधौड़ा से लेकर तीन नंबर तक बन रहा रोड

कुजू। मांडू प्रखंड के कुजू पूर्वी पंचायत अंतर्गत कसैराधौड़ा से लेकर तीन नंबर तक निर्माण किये जा रहे पीसीसी पथ में ठेकेदार द्वारा बरते गये अनियमितता दिखने लगा। जिसका ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। निर्माण किये गये पथ में कई जगह पर अभी से ही दरार पड़ने लगा है। इससे ग्रामीणों ने ठेकेदार पर घटिया सीमेंट का इस्तेमाल करने के साथ अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि पथ पर पड़े दरारों को छिपाने के लिए उस पर फैक्ट्रियों से निकलने वाले डस्ट को उस पर डालकर लीपा-पोती किया जा रहा है। पथ पर पड़े दरार की सूचना पाकर कुजू पूर्वी पंचायत के पंसस प्रतिनिधि फुलेश्वर साव ग्रामीणों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि पथ निर्माण के दो दिन के भीतर ही कई जगहों पर दरार पड़ने लगा है। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह से हालत रहा तो जल्द ही पथ का अस्तित्व खतरे में आ जायेगा। मामले को लेकर जेई से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पथ निर्माण में दरार पड़ने की सूचना मिली है। निरीक्षण करने के बाद ही कुछ बता सकते है। जबकि पथ पर डाले गये डस्ट के मामले में उन्होंने कहा कि सड़क पर पानी की नमी रहने के कारण उसको डाला गया है। इधर पथ निर्माण करा रहे संवेदक ओमप्रकाश सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अगर कहीं दरार पड़ा है तो शुक्रवार को जांच के बाद ही कुछ बता पायेंगे, और किसी प्रकार अनियमितता नहीं बरती जा रही है। बता दें डीएमएफटी फंड से कसैराधौड़ा से तीन नंबर तक उक्त पथ 98 लाख 55 हजार रुपए की लागत से निर्माण कराया जा रहा है।

गोला : भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

रामगढ़। गोला प्रखंड में अवैध तरीके से शराब की बिक्री की जा रही थी। इसकी सूचना लगातार उत्पाद विभाग को ग्रामीणों के जरिये दिए जा रही थी। इस सूचना के आधार पर गुरुवार को उत्पाद विभाग की टीम ने सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी के निर्देश पर एक्साइज इंस्पेक्टर कौंग्रेश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की। गोला प्रखंड के हेटगढ़ा और जोभिया गांव में छापेमारी के दौरान अरुणाचल प्रदेश में बिकने वाली ब्लैक डायमंड एंड ब्लैक टाइगर शराब की 194 बोतल, 90 लीटर स्पीरिट, 10 बोरा में विभिन्न ब्रांड एवं साइज के 1200 खाली बोतल जब्त किए गए। हेटगढ़ा गांव से शंकर साहू और जोभीया गांव से ताराचंद महतो एवं अन्य के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी में अवर निरीक्षक अमित मड़की, सिपाही नरेश महतो, कमलेश कुमार, विनय सिंह व प्रेम सिंह शामिल थे।

लायंस क्लब ने लगाया मोतियाबिंद शिविर

भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में भुरकुंडा टॉपकॉन ऑप्टिकल में गुरूवार को निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया गया। शिविर में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा 10 लोगों का नेत्र जांच किया गया। जिसमें दो लोग मोतियाबिंद के मरीज पाये गये। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने बताया कि 19 से 31 दिसंबर तक चलने वाले इस शिविर में क्षेत्रवासियों का निःशुल्क नेत्र जांच किया जायेगा। साथ ही शिविर में पाये गये सभी मरीजों का जनवरी माह में निरामया अस्पताल रांची में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से उक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि नेत्र शरीर का अनमोल रत्न है, इसकी देखभाल जरूरी है। आंखों में हल्की-फुल्की भी तकलीफ हो तो डॉक्टर से जरूर मिलें। शिविर को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, डॉ. एमके मंजुल, एमजेएफ संजय जायसवाल, विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णवाल, दीनबंधु सिंह, प्रमोद शर्मा, रेणु जायसवाल, रेखा मंजुल, सीमा यादव, सरिता देवी सहित क्लब के तमाम लोग जुटे थे।

हाथियों ने आलू, राहर व गोभी को रौंदा

रजरप्पा। भुचुंगडीह गांव के आस पास के क्षेत्र में जंगली हाथियों ने आलू, गोभी, राहर एवं कैला बगान की फसल को खाने के साथ साथ पैरों से रौंदकर बर्बाद कर दिया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने हाथियों को गांव से जंगल की ओर खदेड़ा। हाथियों का झूंड भुचुंगडीह जंगल में डेरा डाले हुए हैं। शाम होते ही जंगली हाथियों के चिघाड़ से गांव दहल रहे हैं। गांवों में जंगली हाथियों ने ठाकुरदास महतो, जगरनाथ महतो, केशव महतो, त्रिभुवन महतो, कुलेश्वर, तुलेश्वर, वीरेंद्र महतो, भरत लाल रविदास, राजू कुमार, ज्ञानी महतो, टिकेंद्र महतो समेत अन्य किसानों के खेतों को नुकसान पहुंचाया है। किसानों ने वन विभाग से हाथियों को दूर जंगल में खदेड़ने की मांग की है।हाथियों द्वारा फसल को बर्बाद किए जाने से किसान एवं ग्रामीण काफी चिंतित हैं। उन्होंने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। साथ ही ग्रामीणों ने वन विभाग से टॉर्च की मांग भी की है। मुखिया सुनीता देवी ने वन विभाग से किसानों को मुआवजा देने की मांग की है।

सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी के प्रति छात्रों का बढ़ रहा झुकाव

खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ मैग्जीन, न्यूज पेपर, इंटरनेट के साथ विद्यार्थियों के सुविधाओं का रखा जा रहा है ख्याल

भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसबीआई बैंक के समीप थर्ड प्लोर पर खुले सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी के प्रति दिन-प्रतिदिन छात्र-छात्राओं का झुकाव और विश्वास बढ़ता ही जा रहा है। यहां पर अध्ययरत विद्यार्थी यह समझ चुके हैं कि अगर जीवन में सफलता अर्जित करनी हो तो सेफ्ट स्टडी जरूरी है।

सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी के प्रोपराइटर राहुल वर्मा, सतीश वर्मा व आशीष वर्मा ने कहा कि संस्था को खोलने का उद्देश्य अब पूरा होता दिख रहा है। हमारे लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए मैग्जीन, न्यूज पेपर, विभिन्न प्रकार के किताब, इंटरनेट आदि की सुविधाओं के साथ-साथ बच्चों के पढ़ाई से संबंधित हर जरूरतों का संस्था पूरा ख्याल रख रही है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी।

बताया गया कि भुरकुंडा कोयलांचल में इस तरह की व्यवस्था पहले नहीं थीं, लेकिन अब यहां लाइब्रेरी खुल चुका है। जो विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में काफी लाभकारी सिद्ध होगा।

शिक्षक आशीष वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधाओं का इस लाइब्रेरी में पुरा ख्याल रखा जा रहा है। विद्यार्थियों की संतुष्टि ही हमारे संस्था का उद्देश्य भी है। उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। अगर बच्चे लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करेंगे तो सफलता उनकी कदम चुमेगी।

एक नजर में

सलगावां में लगा विशेष पशु चिकित्सा शिविर

कटकमदाग। प्रखंड के सलगावां में पशुपालन विभाग की ओर से गुरुवार को विशेष पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन गुड गवर्नेंस वीक के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के द्वारा किया गया। 19 से 24 दिसंबर तक प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में शिविर लगाया जाएगा। शिविर में करीब 70 पशुपालकों के बीच पशुओं के लिए कैल्शियम पाउडर, एलवी डॉल, कालपोस, ग्रोमिन डीएस, पाचन प्लस आदि दवाईयां वितरण किया गया। दवा वितरण का शुभारंभ प्रभारी प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार दास ने किया। इस दौरान उन्होंने गांव में बीमार पशुओं की भी जांच कर पशुपालकों को उचित सलाह दी। शिविर को सफल बनाने में पशु चिकित्सा कर्मी अमृत राम, एआई पवन कुमार, श्यामलाल गांझू, कौशिक कुमार, उपेंद्र मेहता का योगदान रहा।

हाइवा ने तोड़ा बिजली का पोल, आपूर्ति बाधित

कटकमदाग। अनियंत्रित हाइवा ने कुद चौक पर बिजली की पोल से जा टकराया जिससे कि लगभग पांच बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गया वहीं बिजली की पोल सड़क पर गिर जाने की वजह से सड़क भी अवरुद्ध हो गई । आलम यह था कि लगभग 12:30 बजे के बाद क्षेत्र की बिजली गुल हो गई और और न 100 पर लगभग 7 से 8 किलोमीटर का लंबा महाजन लग गया । सुबह बिजली विभाग के लोगों के पहुंचने के बाद एवं कटकमदाग पुलिस की मौजूदगी में सड़क पर से पोल को हटाया गया , उसके बाद धीरे-धीरे परिचालन शुरू हुई लेकिन लगभग 9:00 बजे तक परिचालन पूरी तरह से सुचारू रूप से चालू नहीं हो सका था हालांकि कटकमदाग पुलिस सड़क से जाम हटाने में लगी हुई थी और परिचालन सुचारू रूप से चालू हो इसके लिए काम कर रही थी तो वही बिजली विभाग के लाइन मैन दिनेश विश्वकर्मा , पवन सिंह , साबिर , प्रदीप एवं विजय कुमार बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगे हुए थे तो वही मसरातु पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धीरज कुमार भी बिजली व्यवस्था एवं सड़क जाम जल्द से जल्द खुला इसके लिए प्रयासरत थे।

किसानों को मिले बिजाई मशीनः महताब हुसैन

विष्णुगढ़। गैड़ा पंचायत समिति सदस्य सह झामुमो हजारीबाग के मीडिया प्रभारी महताब हुसैन ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार को आवेदन देकर किसानों को अनुदानित दर पर बिजाई मशीन उपलब्ध कराने की मांग की है। श्री हुसैन ने कहा कि समय-समय पर कृषि विभाग के द्वारा कई तरह के कृषि यंत्र अनुदानित दर पर उपलब्ध कराए जाते हैं जो किसानों के लिए काफी लाभकारी होता है। आज का युग आधुनिक तकनीक का है ऐसे में किसानों को आधुनिक तकनीक से कृषि के लिए प्रेरित करना बहुत ही आवश्यक है। पारंपरिक खेती की वजह से हमारे क्षेत्र के किसान अपना लागत मूल्य भी नहीं जुटा पाते जिससे पलायन जैसी समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। आधुनिक बिजाई मशीन रबी एवं खरीफ दोनों फसल के लिए काफी उपयोगी है। बिजाई मशीन से मक्का, मूंग, राई, सरसों राजमा जैसी फसलों को में इसकी लागत अधिक होने के कारण बहुत सारे किसान इसको खरीद नहीं पाते हैं अगर सरकार के द्वारा बिजाई मशीन उपलब्ध कराई जाती है तो किसानों की लागत कम होगी एवं उपज भी बढ़ेगी। आधुनिक तकनीक से खेती कर हमारे क्षेत्र के किसान सुखी संपन्न हो बन सकते हैं।

कटकमसांडी में सदस्यता को लेकर भाजपा की बैठक

कटकमसांडी। पश्चिमी मण्डल में भाजपा सदस्यता अभियान 2024 को लेकर मण्डल अध्यक्ष कैलाश यादव की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल ओर इस बैठक के प्रभारी सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक यादव ने कहा कि 22 दिसंबर से 15 जनवरी तक पूरे राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान चलेगा. पिछले चुनाव में जो परिणाम आये हैं उसको भाजपा स्वीकार करते हुए भाजपा पूरे राज्य में जोर-सौर से सदस्यता अभियान चलायेगी इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व बीत गया है. संगठन का महापर्व आ गया है. इसलिए हम सबको खुशी मनाना चाहिए कि सदस्यता के महापर्व में हमलोग जाने वाले हैं. सभी को संकल्प लेना होगा कि ज्यादा से ज्यादा नया सदस्य बनाना है और भाजपा को मजबूत बनाना है. वहीं मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार भारतीय जनता पार्टी की ओर से बैठक आयोजित की गयी, जिसमें आगामी कार्यक्रम सदस्यता अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया. सदस्यता अभियान के लिए टोल फ्री नंबर 8800002024 जारी नम्बर पर मिसकॉल कर सदस्य को बनाएं मौके पर जिला मंत्री रीतलाल यादव,पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, एससी मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष अजीत कुमार दास,पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद,पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता,महामंत्री अरविंद यादव,पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता,महिला मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष सुनीता यादव,युवा मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष सुमन राय,दुर्जाय प्रसाद, सुभाष यादव,शंकर यादव,मिथलेश सिंह, एवं दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

बालू डंपिंग यार्ड का सीओ ने किया निरीक्षण

बड़कागांव। प्रखंड अंतर्गत संचालित तीन बालू डंपिंग यार्ड का अंचलाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में आला अधिकारियों के निदेर्शानुसार निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तीनों यार्ड संदिग्ध पाया गया। मामले को लेकर अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि तलसवार पंचायत के अशोक महतो, कोयलंग में संचालित पूनम इंटरप्राइजेज उर्फ जितेंद्र महतो ,बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी का संचालित डंपिंग बालू यार्ड संदिग्ध पाया गया है। इन तीनों बालू डंपिंग यार्ड में जमा बालू की मापी कर ली गई है। ये तीनों संचालक जब तक अपने बालू यार्ड से संबंधित कागजात उपलब्ध नहीं कर देते, तब तक इन डंपिंग यार्ड से किसी भी प्रकार का बालू संचालन नहीं किया जाएगा। ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बालू डंपिंग यार्ड का संचालन माइनिंग विभाग से चालान लेकर ही करें। मौके पर एसडीपीओ पवन कुमार,थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल सहित अंचल कर्मी उपस्थित थे।

कुजू : शिष्टा का क्षेत्रीय कमिटि गठित

कुजू। क्षेत्र के सीसीएल पुंडी परियोजना के कैंटिन में एससी एसटी ईम्पलाईज एसोसिएशन (शिष्टा) का कुजू क्षेत्रीय कमिटि चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता एसके प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से शिष्टा के केंद्रीय महासचिव राम नारायण राम, केंद्रीय उप महासचिव जैनेंद्र भारती शामिल हुए। शिष्टा सीसीएल कुजू क्षेत्रीय कमेटी का चुनाव करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष राम प्रसाद बेदिया, उपाध्यक्ष नागेश्वर करमाली व नंदकिशोर प्रसाद, सचिव ब्रह्मदेव राम, संगठन सचिव राजू रविदास, उप सचिव बजरंग लाल व राजा राम, कोषाध्यक्ष ऐलारुष उरांव, कार्यकरिणी सदस्यों में गणेश तुरी, सीमेन पीटर बारला, सबिता देवी, सुषमा गाडी, भागीरथ मांझी, बबलू मांझी, अघनू मांझी, मुटर गंझु, सुदामा प्रजापति, मिश्रा कुमार गंझु का चयन किया गया।

महाकुंभ का आध्यात्मिक, वैज्ञानिक व आर्थिक महत्व

पंकज जगन्नाथ

आधुनिकता की उन्मत्त गति की विशेषता वाली दुनिया में, कुछ ही आयोजन ऐसे होते हैं जो लाखों लोगों को अपने से बड़े उद्देश्य की खोज में एकजुट करने की क्षमतारखते हैं। महाकुंभ मेला, 12 वर्षों की अवधि में चार बार होने वाला एक श्रद्धेय मेला, इस उद्देश का उदाहरण है।कुंभ मेला, दुनिया भर में सबसे बड़ा शांतिपूर्ण सम्मेलन है, जिसमें लाखों तीर्थयात्री आते हैं जो अपने पापों को शुद्ध करने और आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त करने के लिए पवित्र नदियों में डुबकी लगाते हैं। तीर्थयात्री 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज की अपनी यात्रा की तैयारी करते हैं, वे आध्यात्मिक अनुष्ठानों की एक श्रृंखला में भाग लेंगे और एक ऐसी यात्रा पर निकलेंगे जो भौतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सीमाओं को पार करती है। हर हिंदू उत्सव और अनुष्ठान के पीछे शास्त्रीय आधार होता है। उन्हें जोश और उत्साह के साथ-साथ एक ठोस वैज्ञानिक, ऐतिहासिक और दार्शनिक आधार के साथ सम्मानित किया जाता है ये सभी विशेषताएँ मिलकर किसी त्योहार को मनाने या अनुष्ठान करने का कारण प्रदान करती है।

इन अनुष्ठानों का उद्देश्य किसी व्यक्ति को आध्यात्मिक मार्ग पर ले जाना है जहाँ वे पूर्ण मनोवैज्ञानिक संतुलन, नवीनीकरण और विश्राम प्राप्त कर सकें। महाकुंभ मेले के कुछ वैज्ञानिक तत्व इस प्रकार हैं: महाकुंभ मेला एक ऐसा उत्सव है जिसमें विज्ञान, ज्योतिष और आध्यात्मिकता का समावेश होता है। महाकुंभ की तिथियों की गणना वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग करके की जाती है, जिनमें से अधिकांश ग्रहों की स्थिति का उपयोग करते हैं। जब बृहस्पति ग्रह ज्योतिषीय राशि वृषभ में प्रवेश करता है, तो यह सूर्य और चंद्र के मकर राशि में प्रवेश के साथ मेल खाता है। ये परिवर्तन जल और वायु को प्रभावित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रयागराज के पवित्र शहर में पूरी तरह से सकारात्मक वातावरण बनता है। बस उस पवित्र स्थल पर होना और गंगा में पवित्र डुबकी लगाना आध्यात्मिक रूप से आत्मा को प्रबुद्ध कर सकता है, जिससे शारीरिक और मानसिक तनाव कम हो सकता है। ज्योतिषः यह उत्सव तब होता है जब सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति कुछ निश्चित स्थितियों में होते हैं।

नदी संगमः यह आयोजन नदी संगम पर होता है जहाँ सौर चक्र में विशिष्ट अवधियों में अद्वितीय शक्तियाँ कार्य करती हैं। जलः माना जाता है कि यह आयोजन जलमार्गों के ऊर्जा मंथन से जुड़कर शरीर (72% जल) को लाभ पहुँचाता है। महाकुंभ मेला पूरे भारत से लोगों का एक विशाल जमावड़ा है जो पवित्र गंगा नदी में स्नान करने के लिए आते हैं। यह आयोजन ज्ञानसे भरा हुआ है और इसमें कई अनुष्ठान और सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल हैं। कुंभ मेला न केवल दुनिया का सबसे बड़ा मानव समागम है, बल्कि आध्यात्मिक रूप से सबसे गहरा भी है, जो दुनिया भर से लाखों भक्तों, संतों और साधकों को आकर्षित करता है। प्रयागराज में अगला कुंभ मेला 2025 लोगों के लिए अपने आध्यात्मिक सार से फिर से जुड़ने, अपनी आत्मा को शुद्ध करने और सहस्राब्दियों से चली आ रही पवित्र यात्रा पर निकलने का एक अनूठा अवसर है। संक्षेप में, कई ग्रहों की स्थिति का हमारे ग्रह के जल और वायु पर प्रभाव पड़ता है। कुछ ग्रहों की स्थिति में, एक विशिष्ट समय के दौरान एक विशिष्ट स्थान के सकारात्मक ऊर्जा स्तर उच्च हो जाते हैं, जो आध्यात्मिक विकास और जागृति के लिए एक आदर्श वातावरण बनाते हैं।

मुख्यमंत्री को सलाह देने वाले पूर्व आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी ने अनुमान लगाया कि यदि प्रत्येक तीर्थयात्री 8,000 रुपये खर्च करता है, तो कुल आर्थिक गतिविधि 3.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है, जो इस आयोजन के विशाल वित्तीय महत्व को दशार्ता है।

स्वतंत्रता के बाद महाकुंभ मेले का महत्व और भी बढ़ गया, जो राष्ट्रीय एकता और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। 2017 में यूनेस्को द्वारा मानव जाति की अमूर्त सांस्कृतिक संपत्ति के रूप में मान्यता प्राप्त कुंभ मेला आधुनिकता के सामने पारंपरिक परंपराओं के अस्तित्व और अनुकूलन का गवाह है। विविधता में एकताः महाकुंभ कई जातियों, पंथों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों लोगों को एक साथ लाता है, जिससे सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलता है। 2025 में महाकुंभ मेला सिर्फ.एक मेले से कहीं ज्यादा है; यह खुद की ओर एक यात्रा है। अनुष्ठानों और प्रतीकात्मक कर्मों से परे, यह तीर्थयात्रियों को आंतरिक विचारों में संलग्न होने और पवित्रता के साथ अपने संबंध को गहरा करने का अवसर देता है। आधुनिक जीवन की माँगों से भरी दुनिया में, महाकुंभ मेला एकजुटता, पवित्रता और ज्ञान के प्रतीक के रूप में सामने आता है। यह शाश्वत यात्रा एक मजबूत अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है कि मानवता के विविध मार्गों के बावजूद, हम मौलिक रूप से एकजुट हैं- शांति, आत्म-साक्षात्कार और पवित्रता के लिए एक अटूट सम्मान की एक आम खोज।

सनातन धर्म में प्रत्येक आध्यात्मिक या धार्मिक गतिविधि का मानव और सामाजिक उत्थान से एक मजबूत संबंध है, जो सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देता है और साथ ही हमें यह भी याद दिलाता है कि सनातन धर्म जातिगत भेदभाव में विश्वास नहीं करता है, जिससे लाखों लोगों को आर्थिक रूप से बढ़ावा मिलता है।

महाकुंभ मेला 2025 में न केवल आध्यात्मिक जीवन को समृद्ध करने की क्षमता है, बल्कि उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक आर्थिक विकास को भी गति देने की क्षमता है। अपने विशाल आकार और इससे पैदा होने वाली नौकरियों के साथ, इस आयोजन का उद्देश्य एक स्थायी विरासत छोड़ना है, जो राज्य को वैश्विक आर्थिक केंद्र में बदल देगा। इस आयोजन का आर्थिक प्रभाव न केवल तात्कालिक है, बल्कि यह कई वर्षों तक क्षेत्र में पर्यटन, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करता रहेगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

दाहिने हाथ को उठा कर रखते हैं राधे पुरी बाबा, 14 साल से कर रहे

प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन से पहले ही नगर में देश-विदेश से साधु संत अपना शिविर लगाने आने लगे हैं। अखाड़ों की धर्म ध्वजा, नगर प्रवेश और कुंभ छावनी प्रवेश यात्रा की परंपरा में महाकुंभ मेला क्षेत्र पहुंचे विदेशी साधु संतों को भी नव्य व्यवस्था रास आ रही है।

जूना अखाड़े ने छावनी प्रवेश आरंभ कर दिया है। वहीं इस बीच, राधे पुरी बाबा आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। उज्जैन के रहने वाले राधे पुरी बाबा ने एक तप रखा है, जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। दरअसल, बाबा ने तकरीबन 14 साल अपना हाथ उठा कर रखा है।

इसे क्रिया को हठ योग कहा जाता है। साल 2011 से उन्होंने ऐसा करना शुरू किया है। राधे पुरी बाबा अपने दाहिने हाथ को उठा कर रखते हैं। इस वजह से उनका हाथ पूरी तरह से सुन्न पड़ गया है और नाखून भी काफी बड़े-बड़े हो गए हैं।

जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर सोम गिरी उर्फ पायलट बाबा की जापानी शिष्या योग माता और महामंडलेश्वर केको केई का कहना है कि जूना अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा से आगामी महाकुंभ के आयोजन का अंदाजा लगने लगा है। उनके मुताबिक, हवाई संपर्क से लेकर सड़क और रेल परिवहन की व्यवस्था अच्छी है।

दो हजार साल पुराना है कुंभ का इतिहास

इतिहास की खोजः समय के साथ एक यात्रा कुंभ मेला, एक हिंदू तीर्थ मेला है, जो हर बारह साल में चार बार चार अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जाता हैः प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक। कुंभ मेला 2025 प्रयागराज में होगा, जहाँ पवित्र नदियाँ गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती संगम पर मिलती हैं। कुंभ मेले का इतिहास हजारों साल पुराना है, जिसका आरंभिक उल्लेख मौर्य और गुप्त काल (चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से छठी शताब्दी ई.पू.) से मिलता है। प्रारंभिक मेलें, हालाँकि वर्तमान कुंभ मेले जितनी बड़ी नहीं थीं, लेकिन भारतीय उपमहाद्वीप के सभी हिस्सों से तीर्थयात्रियों को आकर्षित करती थीं। हिंदुत्व के उदय के साथ मेले का महत्व बढ़ गया, गुप्त जैसे सम्राटों ने इसे एक प्रतिष्ठित धार्मिक सभा का दर्जा दिया। मध्यकाल के दौरान कुंभ मेले को कई शाही राजवंशों द्वारा समर्थन दिया गया था, विशेष रूप से चोल और विजयनगर साम्राज्यों द्वारा। उन्नीसवीं सदी में, ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रशासक जेम्स प्रिंसेप जैसे लोगों ने कुंभ मेले का दस्तावेजीकरण किया, जिसमें इसके अनुष्ठानिक अनुष्ठानों, विशाल सभाओं और सामाजिक-धार्मिक गतिशीलता का उल्लेख किया गया। इन साक्ष्यों ने समय के साथ कुंभ के विकास और स्थायित्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

महाकुंभ 2025 के श्रध्दालुओं को टेंट सिटी हाईटेक उपहार

महाकुंभ मेला 2025 को लेकर श्रद्धालु हर जानकारी, मार्गदर्शन, महाकुंभ के कार्यक्रमों की लेटेस्ट अपडेट हाईटेक तरीके से पा सकेंगे। इसके लिए पीएम मोदी खुद प्रयागराज जा रहे हैं।

उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में पवित्र संगम पर होने वाले महाकुंभ 2025 को लेकर मोदी-योगी सरकार अब हाईटेक हो चली है। महाकुंभ 2025 में आनेवाले श्रध्दालुओं को कोई परेशानी ना हो, सभी जानकारियां मिलें, उसके लिए सरकार ने एक डिजिटल सहायक बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाकुंभ के लिए इसी सहायक चैटबॉटका शुभारंभ करेंगे। यह चैटबॉट महाकुंभ मेला 2025 के बारे में श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन और कार्यक्रमों की नवीनतम जानकारी प्रदान करेगा।

इन परियोजनाओं से श्रद्धालुओं की पहुंच आसान होगी और आध्यात्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

पीएम मोदी ने करीब 2 बजे प्रयागराज में लगभग 5500 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री महाकुंभ 2025 के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। इसमें प्रयागराज में आधारभूत सुविधाओं को बढ़ावा देने और निर्बाध संपर्क प्रदान करने के लिए 10 नए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) या फ्लाईओवर, स्थायी घाट और रिवरफ्रंट सड़कें जैसी विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाएं शामिल होंगी।

स्वच्छ और निर्मल गंगा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री गंगा नदी की ओर जाने वाले छोटे नालों को रोकने, टैप करने, मोड़ने और उपचारित करने की परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। इससे नदी में बिना उपचार वाले जल का गंगा नदी में पहुंचना पूरी तरह से रोक पाना सुनिश्चित होगा।

45 दिनों तक चलेगा महाकुंभ

कब से कब तक लगेगा महाकुंभ?

हिन्दू पंचांग के अनुसार पौष पूर्णिमा के दिन महाकुंभ आरंभ होगा और महाशिवरात्रि के साथ इसका समाप्त हो जाएगा। **साल 2025 में महाकुंभ 13 जनवरी से आरंभ होगा और 26 फरवरी 2025 को समाप्त होगा। महाकुंभ पूरे 45 दिनों तक चलेगा।**

महाकुंभ 2025 प्रमुख स्नान तिथियां - फोटो :

महाकुंभ 2025 प्रमुख स्नान तिथियां

महाकुंभ 2025 प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण शाही स्नान तिथियां हैं:

13 जनवरी 2025: पौष पूर्णिमा (पहला शाही स्नान)

14 जनवरी 2025: मकर संक्रांति (दूसरा शाही स्नान)

29 जनवरी 2025: मौनी अमावस्या (तीसरा शाही स्नान)

3 फरवरी 2025: बसंत पंचमी (चौथा शाही स्नान)

12 फरवरी 2025: माघ पूर्णिमा (पांचवा शाही स्नान)

26 फरवरी 2025: महाशिवरात्रि (अंतिम शाही स्नान)

क्यों हर 12 वर्ष में लगता है कुंभ मेला?

मान्यता है कि कुंभ मेले की उत्पत्ति समुद्र मंथन की प्राचीन कथा से जुड़ी है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, देवताओं और असुरों ने अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन किया था। अमृत कलश को लेकर देवताओं और असुरों के बीच 12 दिव्य दिनों तक संघर्ष चला था। ये 12 दिन पृथ्वी के 12 वर्षों के बराबर माने जाते हैं।

कथा के अनुसार, इस दौरान अमृत की कुछ बूंदें 12 स्थानों पर गिरी थीं, जिनमें से चार स्थान पृथ्वी पर स्थित हैं, जो प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक हैं।

यही कारण है कि इन स्थानों पर कुंभ मेला आयोजित किया जाता है। वहीं ज्योतिषीय दृष्टिकोण से देखा जाए तो बृहस्पति ग्रह हर 12 वर्षों में 12 राशियों का चक्र पूरा करता है। ऐसे में कुंभ मेला का आयोजन उस समय होता है, जब बृहस्पति किसी विशेष राशि में स्थित होते हैं।

अगले 10 साल में भारत में टूरिज्म से 45 लाख करोड़ का, 6 करोड़ से ज्यादा जॉब

अगले 10 वर्षों में भारतीय टूरिज्म सेक्टर 45 लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा, और इसमें 6.3 करोड़ मोटी तनख्वाह वाली नौकरियां मिलेंगी।

भारत के पर्यटन क्षेत्र का आकार अगले 10 साल में दोगुना होकर 523 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जूलिया सिम्पसन ने यह कहा है।

डब्ल्यूटीटीसी यात्रा और पर्यटन उद्योग के मुद्दों पर सरकारों के साथ काम करती है और इस क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक योगदान पर वैश्विक प्राधिकरण है। सिम्पसन ने पीटीआई भाषा के साथ विशेष बातचीत में कहा, ह्लयात्रा और पर्यटन क्षेत्र भारत में 4.5 करोड़ लोगों को रोजगार देता है और मूल्य के हिसाब से यह दोगुना होने जा रहा है। अगले 10 वर्षों में भारत में यह क्षेत्र 523 अरब डॉलर का हो जाएगा, जो वर्तमान आकार 256 अरब डॉलर से दोगुना से भी अधिक है।

उन्होंने कहा, 10 साल में भारत में पर्यटन क्षेत्र 6.3 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करेगा। सिम्पसन ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे खूबसूरत और अद्भुत देशों में से एक है। सदियों से पर्यटक और आगंतुक इसके तटों और अद्भुत शहरों की ओर आकर्षित होते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का खुले दिल से स्वागत करता है और भारतीय आतिथ्य अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा, ह्लपर्यटन भारतीय अर्थव्यवस्था का लगभग सात प्रतिशत हिस्सा है और 2019 में यह लगभग 211 अरब डॉलर था। अब यह लगभग 256 अरब डॉलर है और भारत में 4.5 करोड़ लोगों को रोजगार देता है।ह्व

वरिष्ठ कार्यकारी ने कहा कि वैश्विक पर्यटन का लगभग 50 प्रतिशत तटीय रिजॉर्ट्स और समुद्र के नजदीकी इलाकों में होता है। लोग समुद्र तटों को देखना चाहते हैं और अद्भुत जल क्रीड़ाओं का आनंद लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, तटीय क्षेत्र मौसम में खतरनाक परिवर्तनों और बढ़ते समुद्री स्तर के मामले में ग्लोबल वार्मिंग के प्रति बहुत संवेदनशील हैं।

उन्होंने कहा कि डब्ल्यूटीटीसी ने हाल ही में तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा में मदद करने के उपायों के बारे में एक रिपोर्ट जारी की है। ह्यअगर आप मियामी जैसी जगहों को देखें तो वे अपने तटीय क्षेत्र को मजबूत बनाने में बहुत निवेश कर रहे हैं। उनके पास अच्छी चेतावनी प्रणाली हैं और उन्होंने ऐसे बुनियादी ढांचे का भी निर्माण किया है जो इन बहुत ही चुनौतीपूर्ण मौसम की घटनाओं का प्रतिरोध करता है।

45 करोड़ यात्री दो लाख करोड़ की आय

वरिष्ठ पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि मेले के बुनियादी ढांचे और संपूर्ण विश्व से आने वाले कई यात्री वर्षों तक पर्यटन को लाभ पहुचायेंगे। उन्नत सुविधाएं और कनेक्टिविटी क्षेत्र पर स्थायी प्रभाव डालेगी। सीआईआई की एक पुरानी रिपोर्ट के अनुसार, 2013 में हुए महाकुंभ से कुल 12,000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जिसमें हवाई अड्डों और होटलों के बुनियादी ढांचे में सुधार शामिल था, जबकि 2019 में कुंभ मेले से कुल 1.2 लाख करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। सीआईआई के अनुसार, हालांकि कुंभ मेला आध्यात्मिक और धार्मिक प्रकृति का है, लेकिन इससे जुड़ी आर्थिक गतिविधियों ने 2019 में विभिन्न क्षेत्रों में छह लाख से अधिक लोगों को रोजगार दिया। योगी सरकार राज्य की पर्यटन अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त प्रयास कर रही है, जिसमें आने वाला महाकुंभ इस पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उम्मीद है कि इस शानदार आयोजन से संबंधित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रोजगार की संभावनाओं से लगभग 45,000 परिवार लाभान्वित होंगे और विभिन्न क्षेत्रों में लाखों लोग लाभान्वित होंगे।

कुंभ मेले का आर्थिक महत्व प्रधानमंत्री ने हाल ही में महाकुंभ 2025 की तैयारी के लिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कुल ?5,500 करोड़ की 167 विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। 11 भारतीय भाषाओं में श्रद्धालुओं की मदद के लिए बहुभाषी एआय-संचालित चैटबॉट, सह'ए'यक को पेश किया गया। लगभग 4,000 हेक्टेयर में फैले महाकुंभ में 40-45 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम बन जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के आर्थिक सलाहकार केवी राजू का दावा है कि अनुमानित 45 करोड़ तीर्थयात्रियों के साथ, महाकुंभ से कम से कम 2 लाख करोड़ रुपये की आय हो सकती है।

पौष पूर्णिमा स्नान के साथ होगी कल्पवास की शुरूआत, जानें कितने कल्पवासी करेंगे जप-तप

सात लाख से अधिक कल्पवासियों के लिए प्रशासन ने की व्यवस्था

महाकुंभ नगर , प्रयागराज के संगम तट में लगने जा रहे आस्था के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक समागम में कल्पवास की शुरूआत पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ होगी। मेले में सात लाख से अधिक कल्पवासियों के एक महीने तक जप-तप के लिए आने का अनुमान है।

अपर जिलाधिकारी (कुंभ) विवेक चतुवेर्दी ने बताया कि महाकुंभ में अखाड़ों के वैभव के अलावा यहां कल्पवासियों की जप, तप और संयम की त्रिवेणी भी प्रवाहित होती है। पौष पूर्णिमा से पूरे एक महीने तक गंगा और यमुना की रेत पर तंबुओं के शिविर बनाकर ठिठुरती ठंड में साधना करने वाले कल्पवासियों की संख्या बढ़ी है। इस बार लगभग सात लाख से अधिक कल्पवासियों के लिए प्रशासन ने व्यवस्था की है।

मेला के विभिन्न सेक्टर में लगभग 900 बीघे जमीन में इसके लिए व्यवस्था की जा रही है। मेला क्षेत्र में मूल रूप से कल्पवास करने वाले इन श्रद्धालुओं के लिए गंगा के तटों के पास ही तंबुओं की व्यवस्था की गई है ताकि सुबह प्रतिदिन इन्हें गंगा स्नान के लिए दूर तक ना चलना पड़े। उप जिलाधिकारी (कुंभ) अभिनव पाठक के मुताबिक, विभिन्न सेक्टर में बस रहे कल्पवासियों के शिविर में स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है।

कल्पवासियों के शिविर में अलग अलग रंग की कचरा पेटी रखी जाएंगी। सूखे कूड़े के लिए अलग और गीले कूड़े के लिए अलग कचरा पेटी होगी। माघ के जिस महीने में ये कल्पवासी गंगा के तट पर कल्पवास करते हैं, वह समय कड़ाके की ठंड का होता है। बुजुर्ग कल्पवासियों की शीतलहर से रक्षा के लिए शिविर के बाहर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाएगी।

स्पीड न्यूज

जिला क्रॉस कंट्री 22 को करणडीह में

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला एथलेटिक्स एथलेटिक्स एसोसिएशन 22 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से पूर्वी सिंहभूम जिला क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता जयपाल मैदान, करनडीह में करेगा। जिसमें कुल 8 ग्रुप में प्रतियोगिता संपन्न होगी। इस प्रतियोगिता के आधार पर पूर्वी सिंहभूम जिला टीम का गठन किया जायेगा। 31 को 15वीं झारखंड राज्य क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप आयोजित की जानी है। जानकारी सचिव रवींद्र नाथ मुर्मू ने दी है।

जमशेदपुर-ईस्ट बंगाल एससी में मुकाबला कल

कोलकाता। लगातार दो जीत हासिल कर लय में लौटी जमशेदपुर एफसी 21 दिसंबर को ईस्ट बंगाल एससी के खिलाफ अपने अहम इंडियन सुपर लीग मुकाबले के लिए कोलकाता पहुंच गयी है। विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में होने वाला यह मैच निर्णायक होने वाला है, जहां रेड माइनर्स जीत के साथ टॉप 4 में जगह बनाने की कोशिश करेंगे। फिलहाल, 18 अंकों के साथ छठे स्थान पर मौजूद जमशेदपुर अपनी जीत की लय को जारी रखने और प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने के लिए तैयार है।

शाह का बयान भाजपा के चरित्र का प्रमाण : बन्ना

जमशेदपुर। पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी आलोचना की है। पूर्व मंत्री ने कहा कि देश के संविधान को बदलने को आतुर भाजपा ने साबित कर दिया कि वो संविधान को नहीं मानती और संविधान बदलने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है, पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी ने सिर्फ बाबा साहब अम्बेडकर का अपमान नहीं किया देश के संविधान निर्माता और एक महान पुरुष का भी अपमान किया है।

अज्ञात वाहन के धक्के से मार्शल मांझी की मौत

चांडिल। गुरुवार को चांडिल थाना क्षेत्र के एनएच 33 भुइयांडीह के पास शाम करीब पांच बजे अज्ञात वाहन के धक्के से चांडिल थाना क्षेत्र के धातकीडीह निवासी मार्शल मांझी (25) की मौत हो गयी। चांडिल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन की तलाश में जुटी है।

हर हर महादेव सेवा संघ का कंबल सेवा जारी

जमशेदपुर। हर वर्ष की भांति, आज हर हर महादेव सेवा संघ द्वारा साकची स्थित कार्यालय में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण सेवा का आयोजन किया गया। कालीमाटी रोड, काशीडीह और आसपास के क्षेत्रों के सभी जरूरतमंदों के बीच इस सेवा को विस्तार दिया गया। संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा है कि संघ की यह सेवा निरंतर जारी रहेगी। इसे और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास मिलकर करेंगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

गंदगी से बजबजा रहा है सोनारी और मानगो, सफाई का प्रबंध करवाइये मुख्यमंत्री जी!

मानगो की गंदगी देख पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सीएम हेमंत सोरेन को भेजा त्राहिमाम संदेश

- चैनपुर के संत जॉन चर्च में डीकन एजेकिएल टोप्पो का हुआ पुरोहिताभिषेक
- भारी संख्या में पुरोहित, धर्म बहनें व धर्म विश्वासी हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता भले ही चुनाव हार गये हैं किन्तु अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं से मुंह नहीं मोड़ा है। मानगो में कचरा निष्पादन नहीं होने से पैदा हुई विचित्र स्थिति को देखते हुए उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास त्राहिमाम संदेश भेजा है।

बन्ना गुप्ता ने सीएम को बताया है कि पूर्वी सिंहभूम जिला के मानगो नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विगत कई दिनों से कचड़ा का उठाव नही होने के कारण गली, मोहल्लों, चौक चौराहो, मुख्य सड़कों पर कचड़े का अंबार लगा हुआ है, गन्दगी और बदबू से आमलोग त्रस्त है लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गंदगी से कई तरह की बीमारी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एक कार्यक्रम के दौरान गुफ्तगू करते पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की फाइल फोटो।

उत्पन्न होने की संभावना बढ़ गई है,बीमार मरीजों का अस्पताल जाना, बच्चों का स्कूल जाना, महिलाओं एवं बुजुर्ग जनों का टहलना बंद हो गया है।

पत्र में बन्ना गुप्ता ने वर्तमान विधायक सरयू राय की आलोचना करते हुए लिखा है कि झूठ के सौदागर और जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय जी की नासमझी, और बचकाना हरकत का नतीजा हैं कि आज मानगो समेत पूरे जमशेदपुर में बीमारी और महामारी फैलने का डर है। हम सबने मिलकर कोरोना से जंग लड़ा था फिर भी स्वच्छता एवं सफाई को लेकर हम सब सजग रहते हैं, आज कचड़ा नहीं उठने के कारण संक्रामक बीमारी फैल सकती हैं जिससे लाखों की आबादी प्रभावित होगी। झूठ के सौदागर और स्वयंभू खुद को चाणक्य समझने वाले विधायक सरयू राय जी ने बिना सोचे समझे और कोई वैकल्पिक व्यवस्था किये एनजीटी को पत्र लिखकर कचड़ा डंपिंग बंद करवा दिया, जिससे मानगो की जनता को कूड़ा और गंदगी में रहना पड़ रहा है। दूसरी तरफ सोनारी की जनता को भी बदबू और कूड़े का भंडार का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व मंत्री ने पत्र में लिखा है कि कुछ दिनों बाद क्रिसमस और नए साल का त्यौहार आने वाला हैं, बच्चों का एग्जाम शुरू होगा, टुसु परब और मकर सक्रांति का पर्व आने वाला हैं, यदि समय रहते कचड़ा उठाव एवं निष्पादन का कार्य नहीं हुआ तो इसका सीधा असर पर्व त्यौहार पर और बच्चों एवं बुजुर्गो के स्वास्थ्य पर पड़ेगा।

31 जनवरी तक डिमना के आधुनिक भवन में शिफ्ट हो जायेगा एमजीएम अस्पताल

- कॉर्डियोलोजी, अंकोलोजी और न्यूरो के सुपर स्पेशियालिटी ओपीडी होगा चालू
- प्राइवेट डॉक्टरों की सेवा लेगा एमजीएम, सैलरी देगी सरकार : अजय सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

एमजीएम अस्पताल का भव्य डिमना कैंपस, एमजीएम डिमना में बैठक करते स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय सिंह व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी।

जमशेदपुर। एमजीएम अस्पताल साकची को पूरी तरह से 31 जनवरी तक डिमना में बने नये अस्पताल भवन में शिफ्ट कर दिया जायेगा ताकि साकची में पुराने अस्पताल भवन को ध्वस्त कर नया व अत्याधुनिक अस्पताल परिसर का निर्माण किया जा सके। इसके साथ ही एमजीएम डिमना अस्पताल को सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल में तब्दील किया जायेगा। इसके लिए चरणबद्ध तरीके से स्पेशलिस्ट विभाग खोले जायेंगे। इसके लिए उच्च स्तरीय बैठक कर झारखंड के प्रधान स्वास्थ्य सचिव अजय सिंह ने एक कमेटी गठित की है। यह कमेटी स्पेशियालिस्ट डॉक्टरों की सेवा सुनिश्चित करेगी।

उक्त जानकारी एमजीएम अस्पताल में एक उच्च स्तरीय बैठक करने के पश्चात झारखंड के प्रधान स्वास्थ्य सचिव अजय सिंह ने आज पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि प्राथमिक चरण में कार्डियोलोजी, अंकोलोजी और न्यूरो सर्जरी विभाग यहां चालू किये जायेंगे। इन विभागों की ओपीडी 14 जनवरी तक शुरु कर दी जायेगी किन्तु ऑपरेशन आदि की सुविधा देने में थोड़ा समय लगेगा। एमजीएम डिमना के परिसर में कैथ लैब के लिए नयी बिल्डिंग का निर्माण किया गया है। वहां 75 बेड़ का सीसीयू का निर्माण किया जायेगा। यह 75 बेड का सीसीयू 750 बेड के अतिरिक्त होगा। कैथ लैब को अगले 8 माह में चालू कर दिया जायेगा।

प्रधान स्वास्थ्य सचिव ने एक सवाल पर स्वीकार किया कि सुपर स्पेशियालिस्ट डॉक्टरों के लिए एमजीएम अस्पताल में अभी पद नहीं है। किन्तु जल्द ही विभाग यहां इन पदों को स्वीकृति देगा। ओपीडी चालू करने के लिए हमलोग प्राइवेट डॉक्टर्स हायर करेंगे, सरकार उन्हें पेमेंट देगी। जब सारे पदों पर नियुक्ति हो जायेगी तब ऑपरेशन की सुविधा शुरु की जायेगी।

एमजीएम अस्पताल डिमना में सभी 12 स्पेशिलिस्ट डिपार्टमेंट होंगे। हर डिपार्टमेंट में दो प्रोफेसर, तीन एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर रहेंगे।

प्रधान स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि डिमना में अभी नया भवन जो बना है वहां पर एमजीएम साकची अस्पताल के इमर्जेंसी समेत सारे वार्ड के 750 बेड शिफ्ट कर दिए जायेंगे। सभी बेड 15 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक शिफ्ट कर दिये जायेंगे। यह शिफ्टिंग पूरी होते ही साकची एमजीएम अस्पताल के पुराने बिल्डिंग को तोड़ कर वहां नये एवं आधुनिक सुविधा युक्त अस्पताल भवन एवं आधारभूत संरचनाओं का निर्माण होगा।

15 जनवरी से बोरिंग से जलापूर्ति की सुविधा चालू होगी : प्रधान सचिव ने एमजीएम डिमना अस्पताल में पेयजल समस्या के बारे में कहा कि लांग टर्म प्लान के तहत करीब 5 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार कर टेंडर प्रक्रिया में हैं। इसमें एक वाटर ट्रिटमेंट प्लांट भी लगाया जायेगा। लेकिन तत्कालिक रुप से तय हुआ है कि कैंपस में अभी तीन बोरिंग हैं जबकि पांच और बोरिंग किया जायेगा। इसके लिए संबंधित कंपनी को निर्देश दिया गया है जबकि सही भू-जल स्तर का पता लगाने का जिम्मा पीएचइडी को दिया गया है। 15 जनवरी तक ये बोरिंग करके जलापूर्ति नयी बिल्डिंग में शुरू कर दी जायेगी।

एक नजर में

जमशेदपुर पूर्वी की जनकल्याणकारी योजनाओं का हिसाब लेने जेएनएसी पहुंचे भाजपाई

जमशेदपुर। जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उप नगर आयुक्त श्री कृष्णा कुमार से आज भाजपा जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उप नगर आयुक्त के समक्ष उठाया गया। पत्र के माध्यम से मांग की गई की विभाग के द्वारा पूर्वी विधानसभा के क्षेत्र की साफ-सफाई, क्षेत्र में नाली सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग को रखा गया। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की वे विकास योजनाये जो अधर मे लटकी है या जिनका शिलान्यास हो चुका है, उन्हें शीघ्र शुरू करने का अनुरोध किया। क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट और हाई मास्क लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का मांग मुखरता के साथ रखा गया। ठंड को देखते हुए हर चौक-चौराहे पर अलाव की व्यवस्था, गरीबों में कंबल वितरण अविलंब शुरू करने की मांग की। सभी समस्याओं का संज्ञान उप नगर आयुक्त ने गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया है कि इस विषय पर उचित कार्यवाही कर जल्द संपादित की जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, निवर्तमान जिला महामंत्री राकेश सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अमित अग्रवाल, भूपेंदर सिंह, बोलटू सरकार, अभिमन्यु सिंह, सन्नी संघी, बारीडीह मंडल अध्यक्ष जीवन लाल, टेल्को मंडल अध्यक्ष विकाश शर्मा, बिरसानगर मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, साकची मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह, बर्मामाइंस मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह, गोलमुरी मंडल महामंत्री अशोक सामंत, मनोज श्रीवास्तव, रितेश झा, रविजेंट सिंह आदि थे।

टाटा स्टील को प्लेटिनम और गोल्ड श्रेणी में मिला कलिंगा सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार

जमशेदपुर/भुवनेश्वर। टाटा स्टील के फेरो एलॉय प्लांट्स (एफएपी), आयरन, मैंगनीज और क्रोमाइट माइंस को नेशनल सेफ्टी कॉन्क्लेव : 2024 में प्लेटिनम और गोल्ड श्रेणी में प्रतिष्ठित कलिंगा सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ क्वालिटी एंड एनवायरनमेंट मैनेजमेंट सर्विसेज (आईक्यूईएमएस) द्वारा भुवनेश्वर शहर के एक होटल में किया गया। इन प्लांट्स और माइंस को यह पुरस्कार वर्ष 2023 के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया है। टाटा स्टील की फेरो एलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के तहत संचालित एफएपी अथागढ़ और एफएपी जाजपुर को प्लेटिनम श्रेणी में सम्मानित किया गया, जबकि एफएपी बामनीपाल और एफएपी जाजपुर ने गोल्ड श्रेणी में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल किया। इसी तरह, जोडा वेस्ट आयरन और मैंगनीज माइंस को प्लेटिनम श्रेणी में और सरुआबिल क्रोमाइट माइंस को गोल्ड श्रेणी में पुरस्कृत किया गया। यह सम्मान इन प्लांट्स और माइंस को उत्कृष्ट सुरक्षा मानकों और संचालन में श्रेष्ठता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए दिया गया। ओडिशा के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री कनक वर्धन सिंह देव ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। मौके पर किंगडम ऑफ लेसोथो की उच्चायुक्त, महामहिम लेबोहांग वेलेंटाइन मोचाबा भी उपस्थित रहीं। यह पुरस्कार टाटा स्टील के विभिन्न सुरक्षा और ऑपरेशन हेड को प्रदान किया गया, जिनमें श्री ठाकुर अजय कुमार विश्वंभरनाथ (हेड, सेफ्टी - माइंस), किशोर बरन मैती (हेड, सेफ्टी - एफएपी और स्टेनलेस स्टील प्लांट्स), सरबेश्वर नायक (हेड, एफएपी अथागढ़), जगदीश पाढ़ी (एरिया मैनेजर, सेफ्टी- जाजपुर और बिशनुपुर), सप्तर्षि दत्ता (एरिया मैनेजर - माइनिंग, जोडा वेस्ट आयरन और मैंगनीज माइंस), अंकित शर्मा (सीनियर मैनेजर, सेफ्टी- खोंदबोंद) और श्री निरंजन कुमार (सीनियर एरिया मैनेजर - एक्सकेवेशन, सरुआबिल क्रोमाइट माइंस) शामिल थे। सम्मान के प्रति आभार प्रकट करते हुए टाटा स्टील के एक्जीक्यूटिव इंचार्ज (एफएएमडी) पंकज सतीजा ने कहा, हम हमेशा से अपने परिसर में सभी के लिए, चाहे वे नियमित कर्मचारी हों या अनुबंधित कर्मी, एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल सुनिश्चित करने में विश्वास करते हैं। ये पुरस्कार न केवल हमारे प्रयासों की सराहना है, बल्कि हम सभी को सुरक्षा, स्वास्थ्य और हमारे लोगों की भलाई के लिए नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की जिम्मेदारी भी सौंपते हैं।

डेट का वार्षिकोत्सव तुलसी भवन में धूमधाम से संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन /तुलसी भवन एवं डेट के संयुक्त तत्वावधान में गत 17-18 दिसंबर को संस्थान के मुख्य सभागार में दो दिवसीय नाट्य महोत्सव मनाया गया। जिसके अंतर्गत दो हिंदी नाटक एक और द्रोणाचार्य तथा जिन लाहौर ने नयी देख्या वो जन्म्यायी नयी (नाट्यांश) के अलावा नृत्य, परिधान एवं अंताक्षरी वोगैरह का आयोजन किया गया।

नाट्य लेखक शंकर शेष की एक और द्रोणाचार्य में जहां देश की शिक्षा-व्यवस्था में आज भी राजनीतिक दखल से उपजी सड़ांध उजागर होती है, वहीं प्रगतिशील अफसानानिगार असगर वजाहत की कालजयी कृत्ति जिन लाहौर ने नई वेख्या वो जन्म्यायी नई (जिसने लाहौर नहीं देखा वो जन्मा ही नहीं!) में आजादी के समय देश के विभाजन की वह विभिषिका सामने आई जिसे नाट्य-रूपांतर ने आज की नई पीढ़ी के सामने फिर से जिंदा कर दिया।

पश्चिमी जमशेदपुर का विकास करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है : सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

अभिनंदन समारोह में बोले विधायक

जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय का न्यू रानीकुदर में अभिनंदन किया गया। यह अभिनंदन समारोह भारतीय जनता पार्टी के बिष्टुपुर मंडल के महामंत्री सन्नी सिंह के नेतृत्व में किया गया था। अभिनंदन समारोह के बाद लिट्टी भोज भी हुआ। मौके पर विधायक सरयू राय ने कहा कि जमशेदपुर पश्चिमी का विकास करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आपको किसी भी किस्म की कठिनाई हो तो मेरे कार्यालय पर पधारें। आपकी समस्या सुन कर उसका तत्काल निवारण करने की कोशिश की जायेगी। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, पेयजल आदि की समस्या नागरिक समस्या के तहत आती है और मेरा प्रयास है कि पश्चिमी जमशेदपुर की जनता को इन तीन चीजों की दिक्कत न हो। अभी पेयजल को लेकर कुछ समस्याएं आयी हैं। बहुत जल्द इनका निवारण कर दिया जायेगा। मौके पर भाजपा ओबीसी के प्रदेश प्रवक्ता धर्मेंद्र प्रसाद, बिष्टुपुर मंडल के संजय तिवारी, कदमा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, भाजपा बिष्टुपुर के पूर्व मंडल अध्यक्ष ललन द्विवेदी, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरंजन राय, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री मुकुल मिश्र, वरिष्ठ समाजसेविका वंदना सिंह, टाटा स्टील के पूर्व कमेटी सदस्य मनोज सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

ईसिका गराई को मिला चिन्मया गौरव अवार्ड अलॉयना सेन को एचवीटीएल एक्सीलेंस अवार्ड

- विद्या भारती चिन्मया ने 12वीं कक्षा के छात्रों को दी भावभीनी विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मय विद्यालय के परिसर में गुरुवार, 19 दिसंबर को विद्यालय जीवन के उल्लासमय व सर्वोत्कृष्ट दिनों का जश्न मनाते हुए (स्वस्तिर्भवतु) बारहवीं कक्षा का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। विद्यार्थी अपने भावी जीवन में कर्तव्यनिष्ठा व श्रमशीलता के साथ नैतिक मूल्यों को धारण करें, इस उद्देश्य से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सोनिया सिंहा तथा सम्मानित अतिथि के रूप में प्रियंका दीक्षित उपस्थित थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञानदीप प्रज्ज्वलन तथा गणेश वंदना नृत्य के साथ हुआ। इसके उपरांत विद्यालय प्राचार्या मीना विल्खू ने औपचारिक भाषण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात विभिन्न अनुभागों व संकायों के अंतर्गत क्षमतावान विद्यार्थियों को उनकी विशिष्ट योग्यताओं के लिए पुरस्कृत किया गया।

विजया शताब्दी रेजीडेंट्स में सजी सुरों की महफिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। गुरुवार की शाम सात बजे से विजया शताब्दी रेजीडेंट्स कमेटी, सोनारी ने विजया शताब्दी कम्युनिटी हॉल में भारतीय शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में जाने माने सरोद वादक अर्नब भट्टाचार्य ने सरोद वादन की प्रस्तुति दी, जिसके अंतर्गत उन्होंने राग कौसी कनाडा में आलाप, जोड़ और झाला बजाने के बाद विलंबित तीन ताल एवं द्रुत बंदिश बजाकर उपस्थित तमाम दर्शकों का मन मोह लिया। तबले पर सुप्रसिद्ध तबला वादक स्वरूप मोइत्रा ने संगत कर उनका बखूबी साथ निभाया। अगले चरण में लौहनगरी के प्रतिष्ठित शास्त्रीय संगीत के कलाकार एवं गजल गायक सुजॉन चटर्जी ने एक से बढ़कर एक गजल पेश किया।

टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024 : पहले राउंड के बाद सार्थक छिब्बर, आदिल बेदी व एन ठंगराजा ने शीर्ष स्थान पर बराबरी की

खबर मन्त्र ब्यूरो

सार्थक छिब्बर, एन. थंगराजा और आदिल बेदी।

जमशेदपुर। दिल्ली के सार्थक छिब्बर, चंडीगढ़ के आदिल बेदी और श्रीलंकाई खिलाड़ी एन ठंगराजा ने छह-अंडर 65 का स्कोर बनाकर टाटा स्टील टूर चैम्पियनशिप 2024 के पहले राउंड के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल किया। यह टूर्नामेंट, जो टाटा स्टील पीजीटीआई के सीजन-एंडिंग इवेंट के रूप में खेला जा रहा है, जमशेदपुर के बेलडीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में आयोजित हो रहा है, और इसकी कुल पुरस्कार राशि 3 करोड़ है। दूसरे स्थान पर पांच-अंडर 66 का स्कोर बनाकर चार खिलाड़ी बराबरी पर रहे, जिनमें पुणे के रोहन धोले पाटिल, दिल्ली के शमिम खान, बेंगलुरु के एम धर्मा और बांग्लादेश के जमाल होसैन का नाम शामिल है।दो बार के टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप विजेता उदयन माने, टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज वीर अहलावत और एसएसपी चौरसिया, चार-अंडर 67 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर रहे, और साथ ही छह खिलाड़ियों के समूह का हिस्सा बने। डिफेंडिंग चैंपियन और दो बार के विजेता गगनजीत भुल्लर ने इवन-पार 71 का स्कोर किया, जिससे वह संयुक्त रूप से 34वें स्थान पर रहे। टूर्नामेंट के पहले राउंड में खेल का दिलचस्प प्रारूप अपनाया गया, जिसमें एक हिस्से के खिलाड़ियों ने गोलमुरी गोल्फ कोर्स पर अपने पहले नौ होल खेले और फिर बेलडीह गोल्फ कोर्स पर अगले नौ होल पूरे किये।

अंकिता और दीपिका के बीच सीनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में मुकाबला आज

जमशेदपुर। टाटा आर्चरी अकादमी (टीएए) की अंकिता भकत ने गोल्ड मेडल के लिए प्रतिष्ठित मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली है, जहां वह कल जारी सीनियर नेशनल (पुरुष और महिला) आर्चरी चैंपियनशिप में पूर्व टीएए कैडेट दीपिका कुमारी के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह चैंपियनशिप झारखंड आर्चरी एसोसिएशन द्वारा आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, एनटीपीसी और टाटा स्टील के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जो देश के बेहतरीन तीरंदाजों की प्रतिभा को प्रदर्शित करती है। महिला रिकर्व श्रेणी में आज से एलिमिनेशन राउंड की शुरूआत हुई, जिसमें 64 कुशल तीरंदाजों ने श्रेष्ठता के लिए प्रतिस्पर्धा की। अंकिता का शानदार प्रदर्शन टाटा आर्चरी अकादमी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जबकि एलिमिनेशन चरणों में अकादमी के अन्य एथलीटों, जिनमें भजन कौर और कोमालिका बारी, ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस दिन इंडियन राउंड और कंपाउंड आर्चरी श्रेणियों के पुरस्कार वितरण का भी आयोजन किया गया। समारोह में आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री अर्जुन मुंडा ने उपस्थिति दर्ज की, साथ ही पद्मश्री पूर्णिमा महतो, टाटा आर्चरी अकादमी की हेड कोच; मुकुल विनायक चौधरी, चीफ स्पोर्ट्स, टाटा स्टील; और हेमंत गुप्ता, हेड स्पोर्ट्स एकेडमीज और एडवेंचर प्रोग्राम्स, टाटा स्टील भी मौजूद रहे।

मैं संन्यास लेने के फैसले से संतुष्ट हूं: अश्विन

बेटे के संन्यास पर अश्विन के पिता का चौंकाने वाला खुलासा

एजेंसी

चेन्नई। आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के एक दिन बाद रविचंद्रन अश्विन गुरुवार को जब स्वदेश लौटे तो यहां फूलों की पंखुड़ियों और बैंड बाजे के साथ उनका स्वागत किया गया जिसके बाद इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि उन्हें अपने फैसले को लेकर किसी तरह का खेद नहीं है। अश्विन गुरुवार को तड़के चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे जहां राज्य क्रिकेट संघ के अधिकारी उन्हें बाहर लेकर आए। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने यहां पर मीडियाकर्मियों से बात नहीं की तथा वह अपनी कार की तरफ चले गए जहां उनकी अपनी पृथी और दोनों बेटियां उनका इंतजार कर रही थी। घर पहुंचने पर उन्होंने अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया और फिर इंतजार कर रहे पत्रकारों से भी बात की। ब्रिस्बेन में तीसरे टेस्ट मैच के बाद संन्यास लेने की घोषणा करने वाले अश्विन ने कहा, यह कई लोगों के लिए भावनात्मक हो सकता है और उन्हें इसे पचा पाने में थोड़ा समय लग सकता है लेकिन जहां तक मेरा सवाल है तो मेरे लिए यह बहुत राहत और संतुष्टि की बात है। मेरे लिए यह सहज फैसला था और पिछले कुछ समय से मैं इस पर विचार कर रहा था। मैच के चौथे दिन मुझे इसका एहसास हुआ और फिर मैंने इस फैसले की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा, जहां तक मेरी बात है तो मेरे लिए यह (संन्यास लेना) बहुत बड़ा फैसला नहीं था क्योंकि मैं अब एक नई डगर पर आगे बढ़ रहा हूं। अश्विन से पूछा गया क्या उन्हें इस बात का खेद है कि वह कभी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी नहीं कर पाए तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, अब मैं ऐसा नहीं कर सकता। मुझे इस तरह का कोई खेद नहीं है। सच्चाई यह है कि मुझे रत्ति भर भी खेद नहीं है। मैंने लोगों को पछतावा करते हुए देखा है लेकिन मुझे किसी तरह का कोई पछतावा नहीं है। अश्विन जब घर पहुंचे तो उनके माता-पिता ने उन्हें गले लगा दिया। उन्हें फूल माला पहनाई गई। वहां मौजूद लोगों ने उनसे ऑटोग्राफ लिए और उन्हें शानदार करियर के लिए बधाई दी। अश्विन ने कहा, मुझे विश्वास नहीं था कि इतने

नयी दिल्ली। रविचंद्रन अश्विन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद गुरुवार को स्वदेश लौट आए। यहां तक कि अश्विन के पिता और मां जो चेन्नई लौटने पर आंखों में आंसू लिए उनसे मिले। यह खबर उनके लिए उतनी ही चौंकाने वाली थी जितनी कि दुनिया भर में उनके लाखों प्रशंसकों के लिए। अश्विन के पिता ने कहा कि टेस्ट के महान खिलाड़ी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने के पीछे 'अपमान' एक कारण हो सकता है। अश्विन के पिता ने एक मीडिया हाउस को बताया, 'मुझे भी आखिरी समय में पता चला। उसके दिमाग में क्या चल रहा था, मुझे नहीं पता। उसने बस घोषणा कर दी। मैंने भी इसे पूरी खुशी के साथ स्वीकार किया। मुझे इससे कोई परेशानी नहीं थी। लेकिन जिस तरह से उसने संन्यास लिया, उससे एक तरफ मैं

बहुत खुश था, दूसरी तरफ खुश नहीं था क्योंकि उसे जारी रखना चाहिए था। उन्होंने कहा, उसकी इच्छा है, मैं उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता, लेकिन जिस तरह से उसने संन्यास लिया, उसके कई कारण हो सकते हैं। केवल अश्विन ही जानता है, शायद अपमान के कारण। इसमें कोई संदेह नहीं है (परिवार के लिए भावनात्मक क्षण) क्योंकि वह 14-15 साल तक मैदान पर था। अचानक हुए बदलाव, रिटायरमेंट ने हमें वाकई एक तरह का झटका दिया। अश्विन अपने खेल के शीर्ष पर थे, अधिक लोग यहां पहुंचेंगे। मैं चुपचाप घर पहुंच कर आराम करना चाहता था लेकिन आप लोगों ने मेरा दिन बना दिया। मैं इतने वर्षों तक टेस्ट क्रिकेट खेलता रहा लेकिन आखिरी बार मैंने 2011 में वनडे विश्व कप के बाद इस तरह का माहौल देखा था। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हमें अपने करियर में काफी उतार चढ़ाव से गुजरना पड़ता है। अमूमन जब मैं सोने के लिए जाता हूं तो विकेट लेना, रन बनाना जैसी कई चीजों को याद करता हूं लेकिन पिछले दो वर्षों से ऐसा नहीं हो रहा था। इसलिए यह स्पष्ट संकेत था कि मुझे अब अलग रास्ता अपनाना है। मैंने अभी तक किसी तरह के लक्ष्य निर्धारित नहीं किए हैं। मैं अभी आराम करना चाहता हूं। मेरे लिए ऐसा करना थोड़ा मुश्किल होगा लेकिन मैं अब ऐसी कोशिश करना चाहता हूं।

खासकर टेस्ट क्रिकेट में लगभग एक दशक से। उन्होंने अपने करियर का अंत देश के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में किया। न सिर्फ टेस्ट में बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी। अश्विन के पिता को लगता है कि वह खेलना जारी रख सकते थे, लेकिन उन्हें इसे छोड़ना पड़ा क्योंकि उन्हें 'अपमानित' किया जा रहा था। उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से, इसमें कोई संदेह नहीं है, क्योंकि वह 14-15 साल तक मैदान पर था। अचानक हुए बदलाव - रिटायरमेंट - ने हमें वाकई एक तरह का झटका दिया। साथ ही, हम इसकी उम्मीद भी कर रहे थे क्योंकि अपमान हो रहा था। वह कब तक इन सब चीजों को बर्दाश्त कर सकते हैं? रविचंद्रन ने कहा, 'शायद, उन्होंने खुद ही फैसला किया होगा।'

रोहित और विराट कर सकते हैं संन्यास की घोषणा!

एजेंसी

नयी दिल्ली। महान भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पूरा होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। अश्विन के अचानक संन्यास लेने के फैसले से कई प्रशंसक हैरान रह गए। इस तरह वह एमएस धोनी के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच संन्यास की घोषणा करने वाले दूसरे हाई प्रोफाइल क्रिकेटर बन गए। इस बीच, विशेषज्ञों के अनुसार, अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा अश्विन के नक्शेकदम पर चलकर जल्द ही संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। फिलहाल आस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के दौरान दोनों दिग्गज बल्लेबाजों की बल्लेबाजी तकनीक जांच के दायरे में है। जहां रोहित का पिछली 11 पारियों में औसत 11.69 का रहा है, वहीं ऑफ स्टंप के बाहर गेंद से निपटने में कोहली की तकनीक को आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने पूरी तरह से उजागर कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, कोहली और रोहित अगले महीने की शुरूआत में सिडनी में अपना आखिरी टेस्ट खेल सकते हैं। टीम इंडिया पूरी तरह से परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। ऐसे में कोहली और रोहित युवा और प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के लिए रास्ता बनाने के लिए आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा कर सकते हैं। ऐसी अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जड़ेजा भी सीरीज के बाद संन्यास की घोषणा कर सकते हैं।

पाकिस्तान से भी किसी तटस्थ स्थान पर भिड़ेगा भारत 2027 तक लागू रहेगा नियम, आइसीसी ने की पुष्टि

- चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए गतिरोध समाप्त, भारत और पाकिस्तान के बीच बनी सहमति

एजेंसी

नयी दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल फरवरी और मार्च में होना है। गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने साफ कर दिया कि भारत और पाकिस्तान के सभी मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू (तटस्थ स्थल) पर खेले जाएंगे। इसका अर्थ है कि अब दोनों टीमें किसी भी आइसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे के देश के दौरे पर नहीं जाएंगी और दोनों टीमों के बीच किसी तटस्थ स्थान पर मुकाबले खेले जाएंगे। यह नियम 2024-2027 तक लागू रहेगा। इससे एक बात साफ हो गई है कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल में ही होगा।

जल्द होगा चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम का एलान

आइसीसी ने अब तक चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम की पुष्टि नहीं की है। आइसीसी ने बताया कि जल्दी ही आगामी टूर्नामेंट के कार्यक्रम का एलान किया जाएगा। माना जा रहा है कि भारत के सभी मुकाबले दुबई में खेले जा सकते हैं। इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें शामिल होंगी जिनमें भारत और पाकिस्तान के अलावा अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका हैं।

इन टूर्नामेंट में लागू रहेगा नियम

आइसीसी ने बताया कि 2024-27 के बीच किसी भी आइसीसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के मुकाबले तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे। यह नियम आगामी चैंपियंस ट्रॉफी, महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 (भारत की मेजबानी) और पुरुष टी20 विश्व कप 2026 (भारत और श्रीलंका करेंगे मेजबानी) पर लागू रहेगा। इसके अलावा आइसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को 2028 में होने वाले महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी के अधिकार दिए हैं। इस दौरान भी भारत और पाकिस्तान के मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू यानी तटस्थ स्थल पर ही खेले जाएंगे।

भारत ने विंडीज से जीती टी20 सीरीज

एजेंसी

मुंबई। भारत ने इसी के साथ तीन टी20 मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। कप्तान स्मृति मंधाना (77) और ऋचा घोष (54) रनों की आतिशी पारियों की मदद से भारतीय महिला टीम ने गुरुवार को तीसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज की महिला टीम को जीत के लिए 218 रनों का लक्ष्य दिया था। जवाब में खेलने उतरी विंडीज टीम को टॉप क्रम ने अच्छी शुरूआत दी लेकिन मध्यक्रम में हेनरी के अलावा किसी अन्य बल्लेबाज का बल्ला नहीं चला जिससे विंडीज ने यह मुकाबला 60 रन से गंवा दिया। भारत ने पहले टी20 49 रन से जीता था। दूसरे टी20 में विंडीज ने वापसी करते हुए 9 विकेट से जीत हासिल की थी। अब आखिरी निर्णायक टी20 में भारत ने जीत हासिल कर सीरीज अपने नाम कर ली है। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में उमा छेत्री (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जेमिमाह रॉड्रिग्स ने स्मृति मंधाना के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। 11वें ओवर में एफी फ्लेचर ने जेमिमाह रॉड्रिग्स आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रॉड्रिग्स ने 28 गेंदों में चार चौके लगाते हुये (39) रनों की पारी खेली। 15वें ओवर में डिएंड्रा डॉटिन ने स्मृति मंधाना ने आउट कर वेस्टइंडीज को तीसरी सफलता दिलाई। मंधाना ने 47 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (77) रन बनाए। ऋचा घोष ने 21 गेंदों में 3 चौके और 5 छक्के लगाते हुए (54) रन बनाए। उन्हें आलिया ऑलेन ने 20वें ओवर में आउट किया। वेस्टइंडीज की ओर से शिनेल हेनरी, आलिया ऑलेन और ऐफी फ्लेचर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। विंडीज की शुरूआत सधी रही। कियाना चौथे ओवर में 11 रन बनाकर सजीवना का शिकार हो गई। हेले मैथ्यूज ने 17 गेंदों पर 22 रनों का योगदान दिया। उन्होंने पिछले मुकाबले में अपनी टीम को जीत दिलाई थी लेकिन इस बार वह बड़ा स्कोर नहीं बना पाई।

उचित विदाई का हकदार था अश्विन: कपिल देव

नयी दिल्ली। रविचंद्रन अश्विन के अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले से विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव भी हैरान हैं और उनका मानना है कि यह स्टार ऑफ स्पिनर विशेषकर घरेलू धरती पर उचित विदाई का हकदार था। अश्विन ने भारत और आस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। कपिल का मानना है कि लगता है कि अश्विन किसी चीज को लेकर नाखुश थे। कपिल ने कहा, मैं इस बात से हैरान था कि भारत के महानतम क्रिकेटरों में से एक ने खेल छोड़ने का फैसला कैसे किया। प्रशंसक निराश हैं लेकिन मैंने उसके चेहरे पर भी निराशा के भाव देखे। वह निराश दिख रहा था और यह दुखद है। वह इससे बेहतर विदाई का हकदार था। वह उचित विदाई का हकदार था।

दूसरे स्थान पर पहुंचे यूपी योद्धाज

पुणे। यूपी योद्धाज ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में गुरुवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 121वें मैच में गुजरात जाएंट्स को 59-23 के अंतर से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। शीर्ष-2 में रहते हुए सीधे सेमीफाइनल खेलने का इरादा रखने वाली यूपी को बुधवार को पटना पाइरेट्स की जीत के साथ प्लेऑफ का टिकट मिल गया था। यूपी ने 21 मैचों में 12वीं जीत दर्ज की और इसमें गगन गौड़ा (19) और भवानी राजपूत (10) का अहम योगदान रहा। दूसरी ओर, प्लेआफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी गुजरात को 20 मैचों में 13वीं हार मिली।

अफगानिस्तान की मिली सबसे बड़ी वनडे जीत

एजेंसी

हरारे। अफगानिस्तान ने हरारे के मैदान पर जिम्बाब्वे को 232 रन से हराकर इतिहास रच दिया है। यह रनों के लिहाज से अफगानिस्तान की सबसे बड़ी जीत है। सेदिकुल्लाह अटल (104) की शतकीय और अब्दुल मलिक (84) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए 286 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी जिम्बाब्वे की टीम 54 रन पर ऑल आऊट हो गई। जिम्बाब्वे का यह अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे न्यूनतम टोटल भी रहा। जिम्बाब्वे की फारूकी, उमरजई और नवीद जादरान की स्विंग और सीम के आगे कमजोरी उजागर हो गई। बेन कुरेन के दुर्भाग्यशाली रन-आउट को छोड़कर, बाकी बल्लेबाज टिक ही नहीं पाए। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान के लिए सेदिकुल्लाह अटल और अब्दुल मलिक की सलामी जोड़ी बेहतरीन शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 191 रनों की साझेदारी की। 35वें ओवर में एन न्याम्हुरी ने अब्दुल मलिक (84) को बोल्ड कर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने अजमतउल्लाह ओमरजई (5) को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। तीसरे विकेट के रूप में रहमत शाह (1) रन बनाकर आउट हुए। 43वें ओवर में एन न्याम्हुरी ने सेदिकुल्लाह अटल को भी अपना शिकार बना लिया। सेदिकुल्लाह अटल ने 128 गेंदों में 8 चौके और 4 छक्कों की मदद से 104 रनों की पारी खेली। 49वें ओवर में मोहम्मद नबी (18) रन बनाकर आउट हुए। आखिरी ओवर में इकराम अलीखिल (5) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी (29) रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में 6 विकेट पर 286 का स्कोर खड़ा किया। जिम्बाब्वे की ओर से एन न्याम्हुरी ने 3 विकेट लिए। ट्रेवर ग्वांडू ने 2 बल्लेबाज को आउट किया। जिम्बाब्वे ने पहले ही ओवर में बेन (0) का विकेट गंवा दिया। मारुमानी 3 तो डियोन मायर्स 1 ही रन बना पाए। कप्तान क्रेग इरविन से जिम्बाब्वे को उम्मीदें थीं लेकिन वह 11 गेंदों पर केवल 4 रन बनाकर ही पवेलियन की ओर लौट गए।

बाघवार अकादमी ने डीएवी बरियातू को दी करारी शिकस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

चान्हो। वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत गोल चक्कर मैदान, रांची में खेले गए अपने दूसरे मैच में बाघवार क्रिकेट अकादमी ने डीएवी बरियातू को 175 रनों के बड़े अंतर से हराते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। डीएवी बरियातू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन बाघवार अकादमी के बल्लेबाजों ने इस निर्णय को पूरी तरह गलत साबित कर दिया। बाघवार अकादमी ने निर्धारित 35 ओवरों में 8 विकेट खोकर 289 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 289 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएवी बरियातू की टीम पूरी तरह दबाव में नजर आई

और 20.3 ओवरों में मात्र 124 रन पर ढेर हो गई। ऑलराउंडर सोनू टाना भगत ने 47 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 50 रनों की शानदार पारी खेली और गेंदबाजी में एक विकेट भी हासिल किया। ऑलराउंडर हर्षित नयन ने 65 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 85 रनों की बेहतरीन पारी खेली। कप्तान अभिषेक महली ने भी 50 रन बनाए और गेंदबाजी में चार ओवरों में 20 रन देकर 2 विकेट झटके, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस शानदार जीत पर बाघवार अकादमी के निदेशक अशोक बाघवार और प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय कोच अजय कुमार सिंह और सहायक कोच राहुल महली को दिया। साथ ही, उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी मैचों में इसी लय को बनाए रखने और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।

रियाल मैड्रिड ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता, कोच कार्लो एंसेलोटी ने बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी

लुसैल (कतर)। रियल मैड्रिड ने मैक्सिको की टीम पचुका को 3-0 से हराकर इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। इससे कार्लो एंसेलोटी क्लब के इतिहास में सर्वाधिक ट्राफियां जीतने वाले कोच बन गये। रियल मैड्रिड ने एंसेलोटी के कोच रहते हुए अपना 15वां खिताब जीता। एंसेलोटी ने इस तरह से मिगुएल मुनोज को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1960 और 70 के दशक में स्पेन के इस क्लब का कोच रहते हुए 14 खिताब जीते थे। एंसेलोटी ने मैच के बाद कहा, मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। हमारी शुरूआत बहुत अच्छी नहीं रही लेकिन हमने अच्छा अंत किया। 'किलियन एम्बाप्पे, रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया जिससे रियाल मैड्रिड चार खिताबों के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल क्लब बन गया। इससे पहले उसने 1960, 1998 और 2002 में भी यह टूर्नामेंट जीता था।

आर्सेनल, लिवरपूल और न्यूकैसल इंग्लिश लीग कप के सेमीफाइनल में

आर्सेनल, न्यूकैसल और लिवरपूल ने बुधवार को अपने-अपने मैच जीतकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। गेब्रियल जीसस की हैट्रिक की मदद से आर्सेनल ने क्रिस्टल पैलेस को 3-2 से हराकर 2021-22 सत्र के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया। लिवरपूल ने साउथेम्प्टन को 2-1 से पराजित करके खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। उसकी तरफ से पहले हाफ में डार्विन नुनेज और हार्वे इलियट ने गोल किए। न्यूकैसल ने इटली के मिडफील्डर सैंड्रो टोनाली के पहले हाफ के दो गोल की बदौलत ब्रेंटफोर्ड को 3-1 से हराया और तीन सत्र में दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वह 2023 में लीग कप फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड से हार गया। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहम के बीच खेला जाएगा।

चोटिल महाराज पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज बाहर

केप टाउन। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज मांसपेशियों की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार महाराज के स्कैन में बाएं एडक्टर स्ट्रेन का पता चला है। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे और तीसरे एकदिवीस मुकाबले के लिए महाराज की जगह टीम में ब्योर्न फोर्टुइन का चयन किया है।

तमिलनाडु के राज्यपाल ने गुकेश को किया सम्मानित

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने फिडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के 18वर्षीय खिलाड़ी डी गुकेश को गुरुवार को सम्मानित किया। राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्यपाल और उनकी पत्नी लक्ष्मी रवि ने गुकेश को सम्मानित किया और उनकी सराहना की। उन्होंने को गुकेश को शॉल भी भेंट की।

सीआईएसफ और दिल्ली एफसी की बड़ी जीत

नयी दिल्ली। डीएसए प्रीमियर लीग में सीआईएसफ और दिल्ली एफसी ने बड़े अंतर से अपने अपने मैच जीत कर पहले लेग का शानदार समापन किया। आंबेडकर स्टेडियम मैदान में आज खेले गए एकतरफा मैचों में सीआईएसफ ने फ्रेंड्स यूनाइटेड को 5- 0 से और डीएफसी ने इंडियन एयर फोर्स को 4-1 से परास्त किया।

सीएम नीतीश कुमार की मौजूदगी में शुक्रवार को करीब एक लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर होगा हस्ताक्षर

40 से अधिक कंपनियों ने आईटी क्षेत्र में चार हजार करोड़ रुपये निवेश करने की रुचि दिखायी

खेल मैदानों का सीएम ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

अररिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज जिला में मनरेगा से 19 करोड़ 29 लाख 60 हजार रुपये की लागत से 9 प्रखंडों के 169 ग्राम पंचायतों में 203 खेल मैदान का शिलान्यास रिमोट के माध्यम से ऑनलाइन किया। इस अवसर पर समाहरणालय अररिया स्थित परमान सभागार में शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही पटना में आयोजित उक्त शिलान्यास कार्यक्रम लाइव प्रसारण भी किया गया। इस खेल मैदान शिलान्यास कार्यक्रम में डीएम अनिल कुमार, डीडीसी रोजी कुमारी, डीपीआरओ मनीष कुमार सहित जिला ग्रामीण विकास अभिकरण अररिया के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। इस संबंध में बताया गया कि अररिया जिला में मनरेगा से 19 करोड़ 29 लाख 60 हजार रुपए की लागत से 9 प्रखंडों के 169 ग्राम पंचायतों में 203 खेल मैदान का शिलान्यास किया गया। जिसमें बड़े मैदान के रूप में 29 खेल मैदान,मध्यम मैदान के रूप में 50 एवं छोटे मैदान के रूप में 124 खेल मैदान का कार्य प्रारंभ किया गया।जानकारी दी गई कि भूमि की उपलब्धता के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में निम्न तीन प्रकार के खेल मैदान विकसित किये जा रहे हैं। पहले प्रकार के खेल मैदान बड़े आकार के होंगे, जिनका क्षेत्रफल 04 एकड़ तक का है। बड़े खेल मैदान में गाँव के युवाओं को खेलने के लिए क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, रनिंग बैडमिंटन, ऊँची कूद, लम्बी कूद, कबड्डी और खो-खो खेलों की सुविधाएं स्थानीय आवश्यकता अनुसार ग्रामीण युवाओं के लिए विकसित की जायेंगी। दूसरे प्रकार के खेल मैदान मध्यम आकार के होंगे जिनका क्षेत्रफल 01 से 1.5 एकड़ तक का है। मध्यम आकार के खेल मैदान में क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, रनिंग ट्रैक, बैडमिंटन, ऊँची कूद और लम्बी कूद की सुविधाएं स्थानीय आवश्यकता अनुसार ग्रामीण युवाओं के लिए विकसित की जायेंगी।

एजेंसी

पटना। पटना के ज्ञान भवन आज से शुरू हुए दो दिवसीय 'बिहार बिजनेस कनेक्ट-2024 के पहले दिन देश-दुनिया से 815 बड़े छोटे निवेशक पहुंचे । उद्योग विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी के अनुसार 350 कंपनी ने एमओयू के लिए कंफर्म कर दिया है। सीएम नीतीश कुमार की मौजूदगी में शुक्रवार को लगभग एक लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर साइन होगा। पटना के ज्ञान भवन में इस दो दिवसीय बिहार बिजनेस कनेक्ट-2024 का उद्घाटन उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया। इस मौके पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा मौजूद रहे। बिहार बिजनेस कनेक्ट- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट' में 40 से अधिक कंपनियों ने आज आईटी क्षेत्र में 4,000 करोड़ रुपये निवेश करने की रुचि दिखाई है। बिहार आईटी नीति, 2024 लागू होने के बाद से राज्य में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की अधिक- से-अधिक कंपनियां निवेश को लेकर उत्साहित हैं। पटना में आयोजित दो दिवसीय निवेशक सम्मेलन के पहले दिन जय श्री टेक्नोलॉजीज (हेलोवेयर), सुपरसेवा, एक्सेल डॉट, एबीपीएल सहित कई कंपनियों ने आईटी विभाग के साथ सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और आईटी विभाग के मंत्री संतोष सुमन ने कहा -₹बिहार एक डिजिटल क्रांति का गवाह बन रहा है। राज्य की आईटी बुनियादी ढांचा, शैक्षिक पहल और नीति ढांचा टेक कंपनियों और स्टार्टअप्स के लिए एक उपयुक्त पारिस्थितिकी तंत्र बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य डेटा केंद्र और डिजिटल बिहार जैसी पहलों के साथ सरकार कनेक्टिविटी, डेटा सुरक्षा और ई-गवर्नेंस समाधान की उपलब्धता में सुधार कर रही है, जो सार्वजनिक सेवाओं के वितरण को पूरी तरह से बदल रहे हैं। बिहार में मेट्रो शहरों के मुकाबले न्यूनतम संचालन लागत है। इससे ऑफिस किराए, टैलेंट हायरिंग और रोजमर्रा के खर्चों में बड़ी बचत होती है। इससे पहले बिजनेस कनेक्ट को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि ह्यहम लोग आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। आज ग्लोबल समिट के जरिए हम लोग कई क्षेत्रों में आगे जाना चाहते हैं। बिहार बिजनेस कनेक्ट ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की शुरूआत 2023 में हुई थी। इसमें देश विदेश के 600 से अधिक कारोबारियों ने भाग लिया था। बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 एक ऐतिहासिक पहल रहा, इसका उद्देश्य राज्य के औद्योगिक और उद्यमशील विकास को बढ़ावा देना था। पिछले साल आयोजित दो दिवसीय समिट के दौरान 278 प्रस्ताव पर एमओयू साइन किए गए थे, जो 50,530 करोड़ रुपये निवेश के थे। इसमें 38 हजार करोड़ निवेश राशि की 244 योजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं।

मुख्यमंत्री के आगमन पर, सुरक्षा व्यवस्था पर आवश्यक दिशा-निर्देश

पश्चिम चम्पारण (बगहा)। आगामी 23 दिसंबर को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर गुरुवार को बगहा पुलिस जिले के कप्तान सुशांत कुमार सरोज ने संतपुर सोहरिया पंचायत के घोटवा टोला गांव का निरीक्षण किया।

इस मौके पर उन्होंने घोटवा टोला में बने वाहन पार्किंग स्थल और कद्दमहिया कम्पार्ट में बन रहे हेलिपेड का भी निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार देवेंद्र के साथ सुरक्षा व्यवस्था का भी जाएजा लिया। विधि व्यवस्था को देखते हुए एसपी ने थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिये।मुख्यमंत्री के संभावित यात्रा के दौरान विधि व्यवस्था बनी रहे इसके लिए थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह को क्षेत्र में लगातार गश्ती करने, अजनबी और असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने, सघन वाहन जांच करने एवं पूरी तरह से अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि 23 दिसंबर को मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा घोटवा टोला से ही शुरू होनी है। जिसको लेकर पुलिस पूरी तरह चुस्त दुरुस्त दिख रही है एसपी श्री सरोज सुरक्षा व्यवस्था की खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं शराब को लेकर लगातार छापेमारी करने का भी निर्देश एसपी ने थानाध्यक्ष को दिया।

खबर एक नजर में

पूर्णिया एयरपोर्ट से सीधा जुड़ेगा पटना पूर्णिया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे

पूर्णिया। पूर्णिया एयरपोर्ट पूर्णिया एयरपोर्ट को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस बनाने की दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने अपर समाहर्ता और जिला भू अर्जन पदाधिकारी के साथ एयरपोर्ट निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला पदाधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट का डिजाइन आगामी 30-40 वर्षों के फुटफॉल को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। एएआई के वास्तुविद द्वारा तैयार किए गए डिजाइन में पांच एयरोब्रिज सहित सभी आधुनिक सुविधाएं शामिल की गई हैं। एयरपोर्ट में एप्रोन, टर्मिनल बिल्डिंग, कार्गो कॉम्प्लेक्स, एसी चिल्लर प्लांट, एसटीपी, वॉटर एंड फायर टैंक, कमर्शियल प्लाजा जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए पटना-पूर्णिया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से इसे जोड़ने की योजना है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि एक्सप्रेसवे का एलाइनमेंट अभी फाइनल नहीं हुआ है, इसलिए इस समय एयरपोर्ट को इससे जोड़ना आसान होगा। इस संबंध में एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। एयरपोर्ट के निर्माण में तकनीकी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अगस्त में एएआई की टीम ने स्थलीय सर्वे के दौरान डीजीपीएस मशीन से 3000 डेटा पॉइंट्स लिए और टोपोग्राफी के साथ कंटूर मैपिंग का कार्य पूरा किया। साथ ही भूमि का सॉयल टेस्टिंग भी कर लिया गया है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि एयरपोर्ट का निर्माण पूरा होने के बाद पूर्णिया के साथ-साथ अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, कटिहार और नेपाल के यात्रियों को भी जाम मुक्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। बैठक में अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, निदेशक डीआरडीए, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

आधा दर्जन लूट कांडो का मुख्य आरोपी विक्की तिवारी दिल्ली से गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण। जिले घोड़ासहन थाना क्षेत्र के चम्पापुर कोइरिया के छड़ व गिट्टी व्यवसायी से हथियार के भय दिखा कर लूटपाट एवं चिरैया थाना क्षेत्र में गैस एजेंसी में गोलीबारी समेत आधा दर्जन कांडो के मुख्य आरोपी विक्की तिवारी को घोड़ासहन थाना पुलिस ने एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर दिल्ली से गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है,कि जिले के चिरैया थाना क्षेत्र के दीपही गांव निवासी विक्की को पुलिस टीम ने गुप्त सूचना एवं तकनीकी टीम के सहयोग से दिल्ली में छापेमारी कर दबोच लिया है। विक्की का अपराधिक इतिहास है। उस पर कुल आठ मामले दर्ज है। जिसमे चिरैया थाना क्षेत्र में पांच चोरी,दो आर्म्स एक्ट तथा पचपकडी थाना क्षेत्र में एक डकैती के मामला शामिल है।छापेमारी टीम में चिरैया थानाध्यक्ष ,जिला आसूचना इकाई मोतिहारी की टीम शामिल रही।

शिरोमणि जैन श्वेतांबर तेरापंथी महासभा के महत्वपूर्ण आयामों की हुई चर्चा

फारबिसगंज/अररिया। फारबिसगंज के तेरापंथ भवन में आज संस्था के शिरोमणि जैन श्वेतांबर तेरापंथी महासभा के बिहार प्रभारी व आंचलिक प्रभारी राजेश पटावरी के साथ स्थानीय सभा के पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई। तेरापंथ धर्म संघ में महासभा संस्था शिरोमणि होती है। वह सभी संस्था से ऊपर होती है। उसी के निर्देश में सारी संस्थाएं यथोचित गुरु इंगितानुसार कार्य करती है। यह संस्था तेरापंथ धर्मसंघ के आठवें आचार्य श्री कालूगणी के निर्देश में 28 अक्तूबर 1913 में स्थापित की गई। इस संस्था का महत्वपूर्ण कार्य है कि पूरे तेरापंथ समाज की सार संभाल करना। वही, इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए बीते 15 दिसंबर 2024 से लेकर 15 जनवरी 2025 तक भारत वर्ष में फैली हुई जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा की विभिन्न शाखाओं की सार संभल संगठन यात्रा के दौरान की जायेगी।

पेज एक का शेष

संसद परिसर में ...

पत्र फान्गनॉन कोन्याक ने लिखा कि अभद्र व्यवहार साथ कांग्रेस नेता ने मेरे मान-सम्मान को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता मेरे करीब आये, मुझे यह पसंद नहीं आया। उन्होंने चिल्लाना शुरू कर दिया। आज जो कुछ भी हुआ, वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए।इससे पहले राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने संसद परिसर में भाजपा सांसदों के साथ राहुल गांधी के आचरण की निंदा की। केंद्रीय मंत्री नड्डा और किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर संसद के प्रवेश द्वार पर महिला भाजपा सांसदों के खिलाफ बल प्रयोग करने का आरोप लगाया। भाजपा ने उनसे माफी की मांग की।

राहुल ने धक्का दिया, मैं गिर पड़ा : सारंगी : भाजपा सांसद प्रताप सारंगी ने बताया, मैं सीढ़ियों पर खड़ा था। तभी राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया और वह मेरे ऊपर गिर गये। जिससे मैं गिर गया और मुझे चोट लग गयी। इस पूरे मामले पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का कहना है कि कैमरे में सब कैद होगा। मैं सदन में जाने की कोशिश कर रहा था। इस बीच, भाजपा के सांसदों ने मुझे धकेला और धमकाया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी धक्का लगा। हम संसद के अंदर जा रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि संसद में जाना मेरा अधिकार है। मुझे कोई रोक नहीं सकता है। भाजपा के सांसद मुझे मुझे प्रवेश द्वार पर रोकने की कोशिश कर रहे थे। इस बीच, प्रियंका गांधी से भी सवाल किया गया कि क्या आपके साथ भी धक्का-मुक्की हुई है, तो उन्होंने इस पर किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया देने से साफ इनकार कर दिया। **राहुल गांधी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट :** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, बांसुरी स्वराज, हेमांग जोशी ने राहुल गांधी के खिलाफ संसद मार्ग थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दर्ज करायी। रिपोर्ट में कहा गया है कि कांग्रेस नेता राहुल ने भाजपा सांसदों को धक्का मार कर घायल कर दिया साथ ही महिला संसद से दुर्व्यवहार किए भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज संसद मार्ग थाने में राहुल गांधी के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 109 में शिकायत दर्ज करायी।

कांग्रेस ने भी शिकायत दर्ज करायी : वहीं, कांग्रेस सांसदों का प्रतिनिधिमंडल भी भाजपा के खिलाफ संसद मार्ग पुलिस थाने शिकायत दर्ज करायी है। इनमें कांग्रेस की महिला सांसद भी शामिल थीं। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि झूठे आरोप लगाना भाजपा के चरित्र में है। भाजपा ने बाबासाहेब अंबेडकर के बारे में जो कहा है, उस पर पर्दा डालने के लिए यह 'नाटक' और 'नौटंकी' की है। उन्होंने कहा कि यह सब भाजपा सांसदों के राहुल गांधी का रास्ता रोकने के कारण हुआ।

लोकसभा स्पीकर को लिखा पत्र : कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने राज्यसभा सांसद फंगनोन कोन्याक द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ लगाये गये आरोप पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि कोन्याक के आरोप पूरी तरह से मनगढ़ंत और बिना किसी तथ्य के हैं। यह विपक्ष के नेता की ईमानदारी को कम करने का एक दुर्भावनापूर्ण प्रयास है।

घाटी में हिजबुल ...

वर्ष 2020 में श्रीनगर में हुई मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन के ऑपरेशनल कमांडर सैफुल्लाह की मौत के बाद नाली ने समूह की कमान संभाली थी। जानकारी के अनुसार, कुलगाम और शोपियां जिलों की सीमा से सटे बिहिबाग-कादर में आतंकियों के एक समूह की होने की खबर मिली। इसी सूचना के आधार पर सेना और जेके पुलिस ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। सेना के जवानों को देख आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में सैनिकों ने प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की और सभी आतंकियों को मार गिराया। सैन्य सूत्रों के अनुसार इस साल अबतक सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 45 आतंक्कियों को मार गिराया है।

सफलता के लिए अच्छे स्वास्थ्य की आवश्यकता : नीरज

बीएनटी संत मैरी - डीपीएस ने अपने अपने मैच जीते

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 23वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में बीएनटी संत मैरी की टीम ने जिला शिक्षा निकेतन को 84 रनों तथा डीपीएस जूनियर की टीम ने डीएवी मॉडल को 104 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच से पूर्व डीएसपी नीरज कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और सिक्का उछाल कर मैच प्रारंभ किया। मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों का संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। हर क्षेत्र में सफलता के लिए अच्छे स्वास्थ्य की आवश्यकता होती है। स्वस्थ वही रहेगा जो प्रतिदिन खेलकूद के साथ-साथ योग करेगा। पहले मैच में बीएनटी संत मैरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में तीन विकेट खोकर 160 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी जिला शिक्षा निकेतन की टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 76 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीएनटी संत मैरी के नक्की को दिया गया। दूसरे मैच मे डीएवी मॉडल स्कूल ने टॉस जीतकर प्रतियोगिता में पहली बार खेल रहे डीपीएस जूनियर को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीपीएस जूनियर ने निर्धारित ओवर में छह विकेट पर 176 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जबाबी पारी खेलने उतरी डीएवी मॉडल की टीम ने निर्धारित ओवर में 9 विकेट खोकर 72 रन ही नहीं बना पाई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डीपीएस जूनियर के आर्यन को दिया गया। मौके पर उपाध्यक्ष दीपक, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय, अजित सिन्हा, आकाश कुमार, धीरज, रोहित प्रजापति, आनंद श्रीवास्तव, प्रवीण मिश्रा, रोहित प्रजापति आदि उपस्थित थे। अंपायर की भूमिका, आकाश, आलोक कुमार विशाल कुमार और स्कोरर की भूमिका मंजय पाल ने निभाई।

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डीएसपी नीरज कुमार

जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया कानूनी जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम

कार्यक्रम में पीएलवी व छात्राएं

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। नालसा एवं झालसा का निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में गुरुवार को जिले के मेराल स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय अकलवानी में कानूनी जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह, बाल मजदूरी, नशाखोरी के विरुद्ध नारे लगाए गए। साथ ही पीएलवी ने बच्चों को कानून संबंधित जानकारी दी। मौके पर पीएलवी उमाशंकर द्विवेदी, पीएलवी संगीता सिन्हा, पीएलवी रामाशंकर चौबे, बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं सहित शिक्षिकाएं भी उपस्थित थी।

मनरेगा कर्मियों के साथ बीडीओ ने किया समीक्षा बैठक

बैठक करते बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

कांडी। प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने मनरेगा कर्मी, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया व कनीय अभियंता के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में वीर शहिद पोटो खेल मैदान का समतलीकरण, गोल पोस्ट, चेंजिंग रूम व शौचालय का निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जिस योजना का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तत्काल प्रारंभ कर एक सप्ताह के भीतर कार्य को पूर्ण करें। लापरवाही बरते जाने पर सम्बन्धित लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। प्रखण्ड अंतर्गत कुल नौ खेल मैदान को विकसित करने की योजना है।

मालूम हो कि इस तरह के छह खेल मैदान का समतलीकरण का कार्य लगभग 2 वर्ष पूर्व शुरू किया गया था। लेकिन आज तक उसे पूरा नहीं किया गया। मौके पर जेई योगेंद्र यादव, देव कुमार सिंह, यशवंत कुमार, रोजगार सेवक मनोज राम, छोटन बैठा, रविंद्र राम, भिखारी राम, शिव शंकर राम, राजेश शुक्ला, सत्येंद्र पासवान, मोहम्मद असलम खान के अलावे अन्य कई लोग मौजूद थे।

डीडीएम ने किया धान बिक्री केंद्र का उद्घाटन

धान क्रय तथा धान अधिप्राप्ति केंद्र खुला

मंचासीन डीडीएम व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

मझिआंव। नगर पंचायत क्षेत्र के खजुरी गांव में एफपीओ केंद्र पर गुरुवार को किसानों के धान खरीद के लिए डीडीएम दीपक पासवान एवं जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर धान बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया। मौके पर डीडीएम ने सभी किसानों को कहा कि बिचौलियों के द्वारा औने- पौने दाम में धान को बेच दिया जाता है, जिससे उनकी मेहनत की गाढ़ी कमाई में मुनाफा नहीं मिल पाता है।

इसके लिए सरकार के द्वारा एफपीओ के माध्यम से किसानों से धान प्रति क्विंटल 2300 रुपए की दर से खरीदा जाएगा तथा प्रत्येक किवंटल पर 100 रुपए बोनस दिये जाने का प्रावधान है। यानी किसानों को कुल 2400 रुपए प्रति क्विंटल का दाम मिलेगा। जिन किसानों का ई- पोर्टल में रजिस्टर्ड हो चुका है वह सभी अपने-अपने धान को इस केंद्र में लाकर बिक्री कर सकते हैं और जिन किसानों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका है, वो ई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा कर अपने-अपने धान को बिक्री कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने सभी किसानों को इस संस्था से अधिक से अधिक किसान को जुड़ने की बात कही, जिससे कृषि से संबंधित जानकारी एवं लाभ मिल सके। कहा कि जिला के किसानों के हित में 8 एफपीओ केंद्र खोलने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इधर किसानों ने कहा कि पैक्स या एफपीओ केंद्र में किसानों द्वारा धान बिक्री करने पर उन्हें पैसा जल्द नहीं मिलता है और कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। इसी पचड़ा से बचने के लिए मजबूरी में धान को निजी व्यापारियों से औने-पौने दाम में बिक्री कर देते हैं। इस सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि अब 10 दिनों के अंदर किसानों को धान का पैसा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। अब वैसा समस्या नहीं होगी।

प्रखंड बीटीएम दयानंद पांडे ने कहा कि सरकार द्वारा एफपीओ के माध्यम से ही धान खरीद करवा रही है इसमें किसानों को कोई दिक्कत नहीं है। जल्द से जल्द भुक्तान भी होगा। फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एफ पी ओ) के अध्यक्ष सह संचालक आनंद कुमार ने कहा कि इस केंद्र पर नगर पंचायत क्षेत्र, मोरबे, खरसोता एवं तलसबरिया पंचायत क्षेत्र का धान खरीद किया जाएगा। मौके पर जिपस धर्मेंद्र कुमार सिंह, नगर पंचायत निवर्तमान वार्ड पार्षद, बीटीएम दयानंद पांडेय, एफपीओ संचालक आनंद कुमार मेहता, किसान देवधारी महतो, देवनाथ साव,श्रवण विश्वकर्मा, मुन्ना राम,प्रशांत पांडेय, चतुर्गुण कुशवाहा, संजय पाल, नागेंद्र पाल, राम अवतार पाल सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

उद्घाटन करते बीडीओ

भवनाथपुर। भवनाथपुर प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को सिंदुरिया पैक्स का धान क्रय केंद्र तथा मकरी पैक्स का धान अधिप्राप्ति केंद्र मकरी पंचायत में खोला गया।

इसका उद्घाटन बीडीओ नंदजी राम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव एवं झामुमो नेता ब्रजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति केंद्र खोलने का मकसद किसानों को बिचौलियों से मुक्ति दिलाना है। किसान अपने धान सरकार की ओर से निर्धारित समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विंटल तथा एक सौ रुपए प्रति क्विंटल बोनस के साथ ही कुल 2400 रुपए के दर से बेच सकते हैं। इससे जहां किसानों को फायदा होगा, वहीं बिचौलियों से किसान को मुक्ति मिलेगी। वहीं पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा व देवेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि किसान सिंदुरिया और मकरी पैक्स में धान बेचने के लिए अपना मैसेज मिलने के बाद लाएं, उन्हें धान बेचने में किसी प्रकार की कोई तकलीफ नहीं होगी और पैक्स का कार्यालय निर्धारित समयानुसार खुला रहेगा। मौके पर किसान मित्र सुनील राउत, जयगोपाल प्रसाद यादव, पैक्स ऑपरेटर विमलेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सकीबुल को मिला विजय हजारे क्रिकेट टूनार्मेंट में बिहार टीम की कप्तानी

पूर्वी चंपारण। बीसीसीआई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता विजय हजारे क्रिकेट टूनार्मेंट (50 ओवर) के लिए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने बिहार टीम की घोषणा कर दिया हैं। सकीबुल गनी को एक बार फिर बिहार टीम का कप्तान नियुक्त किया गया हैं। उल्लेखनीय है,कि हाल ही में सम्पन्न मुश्ताक अली टी-20 टूनार्मेंट में भी बिहार की कमान सकीबुल गनी के हाथ में ही थी।

स्पीड न्यूज

पूजा हेगड़े ने थलपति 69 का शेड्यूल शुरू किया

मुंबई । पैन-इंडिया स्टार पूजा हेगड़े ने चेन्नई में अपनी आने वाली फिल्म थलपति 69 का एक और शेड्यूल शुरू कर दिया है। पूजा हेगड़े आने वाले साल में बहुत ही शानदार प्रदर्शन करने वाली हैं, क्योंकि उनके पास कई प्रोजेक्ट हैं जो उन्हें इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली अभिनेत्रियों में से एक बनाते हैं। अपनी सहज बहुमुखी प्रतिभा और ऑन-स्क्रीन मौजूदगी के लिए जानी जाने वाली पूजा हेगड़े व्यस्त शेड्यूल को संभाल रही हैं, शूटिंग शेड्यूल को संतुलित कर रही हैं और प्रमुख रिलीज के लिए तैयार हो रही हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा देवा, जिसमें शाहिद कपूर भी हैं, 31 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है।

सपा सांसद बर्क के पिता पर प्राथमिकी

लखनऊ। संभल से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलूक उर्रहमान बर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। इस एफआईआर में सांसद के पिता पर आरोप है कि बिजली विभाग की टीम उनके घर पर जब जांच करने पहुंची तो उन्होंने टीम को धमकाया। इसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

खैबर पख्तूनख्वा में 11 आतंकवादी ढेर

रावलपिंडी। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने मुल्क के सबसे ज्यादा अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन अलग-अलग अभियानों में 11 ख्वारिज (आतंकवादी) को मार गिराया। एआरवाई न्यूज ने अपनी खबर में पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के हवाले से यह जानकारी दी।

प्रसिद्ध लोक कलाकार मोगिलय्या का निधन

वारंगल। तेलंगाना के प्रसिद्ध लोक कलाकार मोगिलय्या का गुरुवार को वारंगल में निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। बालागाम फिल्म में बेहतरीन अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने वाले मोगिलय्या पिछले कुछ समय से किडनी खराब होने और अन्य स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं से जूझ रहे थे तथा उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था।

हंगामे की भेंट चढ़ी दोनों सदनों की कार्यवाही, नहीं हुआ कोई कामकाज

शाह की अंबेडकर पर टिप्पणी और भाजपा सांसद के धक्का-मुकी लेकर लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद की कार्यवाही गुरुवार को एक बार फिर हंगामे की भेंट चढ़ गई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और गृह मंत्री अमित शाह की अंबेडकर पर टिप्पणी से जुड़े अलग-अलग विवादों को लेकर हंगामे के बीच राज्यसभा और लोकसभा दोनों को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। गुरुवार को उच्च सदन की कार्यवाही दोबारा दोपहर दो बजे शुरू होते ही फिर हंगामे की भेंट चढ़ गई। इस बार हंगामे का मुद्दा बदला हुआ था। संसद में बाबा साहेब को लेकर विरोध प्रदर्शन के बीच लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और भाजपा सांसदों के बीच हुई धक्का-मुक्की की घटना का मुद्दा राज्यसभा में उठाया गया। सभापति ने सचिव को सदन के पटल पर रखे गए उपराष्ट्रपति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर 10 दिसंबर को प्राप्त संचार पर राज्यसभा के उपसभापति द्वारा दिया गया विस्तृत निर्णय रखने को कहा। इसके बाद सदन में सबसे पहले सभापति ने भाजपा के राज्यसभा सांसद फंगनोन कोन्याक को बोलने का मौका दिया। कोन्याक ने सदन में बताया कि

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उनके सम्मान और स्वाभिमान को गहरी ठेस पहुंचाई है। आज जो कुछ भी हुआ वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बारे में सभापति से भी लिखित शिकायत कर अपने साथ हुए दुर्व्यवहार का ब्यौरा दिया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अपनी बात रखते हुए कहा कि राहुल गांधी ने आज भाजपा के दो सांसदों को धक्का दिया, जो अब अस्पताल में भर्ती हैं। राहुल गांधी के व्यवहार के लिए पूरी कांग्रेस को संसद और देश से माफी मांगनी चाहिए। संसद कुश्ती का अखाड़ा नहीं है। यह लोकतंत्र के इतिहास का काला दिन है। राहुल गांधी और कांग्रेस को इस बारे में पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने भाजपा सांसदों के साथ धक्का-मुक्की की घटना की निंदा करते हुए कांग्रेस से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने इस पर निंदा प्रस्ताव पेश करने की बात कही। इस बीच राज्यसभा में लगातार हंगामा होता रहा। सभापति जगदीप धनखड़ ने त्रिची शिवा को प्वांइट ऑफ आर्डर रखने का आग्रह किया। सांसद त्रिची शिवा ने आरोप लगाया कि वे सत्ता पक्ष को बोलने का मौका देते हैं और सदन में विपक्ष को मौका नहीं देते। संसद में भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी को रोकने की कोशिश की। इस पक्ष को कोई नहीं सुन रहा। इस बीच सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी सदस्य अमित शाह से माफी की मांग कर रहे थे, तो सत्ता पक्ष के सदस्य राहुल गांधी से माफी की मांग कर रहे थे। भारी हंगामे के बीच सभापति ने सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह बाबा साहेब आंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी के मुद्दे पर राज्यसभा में जोरदार हंगामा हुआ। हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू की, विपक्षी नेताओं ने गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर चर्चा कराने की मांग की। इस बीच सदस्य घनश्याम तिवाड़ी के जन्मदिन की शुभकामनाओं के साथ संबंधित मंत्रियों ने सदन के पटल पर आवश्यक दस्तावेज रखे। सभापति ने बताया कि उन्हें विपक्ष की तरफ से नियम 267 के तहत चार नोटिस प्राप्त हुए हैं। इनमें तीन नोटिस अमित शाह के बयान पर चर्चा के लिए हैं और एक किसानों की मांग को लेकर है। उन्होंने इन सभी नोटिस को अस्वीकार कर दिया। इस पर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। शोर के बीच सभापति ने कहा कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

धनखड़ के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव नोटिस खारिज

नयी दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस को उपसभापति हरिवंश ने इस आधार पर खारिज कर दिया कि 14 दिन का नोटिस नहीं दिया गया था और धनखड़ का नाम सही ढंग से नहीं लिखा गया था। इसे विपक्ष के लिए बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी द्वारा सदन में पेश किए गए अपने फैसले में उपसभापति ने कहा कि यह अनुचित कार्य है। इसमें गंभीर खामियां हैं और यह उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जल्दबाजी में उठाया गया कदम है। महाभियोग नोटिस देश की संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने और मौजूदा उपराष्ट्रपति को बदनाम करने की साजिश का हिस्सा है।₹ उपसभापति हरिवंश ने कहा कि देश के दूसरे सबसे बड़े

14 दिन का नोटिस नहीं दिया गया था और धनखड़ का नाम सही ढंग से नहीं लिखा गया था : हरिवंश

संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ एक नैरेटिव बनाने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया था। उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति के खिलाफ एक नैरेटिव बनाने के लिए एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई थी। अस्वीकृति के कारणों को बताते हुए हरिवंश ने कहा कि 14 दिन का नोटिस, जो इस तरह के प्रस्ताव को पेश करने के लिए अनिवार्य है, नहीं दिया गया था। उन्होंने कहा कि धनखड़ का नाम भी सही ढंग से नहीं लिखा गया था। हालांकि, एक प्रोटोकॉल जिसका सही ढंग से पालन किया गया था, वह यह था कि पिछले हफ्ते जब प्रस्ताव पेश किया गया था तो उस पर 60 सांसदों के हस्ताक्षर होने चाहिए थे।

अमेरिकी फेड के झटके से शेयर बाजार में हाहाकार

सेंसेक्स 964 अंक लुढ़कर आया 80 हजार के नीचे, निवेशकों के 2.62 लाख करोड़

एजेंसी

मुंबई । अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अगले वर्ष ब्याज दर में केवल दो ही बार कटौती करने के संकेत से निराश विश्व बाजार में भारी गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से गुरुवार शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 964.15 अंक अर्थात 1.20 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब तीन सप्ताह बाद 80 हजार अंक के मनावैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,218.05 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 247.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत की गिरावट लेकर 23,951.70 अंक पर आ गया।

शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 449.98 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 452.60 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 2.62 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.30 प्रतिशत उतरकर 47,379.25 अंक और स्मॉलकैप 0.28 प्रतिशत फिसलकर 56,337.69 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4095 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2315 में बिकवाली जबकि 1680 में लिवाली हुई वहीं 100 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियां लाल जबकि अन्य 14 हरे निशान पर रहीं। विश्लेषकों के अनुसार, फेडरल रिजर्व ने वर्ष 2025 में केवल दो तिमाही में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद जताई है, जो निवेशकें की तीन या चार कटौतियों से कम है। इससे पूरी दुनिया के बाजार में हाहाकार मच गया। साथ ही अमेरिका के 10-वर्षीय नोटों पर यील्ड बुधवार को सात महीने के उच्चतम स्तर 4.524 प्रतिशत पर पहुंच गया। इससे भी बाजार पर दबाव बढ़ा। बीएसई में हेल्थकेयर की 0.89 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 20 समूहों में गिरावट का रुख रहा। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 1153 अंक की भारी गिरावट लेकर 79,029.03 अंक पर खुला और बिकवाली जारी रहने से थोड़ी देर बाद ही 79,020.08 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 79,516.17 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन पुन: बिकवाली होने से अंत में पिछले दिवस के 80,182.20 अंक के मुकाबले 1.20 प्रतिशत का गोता लगाकर 79,218.05 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी 322 अंक लुढ़ककर 23,877.15 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,870.30 अंक के निचले जबकि 24,004.90 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,198.85 अंक की तुलना में 1.02 प्रतिशत कमजोर रहकर 23,951.70 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की 27 कंपनियों ने नुकसान उठाया। इनमें बजाज फिनसर्व 2.50, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.33, एशियन पेंट 2.25, बजाज फाइनेंस 2.25, आईसीआईसीआई बैंक 1.83, रिलायंस 1.79, टीसीएस 1.76, इंफोसिस 1.55, टाटा मोटर्स 1.51, टेक महिंद्रा 1.31, एनटीपीसी 1.26, नेस्ले इंडिया 1.22, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.20, एलटी 1.19, एचसीएल टेक 1.16, एक्सिस बैंक 1.05, कोटक बैंक 1.02, एचडीएफसी बैंक 0.98, आईटीसी 0.91, टाटा स्टील 0.83, एसबीआई 0.74, मारुति 0.46, अडानी पोर्ट्स 0.35, इंडसइंड बैंक 0.19 और भारती एयरटेल 0.15 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, सन फार्मा 1.32, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.11 और पावरग्रिड के शेयर 0.09 प्रतिशत लाभ में रहे।

अमेरिका में शटडाउन की संभावना बढ़ी

वाशिंगटन। फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती का संकेत दिए जाने के बाद बाजार में गिरावट का रुख है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्टॉप गैप खर्च बिल की निंदा करने के बाद सरकारी शटडाउन की संभावना बढ़ गई है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के इस विश्लेषण के अनुसार, पांच साल की अनिश्चितता और उथल-पुथल के बाद ऐसा लगता है कि ट्रंप प्रशासन को अगले साल अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक विश्लेषकों की मंदी की चेतावनी के बाद फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती कर रहा है। हालांकि ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद नीतिगत बदलाव करने की बात कही है। उनकी इस घोषणा का अर्थव्यवस्था पर गहरा और जटिल प्रभाव हो सकता है। ट्रंप ने भारी नए टैरिफ लगाने और संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले लाखों अप्रवासियों को निर्वासित करने का प्रस्ताव दिया है। इसका आर्थिक मोर्चे पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ सकता है।

अंबेडकर पर शाह की टिप्पणी को लेकर संसद के बाहर प्रदर्शन करते राहुल- प्रियंका व अन्य।

राहुल के खिलाफ रची गयी साजिश:प्रियंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राहुल गांधी द्वारा धक्का-मुक्की करने संबंधी भारतीय जनता पार्टी के आरोपों को खारिज करते हुए गुरुवार को दावा किया कि यह सब गृह मत्री अमित शाह की खाल बचाने के लिए रची गई साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सांसदों ने गुंडागर्दी की और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को धक्का मारकर नीचे गिरा दिया। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि राहुल जी आंबेडकर की तस्वीर लेकर और जय भीम के नारे लगाते हुए संसद में जा रहे थे। उन्हें संसद में जाने से किसने रोका? हम कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन किसी को नहीं रोका। उन्होंने दावा किया कि सिर्फ अमित शाह की खाल बचाने के लिए यह साजिश रची गई है कि राहुल ने किसी को धक्का मारा है। मेरी आंखों के सामने खरगे जी को धक्का मारकर जमीन पर गिरा दिया गया। इसके बाद माकपा के एक सांसद को धक्के मारकर उनके ऊपर गिरा दिया गया। प्रियंका गांधी ने भाजपा नेताओं को चुनौती दी कि अगर वे बाबासाहेब आंबेडकर का सम्मान करते हैं तो जय भीम का नारा लगाकर दिखाएं। कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर देश को कोई भ्रम था तो वो अब दूर हो जाना चाहिए कि ये लोग संविधान की रक्षा करेंगे।

खड़गे ने दिया शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

नयी दिल्ली। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर से संबंधित गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर गुरुवार को उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही शुरू करने के लिए नोटिस दिया। खड़गे ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपे नोटिस में आरोप लगाया कि शाह ने 17 दिसंबर को उच्च सदन में संविधान की 75 साल की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा का जवाब देते हुए बाबासाहेब का अपमान किया।

कैलिफोर्निया में बर्ड फ्लू से 34 लोग संक्रमित

गवर्नर ने लगाया आपातकाल

एजेंसी

लॉस एंजिल्स । अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के गवर्नर गेविन न्यूसम ने एवियन इन्फ्लूएंजा ए (एच5एन1) के प्रकोप के मद्देनजर आपातकाल घोषित कर दी है। एच5एन1 को आम बोलचाल में बर्ड फ्लू के नाम से जाना जाता है। इस फ्लू से प्रांत के गोल्डन स्टेट में 34 लोग संक्रमित हो गए हैं। गवर्नर कार्यालय के अनुसार, दक्षिणी कैलिफोर्निया के फार्मों में गायों में बर्ड फ्लू के मामले पाए जाने के बाद बुधवार को यह कार्रवाई की गई। डेयरी की गायों में ये मामले पाए जाने के बाद ₹वायरस के प्रसार को रोकने और कम करने के लिए निगरानी बढ़ाने तथा समन्वित राज्यव्यापी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता महसूस की गई।₹ समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, कार्यालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि आज तक कैलिफोर्निया में बर्ड फ्लू के किसी व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में प्रसार की पुष्टि नहीं हुई है और लगभग सभी संक्रमित व्यक्ति संक्रमित मवेशियों के संपर्क में आए थे। साथ ही, प्रांत ने इस प्रकोप से निपटने के लिए देश में सबसे बड़ी जांच और निगरानी प्रणाली पहले ही स्थापित कर ली है। अमेरिकी रोग नियंत्रण केंद्र (सीडीसी) के आंकड़ों से पता चला है कि बुधवार तक 16 प्रांतों में डेयरी के मवेशियों में एच5एन1 वायरस पाए जाने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि मार्च 2024 में टेक्सास और कंसास में इसकी पहली पुष्टि हुई थी। सीडीसी ने बताया कि इस साल अप्रेल से अबतक इंसानों के बर्ड फ्लू के संक्रमित होने के 61 मामले सामने आ चुके हैं।

असम में आतंकवादी मॉड्यूल का पर्दाफाश

हिंदू नेताओं को निशाना बनाने की साजिश में आठ जिहादी गिरफ्तार

एजेंसी

गुवाहाटी। असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने केरल और पश्चिम बंगाल पुलिस की मदद से आठ जिहादियों (कट्टरपंथियों) को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बांग्लादेशी नागरिक भी है। आरोप है कि यह मॉड्यूल देश में हिंसक हमले और हिन्दू नेताओं को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा था। ऑपरेशन प्रगति के तहत देशभर में जुड़े अन्य मॉड्यूल का पता लगाने के लिए पुलिस पड़ताल कर रही है। गुरुवार को असम पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में असम पुलिस के स्पेशल डीजीपी हरमीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रव्यापी आपरेशन प्रगति तहत केरल और पश्चिम बंगाल की पुलिस की मदद से आतंकी माड्यूल का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस ने संयुक्त अभियान में आठ जिहादियों को गिरफ्तार किया

है। इन जिहादियों की पहचान अब्दुल करीम, मु. अब्बास अली, एनामुल हक, हमिदुल इस्लाम, मिनरूल एसके, शुरू इस्लाम मंडल, मु. साद रंदी उर्फ शाब शेख, मजिबर रहमान के रूप में की गई है। इनके पास से दौरान बांग्लादेशी दस्तावेज, कट्टरपंथी साहित्य और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मोहम्मद साद रादी उर्फ शब शेख (32), जो राजशाही, बांग्लादेश का निवासी है, नवंबर में भारत आया था। यह आरोपित असम और बंगाल में स्लीपर सेल्स बनाने और जिहादी विचारधारा फैलाने में लगे थे। उन्होंने बताया कि इन जिहादियों ने इलाकें में कई बैठकें कर हिंदू संगठनों और प्रमुख धार्मिक नेताओं पर हमले की योजना बनाई थी। इसका उद्देश्य इलाके में साम्प्रदायिक तनाव फैलाना था। गिरफ्तार नूर इस्लाम मंडल पहले भी एक मामले में गिरफ्तार हुआ था और जमानत पर बाहर था। वह अन्य आरोपितों के साथ मिलकर युवाओं को आतंकी संगठनों से जोड़ने का प्रयास कर रहा था। असम पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इस जांच की निगरानी कर रहे हैं।

सांप्रदायिक साजिश रचने वाले दो युवक इंदौर से गिरफ्तार

इंदौर। इंदौर में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के रिक्रूटमेंट मॉड्यूल का खुलासा हुआ है। पुलिस ने देश में माहौल बिगाड़ने की साजिश में शामिल दो युवक को गिरफ्तार किया है। इन पर कश्मीर सहित देश के अन्य हिस्सों में सांप्रदायिक उपद्रव फैलाने के षड्यंत्र रचने का आरोप है। इनके मोबाइल में ऐसे वीडियो मिले हैं, जिसमें संवेदनशील क्षेत्रों में सांप्रदायिक उन्माद फैलाकर माहौल बिगाड़ने की योजना बनाई जा रही थी। कुछ वीडियो युवकों ने अपने सोशल मीडिया पर विभिन्न अकाउंट के माध्यम से साझा भी किए थे। सुरक्षा एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद स्थानीय क्राइम ब्रांच ने इन्हें गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों के नाम अयान, जुनैद और कासिम बताए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारी दोनों युवकों और नाबालिग से पूछताछ कर रहे हैं।